माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 23 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 29, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





जलवायु परिवर्तन : नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह 16

फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका 15







## फतवे को लेकर दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

- राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सहारनपुर के डीएम-एसएसपी को लिखे पत्र में दिए निर्देश
- दारुल उलूम ने गजवा-ए-हिंद को लेकर जारी किया था विवादित फतवा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर कथित आपत्तिजनक सामग्री पाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सहारनपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को लिखे एक पत्र में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने देवबंद की वेबसाइट पर प्रकाशित एक फतवे के संबंध में आयोग की आपत्ति के बारें में बताया। आयोग ने कहा कि विवादित फतवे में ''गजवा-ए-हिंद'' की बात कही गई है जो कथित तौर पर भारत पर आक्रमण के संदर्भ में शहादत का महिमामंडन करता है। कानूनगो ने पत्र में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 75 के कथित उल्लंघन पर जोर देते हुए कहा कि यह फतवा बच्चों को अपने ही देश के खिलाफ नफरत की भावना को उजागर कर रहा है और अंततः उन्हें अनावश्यक मानसिक या शारीरिक पीड़ा पहुंचा रहा है। एनसीपीसीआर ने सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13(1) का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी सामग्री से राष्ट्र के खिलाफ नफरत भड़क सकती है। एनसीपीसीआर ने भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। आयोग ने तीन दिन में कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का अनुरोध किया है।

## आज काला दिवस मनाएंगे किसान, निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

- खनौरी में किसान की मौत मामले में हत्या की एफआईआर दर्ज करने की मांग
- केंद्रीय मंत्रियों के फूंकेंगे पुतले 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत को लेकर गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और कहा कि इस घटना के विरोध में शुक्रवार को काला दिवस मनाने के साथ ही ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा।

हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच बुधवार को हुई झड़प में किसान शुभकरण सिंह (21) की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने दिल्ली कूच की कोशिश कर रहे किसानों को पंजाब के संगरूर जिले में खनौरी सीमा बिंदु पर रोक रखा है। पंजाब के किसान अपनी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए केंद्र से कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। एसकेएम 'दिल्ली चलो' मार्च का हिस्सा नहीं है लेकिन वह इसका समर्थन कर रहा है। उसने केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 में किसान आंदोलन की अगुवाई थी। यहां एक बैठक के बाद एसकेएम ने कहा कि किसान 26 फरवरी को राजमार्गों पर ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे और 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत करेंगे। कहा कि किसान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंकेंगे। एसकेएम नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने संवाददाताओं से कहा कि खनौरी सीमा पर एक किसान की मौत के सिलसिले में हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए तथा उसके परिवार को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जानी चाहिए। बठिंडा जिले के शुभकरण सिंह की संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में पुलिस के साथ कथित झड़प में मौत हो गई थी। इसमें 12 पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने भी प्रदर्शनकारी किसान की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की।

### आज बैठक कर तय करेंगे अगली रणनीति

यह घटना तब घटी जब किसान अवरोधकों की ओर तेजी से बढ़े और सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प हो गई। हरियाणा प्रशासन ने किसानों के मार्च को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कई स्तरीय अवरोधक लगाए हैं। एसकेएम ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर स्थिति की चर्चा करने के लिए गुरुवार को यहां एक बैठक की। किसान शुक्रवार शाम को अपना अगला कार्यक्रम तय करेंगे।

## एक नजर

### सीयूईटी-यूजी में खत्म की जा सकती है अंक सामान्यीकरण व्यवस्था

**नई दिल्ली।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी)-यूजी में अंकों के सामान्यीकरण की व्यवस्था को इस वर्ष से समाप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) इस अहम परीक्षा में बदलाव करने की योजना बना रही है। शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दरअसल प्रत्येक परीक्षा सत्र में उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र के अलग-अलग सेट दिए जाते हैं। प्रश्न पत्रों को समान स्तर का बनाने का पूरा प्रयास रहता है, लेकिन संभव है कि किसी पाली में उम्मीदवारों को कुछ कम कठिन प्रश्न मिलें, किसी पाली में कुछ कठिन प्रश्न मिलें। इसके कारण यह भी संभव है कि ऐसे उम्मीदवार अन्य उम्मीदवारों की तुलना में अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त करें। इसे दूर करने को प्रतिशत स्कोर के आधार पर अंकों की सामान्यीकरण व्यवस्था की जाती है।

### अभ्यर्थियों से मांगे पेपर लीक के प्रमाण

**लखनऊ, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड के अपर सचिव भर्ती द्वारा गुरुवार को जारी सूचना के मुताबिक बीते 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में हुई लिखित परीक्षा के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अखबारों में कुछ प्रश्न पत्रों के संबंध में सूचनाएं वायरल होने की खबरें प्रकाशित हुई थी। इस बारे में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

# सीबीआई का पूर्व राज्यपाल मलिक के परिसरों पर छापा

### दिल्ली-मुंबई के अलावा जम्मू-कश्मीर, पंजाब हरियाणा, उप्र, बिहार और राजस्थान में जांच

### केंद्रीय जांच एजेंसी की 100 अधिकारियों की टीम एक साथ सत्यपाल मलिक के 30 ठिकानों पर पहुंची

- दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका, एशियन गेम्स विलेज के साथ गुरुग्राम, बागपत पहुंची टीम

किरू पनबिजली भ्रष्टाचार मामला



नई दिल्ली के सोम विहार अपार्टमेंट में सीबीआई ने मलिक के परिसरों की तलाशी ली।

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2,200-करोड़ रुपये की लागत वाली किरू पनबिजली परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों और 29 अन्य स्थानों पर गुरुवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली और मुंबई के अलावा जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में 30 स्थानों पर सुबह छापे मारे, जिसमें लगभग 100 अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका और एशियन गेम्स विलेज के अलावा गुरुग्राम और बागपत में मलिक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे गए।

अधिकारियों ने कहा कि मलिक के कथित सहयोगियों, चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अधिकारियों के परिसर पर छापे मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला 2,200 करोड़ रुपये के किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के कार्य आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। मलिक 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। इनमें से एक फाइल परियोजना से संबंधित थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व में कहा कि 2019 में किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के लगभग 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों का ठेका एक निजी कंपनी को देने में भ्रष्टाचार के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। सीबीआई ने चौधरी के अलावा चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड के पूर्व अधिकारियों एमएस बाबू, एम के मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच के सिलसिले में सीबीआई ने जनवरी में पांच लोगों के आवास पर छापा मारा था।

### मैं किसान का बेटा, इन छापों से डरने वाला नहीं



मलिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पिछले तीन-चार दिन से बीमार हूं और अस्पताल में भर्ती हूं। इसके बावजूद सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तानाशाह मेरे आवास पर छापे मार रहे हैं। मेरे ड्राइवर और मेरे सहायक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं, इन छापों से नहीं डरूंगा। मैं किसानों के साथ हूं।

संदेशखालि मामला

## पश्चिम बंगाल सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में कुछ तत्वों द्वारा महिलाओं के साथ कथित दुष्कर्म की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए गुरुवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका और डीजीपी राजीव कुमार को संदेशखालि की घटनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट और कृत्य कार्रवाई के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## ईडी ने केजरीवाल को नया समन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उनसे पूछताछ के लिए 26 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियिम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी करते हुए केजरीवाल की इस दलील को खारिज कर दिया कि उनकी पेशी के लिए नया नोटिस देना गलत है।

## राम मंदिर निर्माण के बाद भी नफरत की राह पर कांग्रेस

- प्रधानमंत्री ने कहा-कांग्रेस ने धर्मस्थलों को बनाया विवाद का कारण
- गुजरात के मेहसाणा में वालीनाथ महादेव मंदिर का किया लोकार्पण

मेहसाणा (गुजरात), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे (उसके नेता) अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने के बाद भी नकरात्मकता में जी रहे हैं और नफरत का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री गुजरात के मेहसाणा जिले में वालीनाथ महादेव मंदिर का उद्घाटन करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 8,350 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और उनका शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में लंबे वक्त तक कांग्रेस ने विकास और विरासत के बीच टकराव और शत्रुता पैदा की। उन्होंने कहा कि अगर किसी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाए तो वह कांग्रेस है जिसने दशकों तक देश पर राज किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सोमनाथ (मंदिर) जैसे पावन स्थल को भी विवाद का कारण बनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ मंदिर में धर्मध्वजा फहराने की इच्छा तक नहीं दिखायी और दशकों तक मोढ़ेरा के सूर्य मंदिर को भी वोटबैंक की राजनीति से जोड़कर देखा। मोदी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए और उनके मंदिर के निर्माण को लेकर रोड़े अटकाए।

### विरासत को संरक्षित और विकसित करने का प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर गुजरात भाजपा सरकार के प्रयास की बदौलत उस स्थिति से उबर चुका है जब 20-25 साल पहले पानी की कमी के कारण सीमित अवसर थे। इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री वालीनाथ धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल हुए। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का प्रयास भारत की विरासत को विश्व विरासत के रूप में संरक्षित और विकसित करने का रहा है। गुजरात में भी प्राचीन सभ्यता के कई प्रतीक मौजूद हैं।

## प्रतापगढ़ में पिता की कार के नीचे आया दो वर्षीय बेटा, मौत

हादसा

- पत्नी को कार से छोड़ने उसके विद्यालय गया था शिक्षक पति

कुण्डा प्रतापगढ़



**अमृत विचार :** पिता की कार के नीचे आ जाने से दो वर्षीय पुत्र की दर्दनाक मौत का मामला सामने आया है। कार चालक शिक्षिका पत्नी को छोड़ने उसके स्कूल गए थे। जानकारी के अनुसार लालगंज अझारा कस्बा निवासी सुशील बहादुर सिंह शिक्षक है। पत्नी आंचल सिंह भी चकपुरवा हिंनाहू प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है। शिक्षक दंपति आलापुर में किराए का मकान लेकर रहते है। गुरुवार को सुशील कार से अपनी पत्नी को छोड़ने के लिए बेटे कृष्णा के साथ चकपुरवा पुरवा प्राथमिक विद्यालय गए हुए थे। वहां पर वह आंचल व कृष्णा को कार से उतारकर गाड़ी बैक करने लगे। इसी बीच कृष्णा कार के नीचे आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख शिक्षक दम्पत्ति चीखने लगे। आसपास के लोगों की मदद से दम्पत्ति घायल बेटे को इलाज के लिए निजी अस्पताल ऊंचाहार ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही दम्पत्ति फूट-फूट कर रोने लगे। दंपति बेटे का शव लेकर उसके ननिहाल ऊंचाहार शमशेरगंज डोमीपुर चले गए।

दिल दहला देने वाली घटना से हर कोई हतप्रभ है। बीएसए भूपेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, जिला मंत्री विनय कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी समेत शिक्षकों ने संवेदना व्यक्त करते हुए दंपती को ढांढस बंधाया।

## गुलमर्ग में हिमस्खलन के चलते एक रूसी स्कीयर की मौत

- 6 स्कीयर और एक स्थानीय गाइड को बचाया गया

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में गुरुवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई, जबकि एक स्थानीय गाइड सहित छह लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन ने अपराह्न करीब दो बजे गुलमर्ग के कोंगदूरी ढलान को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें कई स्कीयर दब गए। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने बर्फ के अंदर दबे छह रूसी स्कीयर और गाइड को बाहर निकाल लिया है। एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गुलमर्ग के इस ऊंचाई वाले इलाके को आर्मी रिज कहा जाता है। उन्होंने बताया कि बचाव टीम की तमाम कोशिशों के बावजूद एक रूसी स्कीयर की हिमस्खलन के कारण दर्दनाक मौत हो गई। प्रवक्ता के मुताबिक, इस घटना की वजह से चौथा खेलो इंडिया शीतकालीन खेल प्रभावित नहीं हुआ है। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला स्वयं बुधवार को गुलमर्ग में स्कीइंग कर रहे थे। उन्होंने सभी स्कीयर की सलामती की प्रार्थना की है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार गुलमर्ग में बर्फबारी अभी फिलहाल जारी रहेगी।

## मास्टर माइंड महिला समेत आठ गिरफ्तार

### ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर की जा रही थी ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी एसटीएफ ने इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस में ऑनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह की मास्टर माइंड महिला समेत आठ लोगों को सी-4 सेक्टर 63 नोएडा से गिरफ्तार किया है।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया मास्टर माइंड छाया सिंह वर्ष-2020 से शकर शर्मा के ऑफिस में बैकेंड का काम देखती थी। यहीं पर उसकी मुलाकात ठगों से हुई। यह लोन लेने के इच्छुक लोगों को इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस धनी एप के माध्यम से ऑनलाइन लोन का झांसा देकर फर्जी दस्तावेज भेजकर कर फर्जी बैक खातों में रुपये मंगाकर ठगी करते थे। अगस्त-2023 में उल्लास कुमार गोस्वामी की फर्जी आईडी बनाकर सी-4 सेक्टर 63 नोयडा के मालिक से रेंट एग्रीमेंट बनवा खुद का आफिस खोल ठगी करने लगे। साफ्ट वेयर इंजीनियर रजत जस्ट डायल व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म से डाटा हासिल कर आरोपियों को देता था। प्री-एक्टीवेटेड सिम लव व गणेश से लिया जाता है। जब कस्टमर पेमेंट करता तो यह लोग व्हाट्सएप से इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस का अप्रूवल लेटर भेज बताते कि आपको ईसीएस के लिए लोन के अनुसार रुपये भेजने पड़ेंगे। कस्टमर पेमेंट करता तो उसको व्हाट्सएप से अमाउंट रिसीव लेटर भेज दिया जाता है। गिरोह की मास्टरमाइंड छाया, प्रिया, आंचल, सुलेखा, अंकित, सोनू उर्फ विजेन्द्र प्रताप सिंह, अर्चना और शिवानी को गिरफ्तार किया गया है।

### तीन सौ लोगों से करोड़ों ठगे

आरोपियों ने छह महीनों में बीस फर्जी किराये के बैक खातों व बीस यूपीआई एकाउंट का प्रयोग कर तीन सौ से अधिक लोगों से करोड़ों की ठगी की है। गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा कार्रवाई की जा रही। बरामद इलेक्ट्रानिक उपकरणों व फर्जी दस्तावेजों का फारेंसिक परीक्षण कराया जायेगा।




## एक नजर

### सपा राज्य कार्यकारिणी में सदस्य नामित

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी उप्र. की राज्य कार्यकारिणी में राशिद अली, महेन्द्र यादव, अफ्सार सिद्दीकी ( बब्बू), संजय कुमार मौर्य, प्रदीप सिंह 'बब्बू, छोटे लाल यादव प्रदेश सचिव नामित किए गए हैं। इनके अतिरिक्त इजहार अहमद अमेठी को राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य और मोहम्मद एरम रब्बानी प्रयागराज को राज्य कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। पार्टी की तरफ से गुरुवार को यह जानकारी साझा की गई है।

### 10 जिलों में अमृत सरोवर की शुरुआत तक नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमृत सरोवर सरकार की प्राथमिकता में लेकिन, गांवों में तैयार नहीं हो पाए हैं। 10 जिले ऐसे हैं जहां सर्वाधिक अमृत सरोवर का निर्माण शुरू तक नहीं हुआ है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने अनारंभ अमृत सरोवर की वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा की। इस दौरान बरेली, पीलीभीत सिद्धार्थ नगर, बहराइच, गोंडा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, प्रयागराज, बिजनौर व गाजीपुर में अधिक संख्या में अमृत सरोवरों का काम शुरू तक न होना पाया। इसके साथ ही पाया गया कि 859 पूर्ण अमृत सरोवरों का अधिकारियों ने निरीक्षण तक नहीं किया। इसमें सिद्धार्थनगर, आगरा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बलिया, सीतापुर, अंबेडकर नगर बागपत, गौतमबुद्ध नगर व चंदौली में निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

# योगी डायनमिक मुख्यमंत्री हर जिला उनके लिए हेडक्वार्टर

## पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की सराहना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यशैली की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने यहां योगी के लिए डायनमिक शब्द का कई बार जिक्र किया।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने योगी के लिए खुद द्वारा कहे गए डायनमिक शब्द को समझाया भी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी, साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। एक साल में 52 सप्ताह और 75 जिले में कम से कम एक बार जाने वाले वह चीफ मिनिस्टर हैं।



आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

▸▸ गोरखपुर में आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल हुईं वित्त मंत्री

निर्मला सीतारमण के मुताबिक, योगी इंजन की तरह प्रदेशभर में घूमकर काम रहते हैं और हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है। उनसे लखनऊ में अपॉइंटमेंट मांगना ठीक नहीं है। उस दिन, उस सप्ताह कहां होंगे, उधर जाना ही बेहतर होगा। प्रथम बार गोरखपुर आगमन को लेकर सीतारमण ने कहा, ''फर्स्ट इंप्रेशन इज बेस्ट इंप्रेशन और मुझे गोरखपुर इतना सुंदर लगा जितना सोचा भी नहीं था।

### 2.48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड

वित्त मंत्री ने आयकर विभाग की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16 .77 प्रतिशत बढ़ा है। साथ ही बीते साल अप्रैल से इस 10 जनवरी तक 2 .48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड भी किया गया है। साठ– सत्तर के दशक से वर्ष 2009 तक पुराने टैक्स क्लेम के मामलों में 25 हजार रुपये की धनराशि पर राहत प्रदान की गई है। फेसलेस सिस्टम के चलते शिकायतों में 60 प्रतिशत कमी आई है।

# 5 नकलची पकड़े, 7 छद्म परीक्षार्थियों व एक केंद्र व्यवस्थापक पर प्राथमिकी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 8,265 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शुरू हुईं यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

**अमृत विचार:** उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को उप्र. में निर्धारित कुल 8265 परीक्षा केंद्रों पर वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरु हुईं।

इस दौरान हाईस्कूल की परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये 05 परीक्षार्थी पकड़े गये जिसमें 04 बालक एवं 01 बालिका परीक्षार्थी है। प्रथम पाली की परीक्षा में पकड़े गए कुल 07 छद्म परीक्षार्थियों के विरुद्ध जबकि, 01 केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मंडलों, जिलों से प्राप्त सूचना के अनुसार परीक्षा के दौरान किसी भी जिले में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। साथ ही जेल में निरूद्ध बंदी परीक्षार्थियों के लिए स्थापित 08 जेल केंद्रों में भी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। नकलविहीन परीक्षाओं के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की तरफ से सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही नकल माफिया पर प्रतिबंध लगाने के लिए इस बार एसटीएफ की कई टोमें भी लगाई गई हैं।

### ऑनलाइन मॉनीटरिंग की गई

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने बताया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम एवं परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन सघन मॉनीटरिंग इस साल पहली बार माध्यमिक शिक्षा परिषद, मुख्यालय प्रयागराज एवं परिषद के सभी पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों में कमांड एण्ड कन्ट्रोल रूम स्थापित करके कराई गई। इस वर्ष प्रथम बार लखनऊ में विद्या समीक्षा केंद्र भवन में भी कमांड एंड कन्ट्रोल रूम स्थापित कर परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग कराई गई।

### 3,33,541 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी एवं इण्टरमीडिएट की सैन्य विज्ञान तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य एवं इण्टरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत रहे 29 .43,786 परीक्षार्थियों में से 2,03,299 परीक्षार्थी और द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत रहे 24,67,715 परीक्षार्थियों में से 1,30,242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनो पालियों की परीक्षा में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में मऊ को मिला 1084.50 करोड़ रुपये का निवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 में मऊ जिले को 1084 .50 करोड़ रुपये का निवेश मिला है। इससे जिले का विकास हो सकेगा।शासन के अधिकारियों ने बताया कि मऊ में निवेश से विभिन्न क्षेत्रों में 52 प्रोजेक्ट स्थापित होंगे। इस बीच, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से औद्योगिक क्षेत्र के रूप में पहचान बनेगी। मऊवासियों को रोजगार तलाशने के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने जिले में ही भरपूर रोजगार और काम मिलेगा।

## सार-संक्षेप

### देश को हिन्दू-मुसलमान में बांट रही आरएसएस व भाजपा: स्वामी प्रसाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आरएएस व भाजपा देश को हिन्दू–मुसलमान में बांटने का काम कर रही है। मौर्य नई दिल्ली के तालकटोरा मैदान में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अपने नये दल राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की घोषणा की।उन्होंने कहा कि भाजपा इस देश की सम्पत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। इतिहास गवाह है कि आरएसएस व भाजपा का कोई व्यक्ति देश की आजादी में शामिल नहीं हुआ। ये अब सत्ता में रहकर देश की आम जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश बहुत संकट से जूझ रहा है। भारत का संविधान खतरे में है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। एक विशेष जाति के लोगों को पदोन्नति देकर नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राम का नाम लेकर देश भर में अशांति फैलाना चाह रही है, ये राम भक्त नहीं है, सिर्फ लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटकाना चाहते हैं।

### ललितपुर में फार्मा पार्क की स्थापना को 25 करोड़ जारी

**अमृत विचार,लखनऊ :** बुंदेलखंड के ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क जल्द ही विकसित किया जायेगा। इसके लिए औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने 25 करोड़ रूपये स्वीकृत कर मास्टर प्लान के साथ ही डीपीआर बनाने के भी निर्देश दिए हैं। औद्योगिक मंत्री ने कहा कि ललितपुर के पाचं गांवों की 1472 एकड़ भूमि पर ड्रग फार्मा पार्क बनाया जायेगा। जिसे दो चरणों में विकसित किया जाना है। स्वीकृत बजट में 7 .50 करोड़ से उप्र पावर कारपोरेशन द्वारा सब स्टेशन का कार्य, 17 .37 करोड़ में पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण और 12 .71 लाख से सर्वे एवं मृदा परीक्षण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ( यूपीसीडा) को मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने के निर्देश दिए हैं।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का निरीक्षण करेंगे केंद्रीय अधिकारी

**अमृत विचार,लखनऊ :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चल रहें सर्वजन दवा सेवन अभियान( एमडीए) का स्थलीय निरीक्षण केन्द्रीय मंत्रालय की दो सदस्यीय टीम शुक्रवार व शनिवार को करेगी। यह जानकारी गुरुवार को राजधानी पहुंचे केन्द्रीय टीम के संयुक्त सचिव राजीव मांझी ने परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को बैठक में दी। इसमें अभियान की प्रगति को लेकर केन्द्रीय टीम ने संतोष व्यक्त किया। केन्द्रीय टीम में संयुक्त सचिव राजीव मांझी ने बैठक में अधिकारियों को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए भारत सरकार के लक्ष्य और नए निर्देशों से अवगत कराया। वहीं दिल्ली की डॉ .तनु जैन ने फाइलेरिया अभियान की तैयारी और प्रगति को पावर पॉइंट प्राजेंटेशन के जरिए बताया। मालूम हो कि 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले एमडीए अभियान में फाइलेरिया प्रभावित 51 जिलों को शामिल किया गया है। बैठक में डब्ल्यूएचओ, यूपीटीएसयू, पीसीआई, पाथ और सीफार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों पर सरकार की नजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार की नजर लापरवाह और काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर है। सरकार मानव संपदा पोर्टल पर चल और अचल संपत्ति का ब्यौरा न देने वाले अधिकारियों व कर्मियों को अब पदोन्नति नहीं देगी। पदोन्नति कमेटी की बैठक में सिर्फ उन्हीं के नामों पर विचार किया जाएगा, जिन्होंने अपनी पूरी जानकारी ऑनलाइन कर दी होगी। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ . देवेश चतुर्वेदी ने गुरुवार को इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है। अपर मुख्य सचिव ने शासनादेश में कहा है कि उप्र . सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956 में दी गई व्यवस्था के आधार पर मानव संपदा पोर्टल पर चल व अचल संपत्तियों का ब्यौरा देना अनिवार्य किया है। विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया गया था कि एक जनवरी 2024 के बाद होने वाली विभागीय चयन समिति की बैठकों में उनके नामों पर विचार नहीं किया जाएगा, जिन्होंने ब्यौरा नहीं दिया होगा।

### बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण बहुत जरूरी: चंद्रशेखर

**अमृत विचार,लखनऊ :** जब तक जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बनेगा, तब तक भारत हिन्दू राष्ट्र नहीं हो सकता। देश की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। सभी धर्मों के लिए एक जैसा कानून होना चाहिए। सख्ती से पूरे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाया जाएगा। यह जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह ने गुरुवार को सदर के एक निजी प्रतिष्ठान में महासभा के पदाधिकारियों की एक की बैठक में दी। बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार,अरविंद नाथ गुप्ता,किशन, मुकेश, ओम प्रकाश सिंह, अमर, श्याम मलहोत्रा ,विनोद मलहोत्रा, वंसराज यादव , सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।






समृद्ध विरासत - विकसित बनारस










₹101 करोड़ से सीर गोवर्धनपुर में संत रविदास मंदिर से संबंधित आध्यात्मिक पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास

दिनांक : 23 फरवरी, 2024 | समय : पूर्वाह्न 10:30 बजे | स्थान : संत गुरु रविदास पार्क, सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी

₹13,100 करोड़ से अधिक की 35 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

• एनएच-233 पर घाघरा ब्रिज खंड के पैकेज-2 का 4 लेन चौड़ीकरण • एनएच-56 सुलतानपुर-वाराणसी खंड के पैकेज-1 का 4 लेन चौड़ीकरण • एनएच-19 के वाराणसी-कर्मनाशा हेतु खंड के मध्य का 6 लेन चौड़ीकरण • एनएच-35 वाराणसी हनुमना खंड के पैकेज-1 का 4 लेन चौड़ीकरण • सिस वरुणा क्षेत्र में जलापूर्ति परियोजना का सुदृढ़ीकरण • सिगरा खेल स्टेडियम का फेज-1 • पंचकोसी परिक्रमा यात्रा के पांच पड़ाव (कंदवा, भीमचंडी रामेश्वर, शिवपुर एवं कपिलधारा) का पर्यटन विकास • 10 धार्मिक यात्रा हेतु पावन पथ का पर्यटन विकास

शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

• भारतमाला परियोजना के अंतर्गत वाराणसी-रांची-कोलकाता 6 लेन एक्सप्रेसवे का पैकेज-1 • बड़ा लालपुर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) का नवीन परिसर • पांडेयपुर में मेडिकल कॉलेज • काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग • सीर गोवर्धनपुर में संत रविदास पार्क एवं संग्रहालय • भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा वाराणसी, मथुरा एवं प्रयागराज में 13 सामुदायिक जेट्टी

एवं

बनास काशी संकुल में मेसर्स बनासकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड की दुग्ध प्रसंस्करण इकाई (लागत : ₹622 करोड़, क्षमता : 8 लाख लीटर प्रतिदिन, रोजगार : 3,100)

सेवापुरी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एच.पी.सी.एल.) का एल.पी.जी. बॉटलिंग प्लांट (लागत : ₹214.37 करोड़, उपभोक्ता : 20 लाख, रोजगार : 300)

नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एन.टी.पी.सी.) लिमिटेड का वाराणसी हरित कोयला संयंत्र (लागत : ₹200 करोड़, क्षमता : 600 टन प्रतिदिन, रोजगार : 150)

का शुभारंभ

दिनांक : 23 फरवरी, 2024 | समय : अपराह्न 12:30 बजे | स्थान : बनास काशी संकुल, यूपीसीडा एग्रो पार्क, करखियांव, वाराणसी

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | जयवीर सिंह, मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश | अनिल राजभर, मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय, उत्तर प्रदेश | रवीन्द्र जायसवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उत्तर प्रदेश | डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एम.ओ.एस.), उत्तर प्रदेश

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### 34 लीटर शराब के साथ चार दबोचे गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस ने 34 लीटर शराब के साथ चार आरोपियों को दबोचा। असंद्रा पुलिस ने ढेमा गांव निवासी शिव प्रसाद को 10 लीटर, नगर कोतवाली पुलिस ने टेरी निवासी शिवचरन को 10 लीटर, कुर्सी पुलिस ने बेहड़परवा निवासी सोनू रावत को नौ और टिकैतनगर पुलिस ने पांच लीटर शराब के साथ इरशाद नगर निवासी राजेंद्र को गिरफ्तार किया।

### चाकू के साथ पांच आरोपी किये गये गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस ने गुरुवार को चाकू के साथ पांच आरोपियों को दबोचा। नगर कोतवाली पुलिस ने विजय कुमार, कुर्सी पुलिस ने हंसराज, कोठी पुलिस ने पंकज, मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने मुशीक और जैदपुर पुलिस ने रामकैलाश को चाकू के साथ दबोचा।

### अपहर्ता बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज पुलिस ने अगवा की गई किशोरी को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद थाने लाकर अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोपी गुरेला निवासी रोहित को विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। वहीं किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा।

# लेडी डॉक्टर के बंगले की भूमि से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू

## शहर के मध्य में स्थित है यह जमीन, कई दशक से भू माफिया ने कर रखा था कब्जा

**कार्रवाई**

▸▸ बनायी जाएगी मल्टी लेवल पार्किंग, जाम से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शहर के मध्य स्थित बेशकीमती लेडी डॉक्टर के बंगले की जमीन को खाली कराने का अभियान गुरुवार को प्रारंभ हुआ। इस जमीन पर दो दर्जन से अधिक लोग अस्थायी निर्माण कर व्यावसायिक प्रतिष्ठान चला रहे थे। आरोप है कि इस जमीन का भू-माफिया ने बैनामा भी कर दिया था। कुछ लोगों से चार करोड़ रुपए अग्रिम भी ले रखे थे।

गुरुवार को जब नगर पालिका के अधिकारी बुलडोजर के साथ जमीन पर अतिक्रमण हटाने पहुंचे तो हड़कंप मच गया। अतिक्रमणकर्ताओं ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। लेकिन बुलडोजर थमा नहीं। खाली हो रही जमीन की साफ-सफाई का काम भी शुरू किया गया। झाड़ झंखाड़ साफ किये गए। फिलहाल अतिक्रमणकर्ताओं ने कोई प्रतिरोध नहीं किया। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि फिलहाल किसी तरफ से कोई प्रतिरोध नहीं किया गया है। उन्होंने खुद बैठकर अतिक्रमण हटवाया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने यह जमीन नगर पालिका को हस्तांतरित कर दी थी। अब इस पर मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि फिलहाल अतिक्रमणकर्ताओं पर कोई मुकदमा दर्ज करने की आवश्यकता महसूस नहीं की जा रही है। जिन लोगों ने कब्जा कर रखा था वह खुद अपना सामान और अतिक्रमण हटा रहे हैं। एक-दो दिन में इसे पूरी तरह साफ कर लिया जाएगा। शहर के जामा मस्जिद के सामने स्थित तीन बीघा 9 बिस्वा पांच विश्वांसी में फैली इस जमीन को तत्कालीन राजा दरियाबाद ने लेडी डॉक्टर के बंगले के लिए दान में दी थी। इसे बाद में नगर पालिका के जेरे इंतजाम कर दिया गया था। आरोप है कि नगर पालिका के ही तत्कालीन अध्यक्ष ने मार्केट निर्माण के लिए इसे एक भूमाफिया के नाम कर दिया था।

इसके बाद इसकी प्लाटिंग कर इस पर बैनामा करने का काम शुरू हो गया। श्री जगजीवन दास सतनाम ट्रस्ट ने जिलाधिकारी से भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग उठाई थी।



लेडी डॉक्टर के बंगले की जमीन से अतिक्रमण हटाती जेसीबी। अमृत विचार

**शहर की बढ़ेगी खूबसूरती**

एक ऐतिहासिक काम हो रहा है। भूमि को खाली कराए जाने के बाद यहां मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण होगा। इससे शहर की खूबसूरती बढ़ेगी और जाम की समस्या से भी लोगों को निजात मिल सकेगी।

**-सत्येंद्र कुमार**, जिलाधिकारी

**अतिक्रमण हटाने के दौरान प्राचीन कुआं भी मिला**

अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान एक अत्यंत पुराना ऐतिहासिक कुआं भी दिखाई दिया। जिसके चारों ओर सफाई करा दी गयी है। यह कुआं कई सौ साल पुराना है, जिसे अतिक्रमणकर्ताओं ने ढककर उसके ऊपर अस्थायी निर्माण करा लिया था।

# समय से पूरी करें लोधेश्वर महादेवा मेले की तैयारी : डीएम

**निर्देश**

▸▸ 28 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा मेला

▸▸ मेला स्थल की सभी दिशाओं में की जाए पार्किंग की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर 28 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित होने वाले लोधेश्वर महादेवा मेले की समस्त व्यवस्थाएं प्रत्येक दशा में निर्धारित समय पर पूर्ण कर ली जाएं। साफ-सफाई, पेयजल, आवागमन तथा सुरक्षा जैसे मामलों की व्यवस्था एकदम चुस्त-दुरुस्त होनी चाहिए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

ज़िलाधिकारी गुरुवार को लोक सभागार में तैयारियों से सम्बंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेला अवधि के दौरान मेला क्षेत्र एवं उससे जुड़े रास्तों पर गन्ने से लदे ट्रक एवं ट्रॉलियों के आवागमन के डायवर्जन पर सम्बंधित अधिकारी विचार कर उन्हें अवगत कराएं। बोहनिया और अभरन तालाबों की साफ-सफाई के साथ ही जल स्तर की निगरानी के कार्य के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल टॉयलेट, वाटर टैंकर की समुचित व्यवस्था कराई जाए। बैरिकेडिंग, टेंट, पार्किंग और लाइट की व्यवस्था पहले से अधिक व्यवस्थित हो। साथ ही मेला स्थल के सभी दिशाओं में पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए। डीएम ने एसडीएम, सीओ की संयुक्त समिति गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह समिति जांच कर पता लगाए कि मेला परिसर में लगने वाली दुकानों से वसूली जाने वाली तहबाजारी आदि का कितना अंश मेले की व्यवस्था में उपयोग किया जाता है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि मेले को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए मेले की दुकानों से होने वाली आय के कुछ हिस्से का उपयोग किया जा सकता है। डीएम ने आगे कहा कि बोहनिया तालाब के पास पुलिस चौकी बनती है तो वहीं पर कांवड़ियों से प्राप्त सामान आदि को रखने की व्यवस्था कर ली जाए। प्रकाश व्यवस्था भी अच्छी होनी चाहिए, जनरेटर एवं इन्वर्टर की व्यवस्था हो। एक हेल्थ कैम्प और खोया पाया केंद्र 24 घंटे कार्य करेगा। इस मौके पर एसपी दिनेश सिंह, सीडीओ अ. सुदन, एडीएम अरुण कुमार, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, मेला समिति के पदाधिकारी, पुजारी आदि मौजूद रहे।



महादेवा मेले की तैयारी बैठक को संबोधित करते जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार।

# दोबारा कराई जाए पुलिस भर्ती परीक्षा

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों ने गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपकर परीक्षा को फिर से कराने की मांग उठाई है।

अभ्यर्थियों ने परीक्षा का पेपर लीक होने का आरोप लगाया है। पुलिस परीक्षा में शामिल हुए दर्जनों अभ्यर्थी गुरुवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए परीक्षा को फिर से कराए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा। कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा बीते 17 व 18 फरवरी को हुई थी। इसका पेपर 4 घंटे पहले ही सोशल मीडिया पर उत्तर सहित वायरल हो गया था। जो कि धांधली का संकेत है। पेपर लीक कराने में शामिल लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। और यह परीक्षा रद कर पुनः कराई जाए। इस मौके पर शैलेंद्र अवस्थी, राजेश, अंकित सहित भारी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद रहे।



रामनगर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी। अमृत विचार

# जुआ खेल रहे 11 आरोपी बंदी, 7930 रुपये बरामद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 11 आरोपियों को कुर्सी, मसौली और टिकैतनगर थाने की पुलिस टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 7930 रुपये बरामद किए गए। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

कुर्सी पुलिस टीम ने जुआ खेल रहे वाराणसी के फूलपुर निवासी अनिल कुमार, बेहडपुरवा के रवि कुमार, विनोद और राजन को गिरफ्तार कर उनके पास से 1160 रुपये बरामद किये। मसौली पुलिस ने सुसवई निवासी निहाल, शहावपुर के शमशुल हसन और मो. जाफर उर्फ राजा को गिरफ्तार कर 2450 रुपये बरामद किये। टिकैतनगर पुलिस ने कस्बा इचौली निवासी चुन्नू रावत, जुगनू यादव उर्फ श्यामू, रामबाबू गुप्ता और आशीष चौरसिया को दबोचकर 4320 रुपये बरामद किये। सभी आरोपियों पर जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## सार-संक्षेप

### 200 छात्र-छात्राओं को मिले स्मार्टफोन



एक छात्रा को स्मार्टफोन वितरित करते विधायक दिनेश रावत।

**कोठी,बाराबंकी, अमृत विचार :** सिद्धौर क्षेत्र के अंतर्गत गंगा देवी लाल बहादुर डिग्री कॉलेज पूरे रूद्र कोठी में शिक्षा ग्रहण करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए। 200 मेधावी छात्र-छात्राओं प्रतिमा, चांदनी, निधि, राखी, आफरीन, रिशु, रंजीत, अंशुमान समेत अन्य छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गये। इस मौके पर प्रबंधक सरोजनी देवी वर्मा, प्राचार्य सरिता वर्मा, उदय राज वर्मा, बृजेश कुमार, मिथिलेश कुमार, संतोष कुमार, राम तीरथ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### किशोरी का अपहरण, दो पर केस

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** नाबालिग किशोरी को दो युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गए। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तो पिता ने गुरुवार को कोतवाली में तहरीर देकर दो युवकों के खिलाफ बेटी को अगवा करने का केस दर्ज कराया है। मामला फतेहपुर कोतवाली के एक गांव का है। यहां के निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को देवा कोतवाली के भिटौली निवासी सूरज अपने दोस्त के साथ मिलकर मंगलवार को बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### लोन दिलाने के नाम पर बैंकमित्र ने ठगे 25 हजार

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर बैंक मित्र ने एक युवक से 25 हजार रुपये ठग लिए। इसके बाद से लोन न होने पर युवक ने रुपये वापस मांगे तो बैंकमित्र ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। मामला मोहम्मदपुर खाला थाने के इनामीपुर का है। यहां के निवासी संदीप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह किराना स्टोर के लिए यूनियन बैंक आफ इंडिया से मुद्रा लोन के लिए भटक रहा था। इस दौरान फतेहपुर कोतवाली के मिर्जापुर निवासी बैंक मित्र पप्पू ने लोन दिलाने के लिए 25 हजार रुपये खर्च की बात कही। इस पर उसने पप्पू को 25 हजार रुपये दे दिए। तीन माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी लोन नहीं मिला तो उसने अपने रुपये वापस मांगे। इस पर बैंकमित्र ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खुद तंबाकू खाना छोड़, खाने वालों को करें सचेत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में एएसपी ने पुलिसकर्मियों को तंबाकू का सेवन न करने की सलाह दी। वहीं इसके सेवन से होने वाली हानियों के बारे में भी बताया। उन्होंने पुलिस सेवा में साथ काम करने वाले ऐसे लोगों के उदाहरण भी प्रस्तुत किए जिनका जीवन तम्बाकू के सेवन से गर्त में पहुंच गया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को तम्बाकू का सेवन न करने के सलाह के साथ शपथ दिलाई। वहीं पुलिस कर्मियों को चौराहे, स्कूल और सार्वजनिक स्थल पर तम्बाकू का सेवन करने वालों के विरुद्ध विधिक करने के निर्देश दिए। एएसपी ने कहाकि इसका पालन तभी संभव है जब हम खुद तम्बाकू का सेवन न करें।

### मस्तराम दास की कुटी पर उमड़े श्रद्धालु

**निंदूरा,बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र में प्रत्येक माह की पूर्णिमा से पहले गुरुवार को बाबा मस्तराम दास कुटी पर होने वाले हवन-पूजन में आश्रम पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने आहुति डाली और माथा टेककर आशीर्वाद मांगा। हवन के बाद आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के ग्राम बहरौली स्थित प्रसिद्ध बाबा मस्तराम दास कुटी पर प्रत्येक माह की पूर्णिमा से पहले पड़ने वाले गुरुवार को हवन व पूजन के साथ भंडारे का आयोजन होता है। यहां दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, हरदोई समेत कई जिलों से श्रद्धालु पहुंचे और हवन पूजन में शामिल होकर आहुति डाली। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपक यादव, श्रीश रावत, आशुतोष, मुकेश आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन के सामने कूदकर अधेड़ ने दी जान

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बुढ़वल आ रही बांद्रा एक्सप्रेस के सामने कूदकर बुधवार की रात एक अधेड़ ने अपनी जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची रामनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

मामला रामनगर के केसरीपुर रेलवे क्रासिंग के समीप का है। रेलवे पुलिस के मुताबिक बुधवार की रात बांद्रा एक्सप्रेस के चालक राजेंद्र ने लिखित रूप से दी गयी सूचना में बताया कि केसरीपुर रेलवे क्रासिंग के पास अचानक एक अधेड ट्रेन के सामने कूद गया। इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को कंट्रोल किया जाता तब तक चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इस घटना की सूचना स्टेशन मास्टर ने रामनगर पुलिस को दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पाण्डेय ने बताया कि रेलवे लाइन पर मिले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पोस्ता छिलका के साथ एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस ने गुरुवार को 29 किलो पांच सौ ग्राम पोस्ता छिलका के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने तस्कर को थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को जैदपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह की टीम ने थाना क्षेत्र के फतुल्लापुर मजरे मचौची निवासी लालजी वर्मा को गिरफ्तार किया। उसके पास से 29 किलो पांच सौ ग्राम पोस्ता का छिलका बरामद किया गया।

# नहर में मिला युवक का शव

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** संदिग्ध दशा में गुरुवार को खारजा (छोटी नहर) में एक युवक का शव उतराता मिला। इसकी सूचना से हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। जानकारी पाकर मसौली पुलिस पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त थाना क्षेत्र के सुरसंडा मजरे शहावपुर निवासी मीनू के रूप में हुई। इस पर पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मसौली थाना क्षेत्र में मूंजापुर के पास एक युवक का शव खारजा में पड़ा मिला। पास में पुलिया पर काले रंग के जूते और नमकीन और शराब के दो पाउच मिले। युवक नीले रंग की लोअर और लाल रंग की शर्ट पहने था। शव की शिनाख्त सुरसंडा मजरे शहावपुर निवासी मीनू के रूप में भाई धर्मेंद्र कनौजिया ने की। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसका भाई शराब का आदी था। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि खारजा में शव मिला है। प्रथम दृष्टया शराब के नशे में पानी में गिरने से मौत हुई है।



मौके पर मौजूद लोग व जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**जागरूकता** | महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों से संबधित चस्पा किए गए पोस्टर

# महिला हेल्प डेस्क पर नि :शुल्क कानूनी सलाह देंगे अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पीड़ित महिलाओं को अब कोतवाली व थानों के महिला हेल्प डेस्क पर निःशुल्क कानूनी सलाह के लिए अधिवक्ता मिलेंगे। इसको लेकर हेल्प डेस्कवार अधिवक्ताओं की सूची पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को सार्वजनिक कर दी है।

इतना ही नहीं, नगर कोतवाली में एएसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा व सीओ सिटी डा. बीनू सिंह ने निःशुल्क विधिक सहायता संवैधानिक अधिकारी के पोस्टर का चस्पा कर इसकी शुरुआत की। चस्पा की गई सूची में संविधान के अनुच्छेद 39 ए के तहत समाज के गरीब और कमजोर वर्ग को निःशुल्क विधिक सहायता देने का प्रावधान है। महिलाओं और बालिकाओं से संबधित किसी भी प्रकार के अपराध में निःशुल्क विधिक सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित विधि परामर्शदाताओं द्वारा दी जानी होती है। इसके तहत कानूनी कार्यो के लिए वकील की सुविधा, कोर्ट फीस या अन्य कार्यो में लगने वाले व्यय, विधिक दस्तावेजों के अनुवाद सहित अपील आदि की सुविधा, पुलिस तथा कोर्ट में प्रचलित कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी, कानूनी प्रक्रिया से जुडे आदेश व अन्य दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने की सुविधा भी मिलेगी।

सीओ सिटी डा. बीनू सिंह ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बन्धित अपराधों के निस्तारण के लिए महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की जनपदीय इकाइयों का गठन किया गया है। इसके माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों के नियंत्रण, अनुश्रवण तथा जागरूकता सम्बन्धी कार्यों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय और एएसपी उत्तरी द्वारा नगर कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क पर इसकी शुरुआत की गई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी और प्रभारी निरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन रत्ना आदि मौजूद थे।




महिला हेल्प डेस्क पर पोस्टर चस्पा करतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# ट्रांसपोर्ट कंपनी के सामने खड़ी डीसीएम चोरी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचारः** ट्रांसपोर्ट कंपनी के सामने खड़ी डीसीएम बुधवार की रात चोरी हो गयी। वाहन स्वामी की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

कस्बा रामनगर स्थित पांडेय किराना स्टोर की श्रुति तिवारी ने अपनी डीसीएम बड़ी बाजार स्थित मौर्या ट्रांसपोर्ट के यहां लगी रखी थी। बुधवार की रात वह ट्रांसपोर्ट के पास खड़ी थी। गुरुवार की सुबह डीसीएम वहां से गायब थी। पहले तो वाहन की इधर-उधर तलाश की गयी मगर जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्ष रत्नेश पांडेय ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। वाहन बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## एक नजर

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बदोसराय थाने की पुलिस टीम ने गुरुवार को अमनियापुर नहर पुल के पास से चोरी की बाइक व तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी बरौलिया निवासी उमेश चंद्र वर्मा पर केस दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### 28 आरोपियों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस के अभियान में विभिन्न थानों की पुलिस ने लंबे समय से फरार 23 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 28 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गयी।

# बाराबंकी से बस्ती के लिए मई से फर्राटा भरेंगी ट्रेनें

**सुविधा**

- हर दो ब्लॉक के बीच बनाया जा रहा है एक हट
- सिग्नल के इंतजार में ट्रेनों के रुकने से यात्रियों का बचेगा समय

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी




**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी से बस्ती स्टेशन के बीच मई से ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। इसके लिए ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम का काम अप्रैल में पूरा हो जाएगा। इस व्यवस्था के लागू होने से ट्रेनों की सुरक्षा के साथ-साथ औसत गति में भी सुधार आएगा। इससे यात्रियों की मुश्किलें भी कम होंगी। वहीं रामनगरी अयोध्या के चलते नजदीकी बाराबंकी रेलवे स्टेशन भी एक अलग रंग व रूप में दिखेगा।

अभी रेल खंडों पर एब्सोल्यूट ब्लॉक सिग्नल सिस्टम चल रहा है। इसके तहत एक ब्लॉक सेक्शन में ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंचने के बाद पीछे से आने वाली ट्रेन को हरा सिग्नल दिया जाता है।

दो ट्रेनों के बीच आठ से दस किलोमीटर की दूरी होती है। इस वजह से पीछे से आने वाली ट्रेनें देरी की शिकार होती हैं। सिग्नल के इंतजार में ट्रेनें खड़ी कर दी जाती हैं, इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लेकिन अब इस सिस्टम में सुधार कर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम के तहत ट्रेनों का संचालन होना है। वहीं, ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम के तहत प्रत्येक एक किलोमीटर पर एक ब्लॉक बनेगा। ट्रेन जब एक ब्लॉक पार करेगी तो उसके पीछे की ट्रेन को ग्रीन सिग्नल मिल जाएगा।

इस तरह से एक के पीछे एक ट्रेन चलाई जा सकेगी। इस सिस्टम में सिग्नल भी बढ़ जाएगा। पहले लाल फिर डबल, पीला फिर हरा सिग्नल दिखेगा। हर दो ब्लॉक के बीच एक हट बनाया जाएगा। हट में सिग्नल से जुड़े संयंत्र रखे जाएंगे, ताकि सिग्नल में कोई फॉल्ट आए तो उसे तत्काल ठीक कर लिया जाए।

### लगाया जा रहा है ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम

चीफ पब्लिक रिलेशन आफिसर एनईआर पंकज कुमार सिंह बताते हैं कि पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य मार्ग बाराबंकी से छपरा के मध्य ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। बाराबंकी से बस्ती के बीच का कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। उम्मीद है कि मई में इस सिस्टम के अनुसार ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इनके चालू होने से लाइन की क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ ट्रेनों की औसत गति में भी सुधार आएगा।

### दूसरे चरण में छपरा से प्रयागराज तक लगेंगे उपकरण

ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम को पूर्वोत्तर रेलवे के सभी रूटों पर लगाया जाना है। पहले चरण में बाराबंकी से छपरा तक कार्य पूरा होना है। इसके बाद छपरा से वाराणसी होते हुए प्रयागराज और उसके बाद बहराइच से सीतापुर रोड पर इस सिस्टम को अपडेट किया जाएगा। इस सिस्टम के शुरू होने पर पूर्वोत्तर रेलवे में ट्रेनों की औसत स्पीड बढ़ेगी।

# अर्थदंड से निस्तारित किये गये 8 मामले

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में गुरुवार को अलग-अलग अदालतों ने अर्थदंड और न्यायालय उठने की सजा के साथ आठ मामलों का निस्तारण किया। घुंघटेर थाने में दर्ज मारपीट मामले के आरोपी मुन्नू उर्फ मान सिंह को सात सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय के उठने तक की सजा सुनाई। फतेहपुर में जुआ एक्ट के मामले में राजेन्द्र निगम को 100 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया गया। सतरिख थाने में दर्ज मुकदमे में रामसनेहीघाट के सुरेन्द्र को 1000 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा दी। रामसनेहीघाट कोतवाली में मारपीट मामले में हसीब व उसकी पत्नी कनीज को 800-800 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। नगर कोतवाली में दर्ज जुआ एक्ट के मामले में आकाश, ऋषभ व शिवम को सौ-सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा दी गयी। असंद्रा के सरैंया निवासी जलील को ढाई हजार, जरौली के वीरेंद्र को एक हजार व हाजीपुर के लल्लू को दो हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# पहले दिन हाईस्कूल व इंटर के 71314 छात्रों ने दी परीक्षा

## सचल दल ने हैदरगढ़ में नकल करते इंटर की छात्रा को पकड़ा, 3142 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**यूपी बोर्ड**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुरुवार से यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन दोनों पालियों में पंजीकृत 74456 छात्र-छात्राओं में से 71314 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। 3142 ने परीक्षा छोड़ दी। हाईस्कूल के 41820 परीक्षार्थी शामिल हुए वहीं 1937 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट के 29494 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1205 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम रहे। परीक्षार्थियों की तलाशी के बाद उन्हें प्रवेश दिया गया। परीक्षा की निगरानी कंट्रोल रूम के साथ सचल दल व जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमण कर करते रहे। मंडलीय सचल दल की टीम भी शहर के कई परीक्षा केंद्रों पर पहुंची।

यूपी बोर्ड की परीक्षा गुरुवार से सभी 117 परीक्षा केंद्रों पर हुई। सुबह की पाली में हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा में पंजीकृत 43500 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 41570 ने परीक्षा दी। जबकि 1930 ने परीक्षा छोड़ दी। सुबह की पाली में इंटरमीडिएट के सैन्य विज्ञान के पंजीकृत 333 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 297 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 36 गैरहाजिर रहे। इसी प्रकार दूसरी पाली में इंटर हिंदी और सामान्य विषय में पंजीकृत 30366 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 29197 ने परीक्षा दी। वहीं 1669 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में हाईस्कूल के वाणिज्य विषय के पंजीकृत 257 छात्र-छात्राओं में 250 ने परीक्षा दी।

बोर्ड परीक्षा के पहले दिन दूसरी पाली में डीआईओएस ओपी त्रिपाठी के सचल दल ने एक छात्रा को नकल करते पकड़ा गया। इंटरमीडिएट की यह छात्रा एसबीएस पब्लिक इंटर कॉलेज नरौली, हैदरगढ़ केंद्र पर परीक्षा दे रही है। डीआईएस ने नकल अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

बोर्ड परीक्षा के पहले दिन सुबह की पाली में कुछ अफरातफरी दिखी। मगर, पूर्व की तैयारी और सख्ती को लेकर कोई विशेष दिक्कत सामने नहीं आई। हालांकि दूसरी पाली में व्यवस्थाएं सामान्य दिखीं। सुबह परीक्षा शुरू होने से पहले सचल दल की टीमें भी फील्ड पर निकलीं और केंद्रों पर पहुंचकर नकलविहीन परीक्षा कराने के क्रम में स्ट्रांग रूम की जांच भी की। इस दौरान जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट भी मुस्तैद रहे। मंडलीय सचल दल की टीम ने शहर के जमीलुर्रहमान, जीजीआईसी समेत कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।


देवा में एक केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र। अमृत विचार


केसरगंज स्थित केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### संकलन केंद्र पर जमा हुईं उत्तरपुस्तिकाएं

**बाराबंकी, अमृत विचार :** परीक्षा समाप्त होने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में केंद्र व्यवस्थापकों ने शहर के जीआईसी में बनाए गए संकलन केंद्र पर उत्तरपुस्तिकाएं जमा कीं।

### कड़ी सुरक्षा में हुई दोनों पालियों की परीक्षा

बोर्ड परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हुई। कहीं पर कोई शिकायत नहीं मिली। शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से दोनों पालियों की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया।

–ओपी त्रिपाठी, डीआईओएस

# 1141 छात्र-छात्राओं ने दी इंटर अंग्रेजी की परीक्षा

**सीबीएसई बोर्ड**

- सभी पांच परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में हुआ इम्तिहान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड की गुरुवार को 12वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा सभी पांच केंद्रों पर हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच 1141 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए।

जिले में सीबीएसई बोर्ड के 24 कॉलेज हैं। इसमें पंजीकृत हाईस्कूल के 1488 और इंटरमीडिएट के 1144 छात्र-छात्राओं की परीक्षा को लेकर पांच कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। इसमें केंद्रीय विद्यालय, सेंट एंथोनी कॉलेज, बाबा गुरुकुल एकेडमी, सेंट्रल एकेडमी और ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें सभी पांच केंद्रों पर पंजीकृत 1444 छात्र-छात्राओं में 1141 ने सुबह की पाली में परीक्षा दी। जिले के नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य बाबा गुरुकुल एकेडमी के प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने बताया कि गुरुवार को 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 1141 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# एएसपी ने सुरक्षा की ली जानकारी

**फाल्गुनी मेला**

- महादेवा मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार का किया निरीक्षण

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवीनाथ सिन्हा ने महादेवा में लगने वाले फाल्गुनी मेले का स्थलीय निरीक्षण किया और मेला अवधि में की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने सीओ सिटी डॉ. बीनू सिंह सीओ रामनगर आलोक कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक रामनगर रत्नेश कुमार पांडे, शहर कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी के साथ मेला परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने मेले में जुटने वाली भीड़ के संबंध में जानकारी ली। मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार, बैरिकेडिंग, खोया पाया केंद्र आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। मेला अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पूछा और आवश्यक निर्देश दिए। पार्किंग स्थलों, मेला क्षेत्र को आने वाले सभी मार्गो आदि के बारे में जानकारी ली। मेला व्यवस्था से जुड़े संबंधित विभागों द्वारा क्या-क्या व्यवस्थाएं की जाती हैं, इसके बारे में भी जानकारी ली। इस मौके पर चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष कुमार त्रिपाठी, ग्राम प्रधान महादेवा राजन तिवारी, मंदिर के पुजारी आदित्यनाथ, अनिल तिवारी आदि मौजूद रहे।


महादेवा मंदिर परिसर का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक।

### युवक ने दी जान

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत सुबेहा के गढ़ी वार्ड में एक युवक ने अपने कमरें में तार का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

संतोष यादव (29) पुत्र स्व.लालता प्रसाद यादव ने अपने घर पर अपने कमरे मे बिजली के तार का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चंदन का पेड़ काट ले गए चोर

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज में घर के पीछे लगा पुराना चंदन का पेड़ बुधवार की रात चोर काट ले गए। गुरुवार ककी सुबह इसकी जानकारी होने पर पेड़ मालिक ने पुलिस को सूचना दी। बांसा मार्ग पर स्थित रानीगंज निवासी विश्वनाथ त्रिवेदी ने गुरुवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के पीछे 18 वर्ष पुराना चन्दन का पेड़ लगा था जिसे बुधवार की रात अज्ञात चोर काटकर ले गये।

**कार्यालय ग्राम पंचायत– खेवली, देवा, बाराबंकी**

पत्रांक: मेमो/2023–24 दिनांक – 22.02.2024

**अल्प कालीन निविदा टेण्डर**

ग्राम पंचायत खेवली में 15 th वित्त / राज्य वित्त योजन के अंतर्गत कार्य कराये जाने है जो निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | कार्य | लागत |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम तकाजीपुर में आर.सी.सी रोड से मेन डामर रोड तक खडंजा निर्णन कार्य। | समस्त सामग्री |
| 2 | ग्राम पंचायत खेवली में पूर्व माध्यमिक विद्यालय आंगनबाडी केंद्र में बाल मैत्री दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य । | समस्त सामग्री |
| 3 | ग्राम पंचायत खेवली में मेन डामर रोड से कब्रिस्तान तक इंटरलाकिंग कार्य । | समस्त सामग्री |
| 4 | ग्रा0 पं0 खेवली में रफीक की दुकान से कल्लू के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य । | समस्त सामग्री |

इच्छुक फर्म मालिक निविदा, निर्धारित प्रारूप पर भरकर दिनांक 08.03.2024 से प्रत्येक दशा में ग्राम प्रधान/सचिव के समक्ष तीन दिवस के भीतर उपलब्ध करायेंगे। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से नि:शुल्क प्रप्त किये जायेंगे ।
नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत् आवश्यक होगी।
1. सामग्री की मात्रा व गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमनुसार कटौती की जायेगी ।
2. G.S.T का भुगतान जो दर से निम्नलिखित है आपूर्ति कर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमाकर चालान ग्राम पंचायत सचिव के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**अनवारूल हक**
**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत– खेवली
विकास खंड– देवा, बाराबंकी

**दिनेश कुमार कुशवाहा**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
ग्राम पंचायत– खेवली
विकास खंड– देवा, बाराबंकी

# 297 बेटियों के हाथों पर कल सजेगी मेहंदी

**सामूहिक विवाह**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से लगने से पहले इस वित्तीय वर्ष का अंतिम मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन शनिवार को शहर के जीआईसी आडिटोरियम में होगा। इसमें 297 बेटियों के हाथ पीले होंगे। सांसद समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी वर वधुओं को आशीर्वाद के साथ योजना के तहत लाभान्वित करेंगे। समाज कल्याण विभाग को इस वित्तीय वर्ष में 1753 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य मिला था।

समाज कल्याण विभाग मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को 297 बेटियों के हाथ पीले कराएगा। जो इस वित्तीय वर्ष 2023-24 का अंतिम आयोजन होगा। इस आयोजन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के जोड़ों को शामिल किया गया है। हिंदू बेटियों का विवाह गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा तो मुस्लिम बेटियों का विवाह काजी द्वारा निकाह पढ़ा कर कराया जाएगा। इस आयोजन को लेकर विभाग तैयारियों को अंतिम रुप देने में लगा है।

समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि कल 297 बेटियों का विवाह कराया जाएगा।

# डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार:** लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गयी। हादसा गुरुवार की दोपहर सफदरगंज थाना क्षेत्र के दादरा चौराहे पर हुआ। करमुल्लापुर निवासी राजू दादरा स्थित कृष्णा ट्रेडर्स पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। गुरुवार को वह रसौली से गिट्टी मौरंग उतार कर ट्रैक्टर ट्राली लेकर दुकान पर लौट था। इसी दौरान दुकान के सामने ही अयोध्या की ओर जा रही डीसीएम ने ट्रैक्टर में टककर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक नीचे गिरकर पहिये के नीचे आ गया। घायल राजू को गंभीर दशा में दुकानदार दिनेश वर्मा ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान राजू की मौत हो गई ।

# मजबूती से चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

**बैठक**

- बाराबंकी सीट छोड़ने पर पूर्व सांसद पुनिया ने अखिलेश का जताया आभार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने बाराबंकी की संसदीय सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घटक दलों के साथ मिलकर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और विजय हासिल करेगी।

पुनिया कांग्रेस के लिए सीट छोड़ने पर बधाई देने आए कार्यकर्ताओं और विभिन्न घटकदलों के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। पूर्व सांसद ने कहा कि 2024 के आम चुनाव के बाद अगर देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनी तो हम देश के अन्नदाता को एमएसपी देंगे। इस अवसर पर सपा की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव तरन्नुम निशां, नगर अध्यक्ष शादाब खानम, शबाना खातून, सभासद एवं अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष रविशंकर उर्फ लल्ला यादव सहित दर्जनो समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओ ने बधाई दी और एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने और कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जितवाने का विश्वास दिलाया। बैठक में बाराबंकी के संभावित कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया, जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन मौजूद थें। तनुज पुनिया ने कहा कि एक ही ध्येय है कि बाराबंकी का चहुंमुखी विकास हो। पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा के संचालन में आयोजित बैठक में मो. इजहार सिद्दीकी, के.सी श्रीवास्तव, अजीत वर्मा, रामहरख रावत, सिकन्दर अब्बास रिजवी, दिलशाद वारसी, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, इरफान कुरैशी, सै. सुहेल, आफाक अली, वीरेन्द्र यादव, अजय रावत, ज्ञान सिंह यादव, विजयपाल गौतम, अली अब्बास जैदी, संत शरण वर्मा, मोनू वर्मा, महेन्द्रपाल वर्मा, शहजादे आलम वारसी, फरीद अहमद, सुरेश चन्द्र बैसवार मौजूद रहे।

**आयोजन** ग्रामीण कृषि मौसम सेवा सेमिनार व जागरूकता कार्यक्रम

# मेघदूत एप से मिलेगी मौसम की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बदलते मौसम में कृषि को बचाना, कृषि जोखिमों को कम करना किसानों के लिए बहुत जरूरी हो गया है। मौसम आधारित कृषि जोखिम से बचने के लिए मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा मेघदूत एप और आईएमडी की वेबसाइट पर मौसम पूर्वानुमान का बुलेटिन जारी किया जाता है। इसकी जानकारी से किसान मौसम आधारित कृषि का जोखिम कम कर सकते हैं।

यह विचार दरियाबाद ब्लॉक के किसानों के लिए आयोजित सेमिनार में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राज्य कृषि मौसम विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने व्यक्त किये। जेबीएस महाविद्यालय दुलहदेपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक संख्या में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सेमिनार का उद्घाटन एमएलसी अंगद कुमार सिंह की पत्नी पूनम सिंह व वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह, कृषि वैज्ञान केन्द्र हैदरगढ़ की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रूपन रघुवंशी एवं संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पूनम सिंह ने कहा कि जानकारी ही हमें खतरों से बचा सकती है। मौसमी जोखिम से खेती की सुरक्षा के लिए यह कार्यक्रम किसानों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि जलवायु सक्षम खेती को अपनाया जाना चाहिए। वैज्ञानिक डॉ. रूपन रघुवंशी ने बताया कि हमारी खेती मौसमी तत्वों पर निर्भर करती है, मौसमी तत्व, फसलों के प्रकार व विभिन्न प्रजातियां इत्यादि की जानकारी रखनी चाहिए। इस मौके पर राधेश्याम, अशोक, पूजा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह को सम्मानित करते रत्नेश कुमार व अन्य।

# राम दरबार की शोभायात्रा पर भक्तों ने बरसाये फूल

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** राम दरबार की शोभायात्रा पूरे नगर में निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी इस शोभायात्रा में सजाया गया रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

नगर के मोहल्ला पचघरा में स्थित बड़ा ठाकुरद्वारा श्रीराम जानकी मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत दोपहर में निकली इस शोभायात्रा में श्रीराम परिवार के साथ राधाकृष्ण, लक्ष्मी गणेश आदि देवताओं की झांकिया सजाई गईं थीं। इस मौके पर कृष्ण नारायण निगम, रामकुमार निगम, गुड्डू सोनी, सुशील निगम, कमलू गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**क्षतिग्रस्त हो गई थी मूर्ति:** श्रीराम जानकी मन्दिर बडा ठाकुर द्वारा में करीब 6 माह पूर्व मन्दिर बंद होने के बाद आग लग गई थी। इसके चलते श्रीरामजी की अष्टधातु से निर्मित मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुनः नई मूर्ति के साथ श्रीराम, लक्ष्मण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सूचित किया जाता है 1 फार्म 38 न0- FF-0146115 एवं 2 फार्म C न0. 0558729, 0558730 Might Scientific Sales के नाम से जारी हुए जो की वास्तव में खो गए हैं।

**सूचना**
मेरा फ्लैट नं. G 903, KDA Signature Greens विकास नगर कानपुर, कब्जा एवं आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। **बृजमोहन कानोड़िया पुत्र स्व. लालचन्द्र कानोड़िया मयंक कानोड़िया पुत्र बृजमोहन कानोड़िया कानपुर नगर**

**सूचना**
पहले मेरा नाम HINA KHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम SAYMA KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
**W/O: SARFRAZ AHMAD KHAN R/O: 51, SHADAB COLONY RAHEEM NAGAR MAHANAGAR, LUCKNOW**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपनी पुत्री हर्षिता साहू को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। इनके द्वारा कारित किसी भी कृत्य से मेरा कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। **अनीता साहू पत्नी स्व0 सन्तोष साहू निवासिनी– म.नं. 290/65/5, पाण्डेय का तालाब, मालवीय नगर, बत्रा पट्रोल पम्प के पास तालकटोरा, लखनऊ– 226017**

**सूचना**
सूचित हो कि मै पूजा आनन्द अग्निहोत्री पत्नी आनन्द अग्निहोत्री, निवासिनी– 137 ग्राम व पो0 खीरों, थाना खीरों, जनपद रायबरेली, शादी से पूर्व नाम पूजा शर्मा पुत्री जगदीश प्रसाद शर्मा, निवासिनी– 2/321 एन0टी0पी0सी0 ऊँचाहार, रायबरेली था जिसे बदलकर शादी के बाद पूजा आनन्द अग्निहोत्री पत्नी आनन्द अग्निहोत्री, निवासिनी– 137 ग्राम व पो0 खीरों, थाना खीरों, जनपद रायबरेली कर लिया है।

**NOTICE**
In my army record my father's name is wrongly mentioned as Shri Bala Prasad and date of birth as 01.01.1975 instead of name Bala Prasad Chourasiya date of birth 01.01.1966. Mother's name is wrongly mentioned as Beban Bai, date of birth 01.07.1980 instead of Beban Bai Chourasiya date of birth 01.01.1968. Army No 14834512W, Havildar/ MT Manohar Chourasiya S/o Bala Prasad Chourasiya, Resident- Ward- 16, Chourasiya Mohalla, Bilhari, Katni, Madhya Pradesh- 483501.

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **कृष्ण बहादुर सिहं पुत्र शिव गुलाम सिंह, निवासी– ग्राम–सतांव, पर0तह0व जिला रायबरेली,** परिवार रजिस्ट्रर्ड नकल में मेरा नाम त्रुटिवश कृष्ण कुमार पुत्र शिव गुलाम सिंह अंकित हो गया है जिसके स्थान पर मेरा सही नाम कृष्ण बहादुर सिहं पुत्र शिव गुलाम सिंह अंकित किया जाय तथा मेरे पुत्र का नाम कामाक्षा पुत्र कृष्ण कुमार के स्थान पर सही नाम गुरू महंत बाबा पुत्र कृष्ण बहादुर सिंह अंकित किया जाय।

## एक नजर

### भंडारा आज

**सरेनी, रायबरेली।** रानीखेड़ा गांव में एक पखवाड़े से चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में 24 फरवरी को विशाल भंडारा होगा। यह जानकारी आयोजक अशोक कुमार पाण्डेय ने दी है। उन्होंने सभी से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। कमेटी के लोगों में कौशल किशोर पांडेय, महेशचंद, आशीष पांडेय, उत्कर्ष पांडेय, मयंक पांडेय, विकास पांडेय, सत्यम पांडेय, सौरभ पाण्डेय, विपिन, नीरज अमित आदि लोग शामिल हैं। मुख्य यजमान उषा पांडेय हैं।

### लाठी-डंडे से किया हमला

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के गोविंदपुर वलौली गांव में मामूली कहानी की घटना मारपीट में बदल गई और गांव के ही अंजनी त्रिवेदी ने रिंकू पांडे पुत्र लाला पांडे को लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने रिंकू का मेडिकल कराकर मामला दर्ज कर लिया है। लालगंज पुलिस ने बताया कि आरोपी की खोजबीन की जा रही है।

### पुलिस नहीं कर रही महिला की सुनवाई

**लालगंज, रायबरेली।** पूरे भिखिया मजरे बहाई गांव की माधुरी देवी पत्नी देशराज को जमीन विवाद में गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में शिकायत के बावजूद बहाई चौकी इंचार्ज ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता का आरोप है कि वह थाने गई थी, जहां उसका प्रार्थना पत्र तो लिया गया, लेकिन उसे मेडिकल कराने के बजाये बहाई चौकी इंचार्ज ने उसे थाने से भगा दिया। महिला ने बताया कि वह अपनी भूमिधरी जमीन पर मकान बनाकर रह रही है। विपक्षीगण जबरन उसके मकान पर कब्जा करने की नीयत से आए और उसे मारा पीटा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी है। वहीं, बहाई चौकी इंचार्ज मामले में जांच कराने की बात कह रहे हैं।

### छात्रों को किया सम्मानित

**रायबरेली।** रायन इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर ग्रेस पिंटो का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने जन्मदिन की अवसर पर केक काटा तथा मिठाइयां बांटी। प्रधानाचार्या सदफ खान ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। प्रमाण पत्र एवं मैडल पाकर मेधावी चहक उठे। इसमें वात्सल्य मिश्रा, काव्या शर्मा, आरोही, वेदांत रस्तोगी, आनंदिता को सम्मानित किया गया।

## गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने लूट आदि अपराध करने वाले तीन अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चमनगंज कानपुर निवासी इमरान अल्टर पुत्र आशिक अली, सोनिया गांधी नगर थाना चौक लखनऊ निवासी दिलशाद पुत्र माशूक और हसवा थरियाव फतेहपुर निवासी पम्मू सोनी पुत्र अंबिका सोनी के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों अभियुक्त गिरोह बनाकर अपराध करने में माहिर बदमाश हैं। इन्होंने लालगंज में एक स्वर्णकार व्यवसायी के साथ 65 लाख के जेवरातों की लूट की थी।

# याद जब भी आती है तुम्हारी, मैं तिरंगे को चूम लेती हूं...

**अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित**

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** निराला सृजन मंच एवं वीआर फाउंडेशन की ओर से निराला जयंती पर डलमऊ ब्लाक परिसर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया गया। देर रात आयोजित कार्यक्रम में कवियों एवं शायरों ने अपनी वाणी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व कवि रमाकांत द्वारा प्रस्तुत निराला रचित वंदना "वर दे वीणा वादिनी वर दे" से हुआ। बाराबंकी की अंकिता शुक्ला ने अपने गीतों व मुक्तकों से सबका मन मोह लिया। फैजाबाद से आए मन्नान सुल्तानपुरी ने पढ़ा - फिर भी आवारा हूं मैं, घर मेरा सबको पता है फिर भी बंजारा हूं मैं..., शायर शमसुद्दीन अजहर ने पढ़ा मां ने कहा था कि पेड़ भी सोते हैं रात में, सोते दरख़्त मैंने जगाया नहीं कभी..., प्रतापगढ़ की प्रीति पांडेय ने पढ़ा याद जब भी आती है तुम्हारी, मैं तिरंगे को चूम लेती हूं... की सभी ने खूब प्रशंसा की।



कवि सम्मेलन व मुशायरा में कविता संग्रह का विमोचन करते कवि और शायर।

नवगीत कवि जय चक्रवर्ती ने पढ़ा जाओ जनगण देश के उठो मचाओ शोर, लिए तुम्हारी रोटियां भाग रहे हैं चोर..., कवि रमाकांत ने पढ़ा काश! यह रात आखिरी निकले, सुबह हो जल्द रोशनी निकले..., कवि मनोज कुमार मंजुल ने अपने शानदार गीत से सबको खुश किया। उन्होंने पढ़ा - मत हार मुसाफिर जीवन से मंजिल तक तुझको जाना है।

वरिष्ठ कवि राम नारायण रमण ने अपने गीतों एवं मुक्तकों से जनमानस को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने पढ़ा- चर्चा है कुछ लोग निराला को मंडी में बेच रहे..., फैजाबाद से आए सोमनाथ अनाड़ी ने कई सुंदर गीत प्रस्तुत किए। उनके गीतों को जनसमूह ने करतल ध्वनि से सराहा। कवि सुंदर लाल मनमौजी की कविताओं को श्रोताओं ने प्यार से सुना। मधुप श्रीवास्तव नरकंकाल ने अपनी हास्य व्यंग रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक गुदगुदाया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शायर नाज प्रतापगढ़ी ने अपने शेरों से समां बांध दिया।

कार्यक्रम के शुरुआत में ब्लाक प्रमुख शिवराम रावत, विकास शर्मा प्रधानाचार्य, जयंत यादव, दुष्यंत, राजेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, मंजुल, वेद प्रकाश आदि ने सभी कवियों एवं शायरों का अंगवस्त्र भेंट कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे के मंच से युवा कवि मनोज कुमार मंजुल के प्रथम कविता संग्रह "मत हार मुसाफिर जीवन से" का विमोचन उपस्थित कवियों एवं शायरों द्वारा किया गया।

# भटक रही दुष्कर्म पीड़िता ने एसपी ऑफिस में खाया जहर, हालत गंभीर

**लालगंज कोतवाली क्षेत्र की है पीड़िता, जिम्मेदारों की अनसुनी से आहत होकर जान देने का किया प्रयास | महिला सिपाहियों की मदद से पीड़िता को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका हो रहा इलाज**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सात वर्षों से भटक रही दुराचार पीड़िता के सब्र का बांध गुरुवार को उस समय टूट गया, जब वह एसपी कार्यालय पहुंची। यहां पर मौजूद अधिकारियों की बेरूखी से आहत होकर पीड़िता ने कार्यालय में जहर खा लिया। महिला की हालत गंभीर होते देख पुलिस महकमे के हाथ पैर फूल गए। इसके बाद खाकी की कुम्भकर्णी नींद टूटी और आनन-फानन में मौजूद पुलिस कर्मियों ने महिला सिपाहियों की मदद से पीड़िता को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने तत्काल आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली रेप पीड़िता लगभग सात वर्षों से न्याय मांगने के लिए थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा लगाकर थक चुकी थी। गुरुवार को एक बार फिर से अपने न्याय की गुहार लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। वहां पर एक बार फिर उसे निराश हाथ लगी।

इतना ही जिम्मेदारों की बेरूखी से इतनी आहत हो गई कि उसने तत्काल कार्यालय में ही जहर खा लिया। वहां पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने जब उसे तड़पता देखा तो सबके होश उड़ गए। महिला सिपाहियों को बुलाकर पीड़िता को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। महिला का आरोप है कि खीरों थाना क्षेत्र के भीतरी गांव के रहने वाले श्यामू सिंह ब्लैकमेल कर लगातार सात साल से मेरा रेप कर रहे हैं।

इसकी शिकायत में पुलिस में कर रही हूं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लालगंज कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि रेप पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।



जिला अस्पताल में महिला को लेकर इलाज कराने पहुंची पुलिस।

**एसपी बोले, एएसपी से बात करें**

प्रदेश के मुख्यमंत्री का आदेश को भी जिम्मेदार नहीं मान रहे हैं। बात उस महकमे की हो, जहां पर अपराध रोकने की जिम्मेदारी हो। वहां पर तैनात अफसर इतने गुमान में रहते हैं कि जवाब देना तक मुनासिब नहीं समझते। बताते है कि एसपी कार्यालय में भी पीड़ित महिला के साथ ही कुछ ऐसा ही व्यवहार हुआ कि वह आहत होकर ऐसा कदम उठा लिया। इस संबंध में जब पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने पल्ला झाड़ लिया और कहा इसका बयान आप एएसपी से लीजिए मैंने बोल दिया है।

> महिला अपना प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय आई थी। महिला ने बताया 2017 से मेरा शोषण हो रहा है। इन्हीं सब बातों को लेकर महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। मुकदमा पंजीकृत कर तथ्यों के आधार पर जांच की जाएगी साक्ष्य संकलित कर अग्रिम विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। महिला की हालत अब सामान्य है।
>
> **-नवीन कुमार सिंह**
> **अपर पुलिस अधीक्षक, रायबरेली**

# परीक्षा देकर लौट रही छात्रा को कार सवार युवकों ने किया अगवा, चार गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली

**कोतवाल ने सक्रियता दिखाते हुए कार सवारों की चंगुल से छात्रा को कराया मुक्त**

**अमृत विचार।** हाई स्कूल की परीक्षा देकर वापस जा रही छात्रा को कार सवार युवकों ने अगवा कर लिया। हड़बड़ाहट में चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया, जिससे हाइवे पर जा रही एक महिला कार की चपेट में आ गई। इससे घटना स्थल पर लोगो की भीड़ लग गई थी। सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गई और कार सवारों का पीछा करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके निशानदेही पर वही दो अन्य को बाद में पुलिस ने गिरफ्तार किया। मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया गया है।

हरचंदपुर थाना क्षेत्र के बालापुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में रह कर पढ़ाई कर रही छात्रा कस्बे के जनपद इंटर कालेज में हाईस्कूल की परीक्षा प्रथम पाली में देने गई थी। वापस वह ई रिक्शा से अपनी अन्य सहेलियों के साथ वापस स्कूल जा रही थी। तभी विद्यालय से दो सौ मीटर पहले प्यारेपुर स्थित नैया नाले के पास आई एक आल्टो कार ने ई रिक्शा को रोक लिया और छात्रा को जबरन अपनी कार में बैठा लिया।

दिनदहाड़े अपहरण की जानकारी मिलते ही आसपास जहां हड़कंप मच गया। वही पुलिस प्रशासन की भी सांसे फूलने लगी। छात्रा को लेकर कार सवार युवक बछरावा हाईवे की तरफ भागने लगे। तभी वह हड़बड़ाहट में सामने से आ रही लुकवा खेड़ा गांव की गीता पत्नी कन्हैया को जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद वहां लोगो ने कार को घेर लिया।

इसी दौरान अगवा कर भाग रही कार का पीछा कर रही हरचंदपुर पुलिस भी पहुंच गई। मौके पर दो युवकों को दबोच लिया। वहीं दो अन्य युवक भागने में सफल हो गए। बाद में पुलिस ने उन्हें भी पकड़ने में कामयाब हो गई। पकड़े गए अमन सिंह निवासी हरनी, कोमल सिंह निवासी मवैयाखेड़ा, विकास सिंह बरई और विकास पूरे गुलाब सिंह गुनावर थाना हरचंदपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

> पीड़िता के पिता की तहरीर पर अपर्हता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-प्रमोद कुमार सिंह**
> **निरीक्षक हरचंदपुर**

### गांजे के साथ गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली।** पुलिस ने राजू पुत्र साबिर निवासी ग्राम थुलेडी को 1150 ग्राम गांजा के साथ दबोचा है। आरोपित के विरुद्ध स्थानीय थाने पर एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# नरेश उत्तम पटेल का हुआ स्वागत

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर टोल प्लाजा के पास सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का फतेहपुर दौरे के दौरान जिला अध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पुलिस पेपर लीक मामले को लेकर अभ्यर्थियों ने ज्ञापन देकर परीक्षा पुनः कराए जाने की मांग भी उठाई है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की सरकार है। बेरोजगारी से आम युवा जूझ रहा है। किसान परेशान है। फिर भी यह सरकार जुमलेबाजी से बाज नहीं आ रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। इस मौके पर बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, बृजेंद्र चौधरी, जिला सचिव हरीश चौरसिया, प्रमोद चौधरी, शकील मंसूरी, राजू यादव, बाबूजी, देशराज प्रधान, देवता दीन, शैलेंद्र यादव पूर्व प्रधान, मनोज चौधरी, आशीष पटेल आदि मौजूद रहे।



सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

### केंद्रीय मंत्री के गृह प्रवेश पर दी बधाई

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी के गौरीगंज स्थित नवनिर्मित भवन के गृह प्रवेश में सलोन से काफी लोग शामिल हुए। सलोन विधायक अशोक कुमार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह, कथा वाचक मुकेश आनंद महाराज, रीता पासी, सिद्धार्थ पासी, चेयरमैन विनोद कौशल, पूर्व प्रमुख सुखवीर सिंह, पूर्व प्रमुख उदय विक्रम सिंह, अजय सिंह उर्फ सोनू, डीह ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, सीपी श्रीवास्तव, संदीप मोदनवाल, मनीष मोदनवाल, अभय तिवारी, अखिलेश मौर्य, सतीश कौशल आदि ने केंद्रीय मंत्री व उनके प्रतिनिधि विजय गुप्ता को बधाई दी।

# तीन दुकानों में लगी आग हजारों का सामान राख

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में साइकिल की तीन दुकानों में आग लग गई। इससे हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। कस्बा अंतर्गत बांदा-बहराइच राजमार्ग पर ओवरब्रिज के नीचे कस्बे की सब्जी मंडी के रहने वाले गिरीश गुप्ता की साइकिल की दुकान है। बुधवार की रात लगभग दो बजे के आसपास उनकी तीन दुकानों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिसमें साइकिल के टायर, ट्यूब सहित हजारों रुपये का अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान का पूरा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित की मानी जाए तो लगभग 70 से 80 हजार रुपये का सामान भरा था, जो जलकर खाक हो गया है।

## सार-संक्षेप

### दो समुदायों में चले ईंट पत्थर, सात लोग गिरफ्तार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अहिया रायपुर में दुकान पर दूध लेने जा रहे युवक को एक समुदाय के दर्जन भर अधिक लोगों ने हमला कर दिया। उसे दौड़ा-दौड़ाकर इतना मारापीटा कि वह बेहोश हो गया। मरणासन्न समझ कर सभी वहां से भाग गए। जैसे ही घटना की जानकारी युवक के परिवारजनों को लगी मामले ने उग्र रूप ले लिया। देखते ही देखते एक पक्ष से ईंट पत्थर चलने लगे। इससे अफरा-तफरी मच गई। करीब घंटे भर तक बवाल चलता रहा। वहीं घटना की सूचना पुलिस महकमे को चली तो सबके हाथ पैर फूल गए। बवाल की जानकारी मिलते ही शहर कोतवाल सहित सीओ सिटी मौके पर पहुंचे और हालात को भांपते हुए मोर्चा संभाल लिया। मामला दो समुदायों से जुडा होने के नाते पुलिस ने सक्रियता बढ़ाते हुए बवाल करने वालों की गिरफ्तारी के लिए रात में ही छापेमारी शुरू कर दी। गुरुवार दोपहर तक सात लोगों को पकड़ लिया।

### ट्रक से टकराया डीसीएम, चालक की हालत गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** अनियंत्रित होकर एक डीसीएम पीछे से ट्रक से टकरा गया। इसमें डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर अस्पताल रेफर कर दिया। हरियाणा प्रांत के करनाल जिले के अंतर्गत निस्सी थाना क्षेत्र के गांव गोंदर निवासी रामबुल गुरुवार की भोर में प्रयागराज से डीसीएम में कबाड़ का सामान लादकर पंजाब जा रहा था। तभी क्षेत्र के कानपुर-उन्नाव राजमार्ग पर स्थित जमुनापुर चौराहे पर डीसीएम अनियंत्रित होकर पीछे से आगे जा रहे ट्रक से टकरा गया। घटना में चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकालकर एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि घायल अवस्था में युवक सीएचसी आया था, जिसके पैर में गम्भीर चोटें होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### निबंधन कार्यालय में तैनात बाबू के खिलाफ हुई शिकायत

**लालगंज, रायबरेली।** अधिवक्ता शिवशंकर पांडे और बैनामा लेखक राकेश श्रीवास्तव ने उप निबंधक लालगंज को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कार्यालय मे कार्यरत बाबू इफतेखार अली का स्वभाव अत्यन्त स्वेच्छाचारी और अव्यवहारिक है। आये दिन किसी न किसी अधिवक्ता और किसी न किसी बैनामा लेखक, मुंशी से इसका विवाद होता रहता है। अधिवक्ता शिवशंकर पांडे ने कहा कि मुझसे ही कम से कम तीन बार इफ्तिखार बाबू से विवाद हो चुका है। पूरा दिन पान मशाला, गुटखा आदि खाकर बैठता है। अक्सर देखा जाता है कि कार्यालय का कोई कार्य नही करता है। कमीशन के चक्कर में बाहर घूमता रहता है और अभ्रद व्यवहार भी करता है।

### कला स्नातक की उपाधि से छात्र सम्मानित

**बछरावां, रायबरेली।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महाराजगंज विकासखंड की राघवपुर ग्राम सभा निवासी रमेश कुमार बाजपेई के पुत्र रुद्र नारायण बाजपेई को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से दीक्षांत समारोह 2023 के दौरान कला स्नातक की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर रुद्र नारायण बाजपेई के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस खुशी के मौके पर रुद्र नारायण बाजपेई के पिता रमेश कुमार बाजपेई का कहना है कि एक पिता के लिए इससे ज्यादा खुशी की बात क्या हो सकती है कि उसके बच्चे को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में एक विशेष विभाग की उपाधि से सम्मानित किया जाए। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे पूर्वजों एवं गुरुजनों का आशीर्वाद है कि आज मेरा बेटा इस लायक बन पाया है।



छात्र रुद्र नारायण बाजपेई

### रोजगार मेले में उमड़ी भीड़, 91 युवा चयनित

**बछरावां, रायबरेली।** खंड विकास कार्यालय प्रांगण में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 197 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें विभिन्न कंपनियों के आए हुए प्रतिनिधियों ने 91 युवाओं को अपनी-अपनी कंपनियों के लिए चयनित किया। गुरुवार की सुबह से ही खंड विकास कार्यालय प्रांगण में काफी चहल-पहल रही। यहां पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आए हुए युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। क्षेत्र के बहादुर नगर से आए हुए अवधेश कुमार का कहना है कि उनका यदि चयन हो गया तो निश्चित रूप से उनके परिवार में खुशहाली आए जाएगी। वही राजा राम मेहरबान खेड़ा के रहने वाले हैं। मेले में काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर जिला स्किल मैनेजर धर्मेंद्र मिश्रा, जिला प्रोग्राम मैनेजर दिनेश पाल और रामेंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



रोजगार मेला में जानकारी लेते अभ्यर्थी।

### विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

**संवाददाता, रायबरेली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली व टीसीआई फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में एकता सदन गुलाब रोड रायबरेली में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित उच्च जोखिम समूह के लोगों को उनके विधिक अधिकार विषय पर जानकारी प्रदान की गयी। शिविर में बताया गया कि उच्च जोखिम समूह को भी बिना किसी भेदभाव के गरिमापूर्ण जीवन जीने का अपरिहार्य अधिकार है। इस अवसर पर टीसीआई फाउडेशन की जिला कोआर्डिनेटर तमन्ना आफरीन, काउंन्सलर गीता श्रीवास्तव तथा पराविधिक स्वयं सेवक अभिषेक भारद्वाज, खुशबू भारती व उच्च जोखिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# अमेठी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची सतांव

सतांव, रायबरेली

**अमृत विचार।** सतांव गन्ना कांटा मैदान में चल रही पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति अन्तर्प्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को क्वार्टर फाईनल मैच खेला गया। इसमें सतांव ने अमेठी को हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया।

इससे पहले सतांव की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेठी की टीम ने निर्धारित 10 ओवरो में आठ विकेट खोकर 116 रन बनाये। अमेठी की तरफ से परवेज ने 15 गेंदों में 47 रनों की विस्कोटक पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सतांव की टीम की शुरुआत खराब रही। शुरुआती तीन ओवरों में महज 16 रन के स्कोर पर सतांव के तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट गये, लेकिन चौथे विकेट के लिए शहनवाज और आमिर ने 102 रनों की साझेदारी कर सतांव को जीत का स्वाद चखा दिया।

सतांव की तरफ से आमिर ने 17 गेंदों पर 46 और शहनवाज ने 21 गेंदों में 62 रनों की विस्फोटक पारी खेली। शहनवाज को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राज नारायण तिवारी ने प्रदान किया। इस मौके पर आयोजक कमेटी के वीरेंद्र सिंह, राजू सिंह, सुशील सिंह, सुंदरम सिंह, रामू सिंह, आशीष सिंह, राका आदि मौजूद रहे।



शहनवाज को मैन ऑफ द मैच की शील्ड देते मुख्य अतिथि राज नारायण तिवारी।

### हवन-पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**डलमऊ, रायबरेली।** सात दिवसीय भागवत कथा एवं तीन दिवसीय राधा कृष्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन अभिजीत मुहूर्त में मूर्तियों की स्थापना की गई। चार धामों के भ्रमण के बाद मूर्तियों को धार्मिक नगरी डलमऊ लाया गया और यहां पर विधि विधान से हवन पूजन के बाद कार्यक्रम संपन्न किया गया। श्री राधा कृष्ण, शनिदेव, जगन्नाथ जी, रामेश्वरम, द्वारकाधीश, बद्रीनाथ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन स्वामी कृष्णानंद भारती के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें रुक्मणी विवाह का वर्णन किया गया। भागवत कथा सुनने के लिए आसपास से भी लोग पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि संकट मोचन में स्थापित यह मंदिर जिले का ऐसा मंदिर है जिसका निर्माण तीन मंजिल में किया गया है।

# जन-जन को जोड़ेगी भाजपा: वीरेन्द्र

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जन-जन का समर्थन जुटाने के लिए रायबरेली सहित पूरे प्रदेश में 25 फरवरी से लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएगी। लोकसभा रायबरेली क्षेत्र में चलने वाले लाभार्थी संपर्क अभियान की तैयारी को लेकर गुरुवार को भाजपा मंडल बछरावां की कार्यशाला नगर पंचायत सभागार में मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में "फिर एक बार मोदी सरकार" और "अबकी बार 400 पार" के संकल्प के साथ ही "अबकी बार रायबरेली भी पार" का संकल्प लेकर रायबरेली लोकसभा में भी कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों में लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सम्पर्क व संवाद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 25 फरवरी से 05 मार्च के मध्य लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। एक से तीन मार्च के मध्य विशेष अभियान चलाया जाएगा।



तैयारी को लेकर चर्चा करते रायबरेली लोस प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी व अन्य।

# योजनाओं का मिल रहा लाभ: राघवेंद्र

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भाजपा पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने गुरुवार को जिले के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान जनसंपर्क करते हुए प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कहा कि भाजपा सरकार की जनहित योजनाओं का लाभ सबको मिल रहा है। कोरोना महामारी में भी गरीबों को भूखा नहीं रहना पड़ा। नि:शुल्क भोजन से आज कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोता है, जबकि पूर्व की सरकारों में सिर्फ लूटखसोट का बोलबोला था। बछरावां ब्लॉक के खाले गांव मजरे समोधा में राजेश सिंह पूर्व प्रधान समोधा, लक्ष्मीकांत मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, अजीत सिंह आरएसएस जिला प्रमुख धर्म जागरण, सुंदर सिंह जी प्रखंड अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, मिथुन सिंह प्रखंड उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, रघुवीर पाल, संतोष कुमार, अशोक कुमार से मिलकर सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। पूर्व सांसद ने नीवां दुर्गा खेड़ा में लोगों से मिलकर क्षेत्र में हुए कार्यों की जानकारी ली। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही जल्द निस्तारण करने का भरोसा दिया।



जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों के साथ मौजूद पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह।

# शोपीस बना एटीएम उपभोक्ताओं में आक्रोश

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** बैंक उपभोक्ताओं को भटकना ना पड़े इसके लिए बैंको की ओर से एटीएम लगाए गए है। लेकिन खराब पड़े एटीएम पर जिम्मेदारों की नजर ही नहीं पड़ रही। कस्बा स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा बैंक के बाहर लगा एटीएम बीते एक महीने से लोगों को निराश कर रहा है। एटीएम से पैसे ना निकलने पर आए दिन लोगों के लिए समस्या बनी हुई है, जिसके चलते लोगों को अपनी छोटी-छोटी जरूरत के लिए बैंक में घंटो लाइन लगाकर पैसा निकालना पड़ रहा है। वही व्यापार मंडल अध्यक्ष अश्वनी सिंह उर्फ पिंटू ने बताया की महाराजगंज का यह एटीएम आए दिन खराब रहता है। यह एटीएम बीते लगभग एक महीने से खराब पड़ा हुआ है। कोई अधिकारी या कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में पैसा ना निकलने को लेकर आए दिन समस्या बनी रहती है। कस्बे के अंकुर गुप्ता, बब्बू वर्मा, कृष्ण कुमार कसेरा, प्रिंसू वैश्य, विमलेश वैश्य, प्रेमनाथ वैश्य व फिरोज अहमद सहित कई व्यापारियों ने एटीएम व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। वही इस मामले में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक राम विनय सिंह ने बताया की आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। जल्द ही इस समस्या को खत्म कर एटीएम को सुचारू रूप से चालू कराया जायेगा।

# खनन विभाग की मिलीभगत से चल रहा अवैध खनन का कारोबार

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ **खीरो ब्लॉक से निकल रहे गंगा एक्सप्रेस वे में हो रहा है मिट्टी खनन का खेल**

> सामान्य जगहों पर दो मीटर व तालाब की जमीन पर ढाई से तीन मीटर तक ही खनन किया जा सकता है, अगर इसके अतिरिक्त कही कोई खनन होता है तो उसको दिखवाया जाएगा
>
> **–उमाकांत, जिला खनन अधिकारी, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** जिले से गंगा एक्सप्रेस वे के निकलने के साथ ही मिट्टी की मांग बढ़ गई है। एक्सप्रेस वे के निर्माण में मिट्टी की आपूर्ति करने वाले खनन माफियाओ ने नीचे से ऊपर तक साठगांठ कर अवैध खनन का कारोबार चला रहे है। मिट्टी के अवैध खनन से खनन माफिया लाखों के वारे-न्यारे कर रहे है। वही ग्राम समाज को इस खनन की भविष्य में भारी कीमत चुकानी पड सकती है।

खनन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भूस्वामी की अनुमति के उपरांत ही मिट्टी का खनन किया जा सकता है। वही मिट्टी का खनन अधिकतम लगभग ढाई मीटर से अधिक नहीं किया जा सकता है। खनन के उपरांत खनन कर्ता को खनन की हुई जमीन में पौधरोपण करना अनिवार्य है। इन सभी मानकों ताक पर रख कर खनन माफिया मनमाने ढंग से खनन कार्य कर रहे है। भारी भरकम वाहनों के आने जाने से मार्ग तो क्षतिग्रस्त हो ही रहे हैं। इसी के साथ वायुमंडल भी प्रदूषित हो रहा है। आगामी बरसात में खनन की हुई जमीन में जलभराव होने से जनधन की हानि की सम्भावना से इंकार नही किया जा सकता है। इसके लिए खनन कर्ताओं की ओर से कोई कार्य योजना नही बनाई गई है। वाहनों के आवागमन से क्षतिग्रस्त होने वाले मार्गों के मरम्मत का दायित्व किसका होगा यह भी सुनश्चित नही है। निजी भूस्वामियों को धमका कर अथवा चोरी-छुपे उनकी जमीन पर खनन कार्य कर रहे है। वहीं खीरो ब्लाक के देवगांव, खानपुर खुष्टी व लच्छीपुर गांव में ग्राम समाज की जमीन पर ग्राम प्रधानों की उदासीनता के चलते खनन माफियाओं की पौ बारह है।


अवैध खनन से बिगड़ी तस्वीर।


खनन कर मिट्टी लेकर जाता डंपर।

# जिलाधिकारी ने चौपाल में सुनीं समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

डीह, रायबरेली


स्वामी विवेकानंद मनरेगा पार्क का लोकार्पण करतीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने गुरुवार को डीह ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।साथ ही संबधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के बाद जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में बनाये गए स्वामी विवेकानंद मनरेगा पार्क का लोकार्पण और पौधरोपड़ किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत भवन में बनी लाइब्रेरी व ओपन जिम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्वामी विवेकानंद मनरेगा पार्क व पंचायत भवन में बनी लाइब्रेरी की सराहना की।

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों को बुलाकर ग्रामीणों से पहचान कराई की इन्हें आप लोग जानते है। जिस पर ग्रामीणों ने कर्मचारियों को पहचानने की बात बताई। वृद्धा धनाऊ ने अपनी पेंशन रुकी होने की शिकायत की। जिस पर ग्राम विकास अधिकारी शिशिर सिंह ने बताया कि इनकी केवाईसी नहीं थी। इनकी एक सप्ताह पहले केवाईसी कराई गई है। जल्द ही खाते में पेंशन आ जायेगी। ग्रामीण मोतीलाल ने रास्ते की समस्या बताई जिस पर शिकायत के निस्तारण के निर्देश दिए।

महिला सुधा पत्नी शिवनरेश ने घर के ऊपर से निकले बिजली के तारो को हटवाने की मांग की, जिस जिलाधिकारी समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। ग्रामीण अजय मौर्य ने सही नाप न होंवे व गांव के पास बने मुर्गी फार्म को हटवाने की मांग की।

चौपाल के बाद जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद मनरेगा पार्क का लोकार्पण किया व पार्क में पौधारोपण किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने पंचायत भवन, पंचायत भवन में बनी लाइब्रेरी व ओपन जिम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मनरेगा पार्क व पंचायत भवन में बनी लाइब्रेरी की सराहना की। विकास कार्यो से संतुष्ट जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान दयावती को गांव में विकास के लिए तीन लाख के प्रस्ताव भेजने को कहा। ग्राम चौपाल में सीडीओ पूजा यादव, डीडीओ अरुण कुमार, एसडीएम आशुतोष राय, बीडीओ धीरेंद्र त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# अध्यापकों की मेहनत से बदल रही बेसिक शिक्षा की सूरतः डीएम

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पूरे जमुनिहा में गुरुवार को वार्षिकोत्सव व शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और विशिष्ट अतिथि सीडीओ पूजा यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।इस दौरान विद्यालय को आईसीआईसीआई बैंक की तरफ से उपलब्ध कराई गई डेस्क बेंच का डीएम ने उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी ने अभिभावकों से कहा कि प्राथमिक विद्यालय जमुनिहा के बच्चों की तरफ से पेश किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर अंदाजा लाया जा सकता है कि विद्यालय में किस स्तर पर मेहनत की जा रही है। विद्यालय में शिक्षकों की मेहनत से पूरी तरह से परिसर का रूप ही बदल गया है। विद्यालय का वातावरण के साथ ही यहां की शिक्षा व्यवस्था भी बहुत ही बेहतर है। विद्यालय के वातावरण और बच्चों के कार्यक्रम से खुश होकर जिलाधिकारी ने एमडीएम के लिए बच्चों को डाइनिंग शेड की सौगात दी। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने आईसीआईसीआई बैंक की तरफ से बच्चों को उपलब्ध कराई गई डेस्क बेंच का स्वागत करते हुए कहा कि हम चाहेंगे कि बैंक की तरफ से ऐसे ही अपने फण्ड से बेंच व अन्य जरूरत की सामान बेसिक शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराई जाती रहे। कक्षा तीन की छात्रा अल्पिका यादव का निपुण असिस्टेंट टेस्ट किया गया। छात्रा की पढ़ाई की स्पीड को देकर डीएम और सीडीओ ने खूब तारीफ की। निपुण विद्यालय घोषित होने का प्रमाणपत्र प्रधानाध्यापक प्रीति वर्मा और सहायक अध्यापक नीलम को डीएम व बीएसए द्वारा दिया गया।

विद्यालय के छात्रा अलशिफा, अल्पिका, तनु, राज, रियांशी, पायल, कोमल, लक्ष्मी, आयुषी, रिषी, अंशी, विवेक, बृजेश, गुलशन और सत्यम की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिषेक द्विवेदी ने किया। इस मौके पर बीईओ राही बृजलाल, बीईओ रोहनिया सत्य प्रकाश यादव, आईसीआईसीआई बैंक के रिजनल मैनेजर अखिल मिश्रा, अनुराग, अभिषेक सिंह, एरिया मैनेजर आशुतोष सिंह, शिक्षक गजेंद्र सिंह, दिलीप गुप्ता, अवधेश राठौर, आरएन सिंह, सुनीता सिंह, सरिता नागेन्द्र, मालती मौर्य, एआरपी विनीत त्रिवेदी, रेनू शुक्ला, धर्मेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मारपीट में घायल किशोरी की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में घायल किशोरी की लखनऊ ट्रामा सेंटर में चौथे दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही हरकत में आई पुलिस आरोपितों की छानबीन में जुट गई। बीते रविवार को क्षेत्र भटपुरवा मजरे डोमापुर गांव में मकान के छज्जा व पनारा के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। मामले में भटपुरवा गांव निवासी विशुना देवी पत्नी रामसनेही की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा एक ही परिवार के रामनरेश, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, राजेश कुमार, सुमित कुमार, रामजियाई सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की गई थी। मारपीट में एक ही पक्ष के विशुना, आरती व बबुला सहित तीन का गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा था। घटना के चौथे दिन गुरुवार को मारपीट में घायल बबुला पुत्री सूरज पाल की लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि किशोरी की मौत की जानकारी हुई है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

### आईआईटी मेंस में मारी बाजी

**महराजगंज, रायबरेली।** महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज के कक्षा 12 के छात्रों ने आईआईटी मेंस की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। प्रधानाध्यापक कमल वाजपेई ने बताया कि पूर्व की तरह इस वर्ष भी उनके कॉलेज के तीन छात्रों ने आईआईटी मेंस में अच्छे अंक लाकर संस्थान के साथ-साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। जमुरांवा गांव निवासी अजीत सिंह ने 93 फीसदी, महाराजगंज की दिव्यांशी रस्तोगी ने 88 फीसदी, महराजगंज के ही पियूष धीमान ने 68 फीसदी अंक प्राप्त कर आईआईटी मेंस में अपना परचम लहराया है। तीनों छात्रों की सराहना करते हुए प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस संस्थान के छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह संस्थान के लिए गौरव की बात है।


AJEET SINGH


PIYUSH DHIMAN


DIVYANSHI RASTOGI

### पेड़ से टकराई कार, चालक घायल


क्षतिग्रस्त कार।

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित नरबिला पुल के समीप एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें कार चालक अनुज शुक्ला घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गुमावा पुलिस चौकी अन्तर्गत पूरे मेहरवान मजरे नेरथुवा गांव के रहने वाले अनुज शुक्ला उन्नाव से अपने घर आ रहे थे। तभी नरबिला पुल के पास सामने से आ रही पिकअप के चलते कार अनियंत्रित होकर हाईवे के नीचे स्थित पेड़ से टकरा गई। स्थानीय लोगों द्वारा कार सवार अनुज शुक्ला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया, जहां इलाज चल रहा है। सीएचसी अधीक्षक अमित सिंह ने बताया सड़क हादसे में जख्मी अनुज शुक्ला खतरे से बाहर हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 पर करायें पंजीकरण

**संवाददाता, रायबरेली।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने समस्त शिक्षण संस्थाओं से कहा है कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की पूर्वदशम छात्रवृत्ति नियमावली, 2023 एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति नियमावली 2023 में यह प्राविधान है की निजी श्रेणी के शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की जायेगी, जो नेशनल स्कालरशिप (एनएसपी) पोर्टल पर पंजीकृत हो। उन्होंने कहा है कि इस कार्य में अपेक्षित रूचि न लिये जाने के कारण पूर्वदशम छात्रवृत्ति आवेदनों के डाटा प्रोसेस के समय आवेदन संदेहास्पद श्रेणी में आ गये हैं। सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि नेशनल स्कालरशिप पोर्टल 2.0 पर ऐसे संस्थान लॉगिन कर लें।

लॉगिन के उपरान्त पब्लिक कॉनर को सर्च में इंस्टीट्यूट एनएसपी का विकल्प खोजा जाए। निर्धारित समयावधि में निजी (प्रा0) श्रेणी के शिक्षण संस्थाओं का नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 पर पंजीकृत न होने के कारण संदेहास्पद श्रेणी में गये छात्र/छात्राओं के आवेदनों की त्रुटि का निवारण करना सुनिश्चित करें। यदि कोई अपात्र छात्र/छात्रा योजनान्तर्गत लाभान्वित होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित शिक्षण संस्था की होगी।

## मौलाना अबुल कलाम को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता, रायबरेली।** भारतरत्न एवं महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद ने अपना पूरा जीवन देष की आजादी के संघर्ष में गुजार दिया। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि मौलाना साहब मजहब के आधार पर देश के बंटवारे के हमेशा खिलाफ रहे, जिन्ना और सावरकर के विचारों के धुर विरोधी मौलाना अबुल कलाम आजाद देश के पहले शिक्षा मंत्री बने। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रुप से राजकुमार दीक्षित, वीरेन्द्र यादव, प्रवक्ता महताब आलम, संतोष त्रिवेदी, हाफिज रियाज, आयुष द्विवेदी, विजय पटेल, कामता नाथ सिंह, रुपेष सिंह आदि मौजूद रहे।

# सख्ती का असर, 3675 छात्र छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा


एमजीआइसी में सीट प्लान देखते परीक्षार्थी।


महात्मा गांधी इंटर कालेज में परीक्षार्थी की जांच करती शिक्षिका।

▸▸ **डीआइओएस, बीएसए समेत जिले के अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल, इंटर परीक्षा के पहले दिन सख्ती का असर देखने को मिला। दोनों पालियों में 3675 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान डीआईओएस, बीएसए समेत जिले के अधिकारियों ने अलग-अलग केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही सीसी कैमरे भी देखे।

जिले में 108 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सुबह से ही बच्चे परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। चेकिंग के बाद ही उन्हें अंदर प्रवेश करने दिया गया। पहले दिन 65976 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 62301 परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रथम पाली हिंदी में 1786 बालिका और 813 बालक अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली वाणित्य में पांच, हिंदी में 381 और सामान्य हिंदी में 690 अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने बताया कि परीक्षा नकलविहीन कराने के निर्देश दिए गए हैं। कहीं पर कोई गड़बड़ी नहीं मिली है।

बछरावां नगर व क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच में बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत हुई। बोर्ड परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें प्रथम पाली में हाई स्कूल का हिंदी का पेपर व द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट का हिंदी का पेपर सकुशल संपन्न हुआ। बछरावां नगर व क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों में कोई अराजकता का माहौल नहीं रहा। सभी छात्रों की कॉलेज के गेट पर ही विद्यालय स्टाफ द्वारा सघन तलाशी लेकर ही परीक्षा देने के लिए अंदर भेजा गया। नगर में उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, जीपीसीएल पब्लिक इंटर कॉलेज सहित समस्त परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम रहा।

### सामान्य की जगह साहित्यिक हिंदी का दे दिया प्रश्नपत्र

कस्बा खीरों के परीक्षा केन्द्र श्री सरस्वती इंटर कालेज खीरों में परीक्षा दे रहे छात्रों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। छात्र शुभम् कुमार, आशीष कुमार, अनुज कुमार, अखिलेश यादव आदि ने बताया कि उन्हें पहले तो दो बजे के बजाय लगभग पन्द्रह मिनट बाद प्रश्नपत्र दिया गया। उसमें भी उन्हें विज्ञान वर्ग की सामान्य हिन्दी के स्थान पर कला वर्ग की साहित्यिक हिन्दी का प्रश्नपत्र दे दिया गया। प्रश्नपत्र पढ़ने पर जब सभी छात्रों ने कक्ष निरीक्षक से शिकायत करते हुए सामान्य हिन्दी के प्रश्नपत्र की मांग की। तब उनके प्रश्नपत्र बदलकर सामान्य हिन्दी के प्रश्नपत्र दिए गए। इस तरह सभी छात्रों को लगभग 30 मिनट तक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिससे समय कम मिलने से कई बच्चे कुछ प्रश्नों के उत्तर नहीं दे सके। इस संबंध में केन्द्र व्यवस्थापक डॉ. ज्ञान प्रकाश दुबे ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से जो प्रश्नपत्र प्राप्त हुए थे उनमें एक प्रश्नपत्र में कई प्रश्नपत्र लिपटे हुए थे। जिसके चलते कुछ बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# लंबित पत्रावलियों के निस्तारण में बैंक लाएं तेजी

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ **सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न**

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (बैंकर्स) की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंडित दीनदयाल रोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ओडीओपी योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए। अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए। इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें तथा आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवम राजस्व) पूजा मिश्रा ने सम्बन्धित बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि बैंक वसूली की आरसी पोर्टल पर अपलोड करने के उपरान्त हार्ड कापी कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए, जिससे वसूली आदि प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण किया जा सके। इस मौके पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी व बैंकर्स उपस्थित रहें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेवली, विकास खण्ड–सांगीपुर–प्रतापगढ़**

पत्रांकः 08/ग्रा0पं0/2023–24 **टेण्डर नोटिस** दिनांकः 20.02.2024

राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित कराने हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं। जो दिनांक 27.02.2024 को सायं 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सायं 04.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डर दाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे। किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये निरस्त करने कर अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता /टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद/चेक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी। जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी। टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 100/– रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 02.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

| क्रम सं0 | सामग्री का विवरण | आपूर्ति हेतु अवधि | धरोहर धनराशि | आपूर्ति स्थल/ कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ईट, गिट्टी, मौरंग, लोहा, सीमेन्ट आदि | 07 दिन | – | उच्च प्राथमिक विद्यालय में बाउन्ड्रीवाल निर्माण |
| 2 | ईट, गिट्टी, मौरंग, लोहा, सीमेन्ट आदि | 07 दिन | – | प्राथमिक विद्यालय बेवली में बाउण्ड्रीवाल निर्माण |

प्रतिबंध/निर्देश– (1) सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी। (2) बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा। (3) सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्य स्थल पर प्राप्त करानी होगी।

प्रधान — ग्राम पं0 बेवली, सांगीपुर–प्रतापगढ़ — ग्राम विकास अधिकारी

समस्या

**माघी पूर्णिमा स्नान को लेकर जिम्मेदार बेफिक्र, सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और गड्ढे**

# गंगा घाट सड़क से गुजरना स्नानार्थियों के लिए चुनौती

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** दक्षिणी वाहिनी मां गंगा तट गोकर्ण ॠषि की तपोस्थली रहे गोकना गंगा घाट तक पहुंचना किसी बड़े जोखिम से कम नहीं है। गंगा घाट तक जाने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील है। इन पर निकलने वाले डंपरों ने मार्ग को कीचड़ में सराबोर कर दिया है। ऐसे में स्नान पर्वों पर आने वाले दर्शनाथी कैसे गंगा घाट तक पहुंचेंगे, ये यक्ष प्रश्न है।

सूची-खरौली मार्ग से जुगराजपुर गांव से लेकर गोकना गंगा घाट तक करीब तीन किमी मार्ग बहुत बदहाल है। इस मार्ग की मरम्मत के नाम केवल खानापूरी होती रही है, जिसके कारण पूरा मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इधर इस मार्ग से डंपर निकल रहे हैं, जिन्होंने बदहाल मार्ग को और बदतर कर दिया है। अब इस मार्ग पर केवल खतरनाक गड्ढे और चिकनी मिट्टी का कीचड़ भरा हुआ है। जिस पर सफर करना बड़ा दुश्वारियों भरा है। इस बीच 23 और 24 फरवरी को माघी पूर्णिमा का दो दिवसीय मेला गोकना गंगा घाट पर होना हैं। इस मेले में आने वाले स्नानार्थियों के लिए यह रास्ता गंगा घाट तक पहुंचने में रोड़ा बना हुआ है। जिम्मेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे है। महत्वपूर्ण स्नान पर्वों पर यह सड़क वाहनों से भर जाती है। पहले भी इस मार्ग पर जाम की समस्या बन जाती थी, किंतु अब कीचड़ भर जाने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बलवती हो गई है।


गोकना गंगा घाट मार्ग पर बने गड्ढे और उसमें भरा कीचड़।

### नहीं सुनते अधिकारी

गोकना गंगा घाट के वरिष्ठ पुरोहित और मां गंगा गोकर्ण समिति के महासचिव जितेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि उन्होंने इस मार्ग की मरम्मत और स्नानार्थियों को सुगम सफर हेतु कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिया। प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर भी सड़क की बदहाली की बात रखी है, किंतु इस मार्ग की दशा सुधारने की कोई कोशिश नहीं हो पा रही है। जिससे स्नानार्थियों के सामने भारी परेशानी है। हर माह में अमावस्या और पूर्णिमा के दिन गंगा घाट पर हजारों लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं।

# दानेश्वर मंदिर का जल्द जीर्णोधार होगा : अजय

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** महाराजगंज नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात साहू ने भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल से मुलाकात की।

साथ ही उनके द्वारा उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग में काफी समय से लंबित महराजगंज नगर पंचायत विस्तार के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्यों हेतु विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर जल्द से जल्द धन जारी करने के संबंध में बातचीत की। ज्ञापन सौंपते हुए भगवान शिव जी का सौ वर्ष पुराना और साढ़े चार बीघा क्षेत्र में फैले ऐतिहासिक दानेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार, बारात घर और धर्मशाला के निर्माण आदि की मांग की।

बताया कि इन सभी तीनों कार्य के लिए छह करोड़ रुपए का एस्टीमेट गया है जो कि कम से कम है। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने उक्त पूरे मसले को ध्यानपूर्वक सुनकर कहा कि वह उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से बातचीत कर जल्द से जल्द धन उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ



वेणीमाधव इंटर कालेज में छात्रों की तलाशी लेती शिक्षिका। अमृत विचार



जीआईसी परीक्षा केंद्र पर छात्रों की तलाशी लेते शिक्षक। अमृत विचार



जीआईसी स्थित कंट्रोल रूम पर तैनात कर्मचारी। अमृत विचार

# छोटे की जगह बड़ा भाई दे रहा था 10वीं की परीक्षा

## बोर्ड की परीक्षा देते हुए पकड़ा गया मुन्नाभाई, नीभापुर साण्डी के दीनानाथ बीपी इण्टर कालेज का मामला

हरदोई

**अमृत विचार।** नकल विहीन परीक्षा कराने के तमाम दावों के बीच बोर्ड परीक्षा के पहले ही दिन छोटे भाई की जगह पर उसका बड़ा भाई मुन्नाभाई बन कर हिंदी की परीक्षा देते हुए दबोच लिया गया। इसका पता होते ही सरकारी अमले में हड़कंप मच गया। वहां पहुंचे एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने सारे मामले की गहराई से छानबीन की।



पकड़ा गया युवक।

बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के जरौली नेवादा निवासी मानूस पुत्र अनवारुल ने 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए आरएल इंटर कालेज साण्डी से फार्म दाखिल किया था। साण्डी के ही नीभापुर के दीनानाथ विद्यापीठ इण्टर कालेज पहुंचा। गुरुवार को 10 वीं की हिंदी की परीक्षा शुरु हुई। उस बीच वहां पहुंचें चेकिंग बैच ने परीक्षा कक्ष में परीक्षा दे रहे एक परीक्षार्थी से उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम यूनुस बताया, उसके प्रवेश-पत्र पर फोटो भी दूसरा चस्पा हुआ था। उसका कहना था कि वह अपने छोटे मानूस की जगह पर परीक्षा दे रहा था। उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। बोर्ड परीक्षा मे मुन्नाभाई के पकड़े जाने का पता होते ही सेंटर पर हड़कंप मच गया। वहीं एसपी श्री गोस्वामी भी वहीं पहुंच गए। उन्होंने परीक्षा देते हुए पकड़े गए युवक से ज़रूरी पूछताछ की।

### पहले ही दिन परीक्षा में पकड़ा गया मुन्नाभाई

नकल विहीन बोर्ड परीक्षा कराने के दावे को अमल में लाने के लिए कई दिनों से सरकारी अमला जुटा हुआ था लेकिन पहले ही दिन मुन्नाभाई के पकड़े जाने से सरकार के सारे दावे हवा के साथ हवा हो गए। इसे लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की बातें हो रहीं है। आखिर नकल विहीन बोर्ड परीक्षा की कैसी तैयारी की गई थी ? लोगों का कहना है कि जब प्रवेश-पत्र पर मानूस का फोटो चस्पा था और उसका भाई यूनुस परीक्षा देने पहुंचा तो उसे प्रवेश कैसे मिल गया। इसके लिए केन्द्र व्यवस्थापक को ज़िम्मेदार माना जा रहा है और कहा जा रहा है कि अगर सही से सारे मामले की जांच की जाए तो कई के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।



बजरिया में एसडी जनता इंटर कॉलेज में पेपर छूटने के दौरान छात्र और छात्राएं। अमृत विचार

### हिंदी में 4867 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी

**हरदोई, अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल हिंदी में 54150 परीक्षार्थियों में से 49283 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 4867 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। हाईस्कूल प्रारंभिक हिंदी में कुल 10 परीक्षार्थियों में से आठ परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि दो परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। डीआईओएस बाल मुकुंद प्रसाद ने बताया है कि इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान में कुल एक परीक्षार्थी रजिस्टर्ड था, दूसरी पाली में इंटरमीडिएट हिंदी और सामान्य हिंदी की परीक्षा हुई। डीआईओएस ने बताया कि सांडी के नीभापुर में परीक्षा देते हुए पकड़े गए युनूस पुत्र अनवारुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए गए हैं। मंडलीय उप शिक्षा निदेशक षष्ठ मंडल लखनऊ रेखा दिवाकर ने परीक्षा केंद्रों, कंट्रोल रूम और जनपदीय मानीटरिंग सेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें सारी व्यवस्था सही मिली। इसके अलावा पांच सचल दल परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण करते रहे।

### पहले दिन परीक्षा केन्द्रों पर नहीं दिखी पुलिस सुरक्षा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा प्रथम दिन बिना सुरक्षा व्यवस्था के संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर कहीं भी पुलिसकर्मी दिखाई नहीं दिए। प्रथम पाली में सुबह 8:30 बजे से 11:15 तक हाई स्कूल का हिंदी का पेपर तथा द्वितीय पाली में दो बजे से 5:15 तक इंटरमीडिएट की हिंदी के पेपर की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। नगर के प्राइवेट महाजन कालिका इंटर कॉलेज बरुआ बाजार, देशराज सिंह इंटर कॉलेज अल्लाहपुर, एसडी जनता इंटर कॉलेज बजरिया सहित सरकारी आरपीएम इंटर कॉलेज, श्री हर्ष पांडे इंटर कॉलेज, बसंत लाल इंटर कॉलेज नेहरू म्युनिसिपल कन्या इंटर कॉलेज और जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बताया गया कि फोर्स न होने की वजह से केंद्रों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी नहीं लगाई गई। लेकिन जल्दी ही परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी लगाई जाएगी।

## बोर्ड परीक्षा के बीच इंटर कालेज के प्रिंसिपल ने खुद को मारी गोली, लखनऊ रेफर

**हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली कछौना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभा दलेल नगर में स्थित जय सुभाष महाबली इंटर कालेज में संदिग्ध अवस्था में गोली चली। गोली चलने से प्रधानाचार्य घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया। जहां पर इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा की द्वितीय पाली की परीक्षा का प्रश्न पत्र हिंदी शुरू हो गया था। कोतवाली कछौना के दलेल नगर में स्थित जय सुभाष महाबली इण्टर कॉलेज के प्रधानाध्यापक कक्ष से गोली चलने की आवाज आई। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष सिंह ने अवैध असलहा से स्वयं को गोली मारने का मामला प्रकाश में आया। घायल को आनन फानन में कछौना ले जाया गया, जहां पर हालत गंभीर होने पर डॉक्टर की टीम ने लखनऊ के ट्रामा सेंटर को रिफर कर दिया। परीक्षा केंद्र पर अफरा तफरी मच गई। शिक्षक व परीक्षार्थी इस घटना से सहम गए। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि सभी बिंदुओं की जांच चल रही है। सीसीटीवी फुटेज व लोगों के बयान के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। इस घटना को लेकर तरह-तरह की अटकलों का दौर जारी है।

## 29 सेक्टर, 138 स्टेटिक मजिस्ट्रेट व छह सचल दल रख रहे बोर्ड परीक्षा की शुचिता पर नजर

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद ने गुरुवार से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर जीआईसी में बनाये गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा में 138 केंद्रों पर 97,468 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बोर्ड की परीक्षा पर छह जोनल मजिस्ट्रेट, 29 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 138 स्टेटिक मजिस्ट्रेट व छह सचल दल नजर रखेंगे। हाईस्कूल के 54,344 और इंटर के 43,124 विद्यार्थी हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर आंतरिक सचल दल बनाने के साथ ही नकल रोकने के लिए 5700 कक्ष निरीक्षक लगाए गए हैं इनमें 39 सौ परिषदीय विद्यालयों के और 1320 माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक शामिल है।

### छात्राओं ने भाला फेंक में दिखाया दम

**हरदोई, अमृत विचार।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 44वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह के तहत द्वितीय दिवस की प्रतियोगिताओं का आरम्भ छात्रों की 1500 मीटर की दौड़ के साथ प्रारम्भ हुआ। दूसरे दिन की महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में 1500 मी. की दौड़, 400 मी. की दौड़, छात्रों की भाला फेंक प्रतियोगिता, 100 मी. की फाइनल रेस, 400 मी. की रिले रेस का आयोजन किया गया।

# होनहार बच्चों को ग्राम प्रधान ने किया पुरस्कृत

हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड कछौना के संविलियन विद्यालय पैराकला कला न्याय पंचायत बालामऊ की संकुल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नौनिहालों के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले बच्चों को ग्राम प्रधान ने पुरस्कृत किया।

न्याय पंचायत बालामऊ के अंतर्गत विद्यालयों में शिक्षकों, शिक्षामित्र, अनुदेशकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गीता देवी ने सभी विद्यार्थियों को सत प्रतिशत उपस्थिति में पुरुस्कृत किया गया। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान जुडो में सिल्वर पदक पाने वाली छात्रा मुस्कान गौतम को ग्राम प्रधान द्वारा पुरस्कृत कर हौसला अफजाई की गई। विद्यालय के सहायक अध्यापक चंद्रप्रकाश को नवाचार हेतु बेस्ट प्रैक्टिसेस में प्रवेश स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त होने पर ग्राम प्रधान ने शिक्षक को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

अभिभावकों की सहभागिता से विद्यालय को निपुण बनाने की कार्य योजना बनाई गई। विद्यालय में एक अच्छा पुस्तकालय, खेलकूद मैदान, स्वच्छ पेयजल हेतु आरओ वाटर कूलर आदि सुविधाएं मुहैया कराने हेतु जनप्रतिनिधि से मांग पत्र दिया गया। शिक्षक ग्रामप्रधान व अभिभावकों की अच्छी पहल से विद्यालय को नई पहचान मिल रही है। नौनिहाल स्वयं विद्यालय पहुंच रहे हैं।




संकुल बैठक में छात्रा को सम्मानित करतीं ग्राम प्रधान। अमृत विचार

# विस्फोट होने से महिला घायल लखनऊ के लिए की गई रेफर

हरदोई

**अमृत विचार।** घर के अंदर सिलबट्टे पर कुछ पीसते समय अचानक हुए विस्फोट से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने तत्काल उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। महिला पोटाश पीस रही थी, लेकिन इस बारे में उसके घर वाले कुछ नहीं बोल रहे है।

गुरुवार को सवायजपुर निवासी अरविंद कुमार की पत्नी रेखा देवी घर में सिलबट्टे पर कुछ पीस रही थी, उसी बीच तेज़ धमाके के साथ रेखा के कपड़ों में आग लग गई। झुलसी रेखा को मेडिकल कालेज लाया गया, जहां से लखनऊ के रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि रेखा पोटाश पीस रही थी, लेकिन उसके घर वालों ने चुप्पी साध रखी है। कुछ का कहना है कि अरविंद के घर में पटाखे बनाए जा रहे थे, उसी के लिए रेखा पोटाश पीस रही थी।

# दवा लेने को लखनऊ गया युवक लापता, खोज शुरू

हरदोई

**अमृत विचार।** दवा लेने के लिए लखनऊ जाने की बात कहकर घर से निकला युवक लापता हो गया। बुधवार को गए युवक ने उसी दिन अपने घर वालों से मोबाइल पर बताया था कि वह बालामऊ पहुंच चुका है, लेकिन उसके बाद से उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। कोई अनहोनी होने से डरे उसके घर वालों का खाना-पीना सब छूट गया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मझिला थाने के पैगू सराय निवासी इमरान खां पुत्र इन्सान खां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका भाई इरफान 19 फरवरी की सुबह दवा लेने लखनऊ गया था। वहां से दवा लेकर वापस लौट रहे इरफान से उसकी मोबाइल पर बात हुई थी, जिसमें उसने वापसी में बालामऊ पहुंचने की बात कही थी। लेकिन काफी देर बाद भी वह घर नहीं पहुंचा, दोबारा बात करनी चाही तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। उसके बाद घर वालों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन बुधवार को तीसरे दिन भी उसकाकोई पता नहीं चल सका।



### पुनः कराई जाए आरक्षी भर्ती परीक्षा, विधायक को सौंपा पत्र

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 2024 को पुन: कराए जाने को लेकर अभ्यर्थियों ने विधायक आशीष सिंह आशू को पत्र सौंपा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 17 व 18 फरवरी को भर्ती परीक्षा कराई गई थी, लेकिन परीक्षा से पहले ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर क्यूचन पेपर वायरल हो गया था, जिसको लेकर विधायक आशीष सिंह आशू से अभ्यर्थियों ने पुन: परीक्षा कराए जाने को लेकर पत्र सौंपा है। जिसमें अभ्यार्थियों ने पूर्व से परीक्षा की तैयारी कर रहे लोग वंचित न रह सकें तथा शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच कराकर पुन: परीक्षा कराई जा सके। इस मौके विजय शंकर, विनीत पाल, रूबी, जितेंद्र हिमांशू पाठक आदि अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# सड़क के किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मानसिक रूप से विक्षिप्त एक व्यक्ति का शव एक गेस्ट हॉउस के पास सड़क के किनारे पड़ा मिला। पुलिस व्यक्ति की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त न हो सकी। गुरुवार को कटरा -बिल्हौर मार्ग पर 50 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति का शव सुबह पड़ा पाया गया जो काला जैकेट और नीला लाल लोवर पहने हुए था। मल्लावां पुलिस शव कब्जे में लेकर सीएचसी मल्लावां लाया गया, जहां उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन गुरुवार दोपहर तक उसकी शिनाख्त न हो सकी थी।

# सैकड़ों गांवों में पहुंचेंगे विहिप के कार्यकर्ता

**पिहानी, हरदोई।** विश्व हिंदू परिषद व श्रीराम जन्मोत्सव के 60 वर्ष पूरे होने पर कस्बे के ज्वाला देवी मंदिर में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गय। जिला सत्संग प्रमुख संजेश कुमार ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद व राम जन्मोत्सव के 60 वर्ष पूरे होने पर दो सैकड़ा गांवों में संपर्क किया जाएगा। इसके लिए पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। कार्यकर्ताओं में सक्रियता लाने के लिए संकल्प दिलाया जा रहा है। इसके लिए क्षेत्रीय टीम का लगातार दौरा हो रहा है। विश्व हिंदू परिषद के नगर कार्यवाह अभिषेक शुक्ला अनुज ने कहा कि यह वर्ष विश्व हिंदू परिषद का षष्टिपूर्ति दिवस है। षष्टिपूर्ति वर्ष में दो सौ गांव में संपर्क करने का लक्ष्य रखा गया है।

योजना — अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे वर्चुअल शिलान्यास

# 26 को होगी बालामऊ जंक्शन के नवनिर्माण की शुरुआत

हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड कछौना में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बालामऊ जंक्शन का नया स्टेशन भवन का निर्माण आधुनिक सुविधाओं से बनने की कवायद शुरू हो गई है। जिसका वर्चुअल शिलान्यास 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जाएगा। जिसके लिए रेलवे प्रशासन ने तैयारी युद्ध स्तर पर करनी शुरू कर दी है।

बताते चलें कि नये रेलवे स्टेशन का भवन निर्माण अब दक्षिण दिशा में कराया जा रहा है। स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार रेलवे ट्रैक से दक्षिण दिशा में रहेगा। प्रवेश द्वार को बेहतरीन लुक दिया जाएगा। इसके लिए रेल प्रशासन द्वारा 25 करोड़ की धनराशि जारी की गई। यात्रियों को सुरक्षित बेहतर यात्रा के लिए आधुनिक सुविधाएं, सामुदायिक शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए शौचालय, फुट ओवर ब्रिज, सीसीटीवी कैमरा से लैस, शुद्ध पेयजल, आधुनिक पुस्तकालय, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अच्छा अस्पताल, सुरक्षा हेतु जीआरपी, आरपीएफ भवनों का कायाकल्प, उच्च क्वालिटी की वाई-फाई सुविधा, विश्राम कक्ष, प्रतीक्षालय, बैठने के लिए बेंचे, कुर्सियां, गुणवत्ता पर कैंटीन आदि सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।पुराने आवासीय भवनों को तोड़कर कर पार्किंग, वाहन स्टैंड की व्यवस्था की जा रही है। यात्री सुविधाओं के लिए विकसित किया जा रहा है।

गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान वाणिज्य निरीक्षक अंबुज मिश्रा एवं जन सम्पर्क अधिकारी अभिषेक दीक्षित ने बताया कि बालामऊ रेलवे स्टेशन आधुनिक विश्व स्तरीय सुविधाओं वाला बनेगा। इसी के साथ सुठेना रेलवे क्रासिंग पर रेलवे अंडर पास बनाये जाने हेतु भी शिलान्यास पीएम मोदी जी के द्वारा 26 फरवरी को किया जायेगा।

यह आदर्श रेलवे स्टेशन अब मॉडल स्टेशन बनेगा। आवागमन भी सुगम होगा। इसको लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है। कछौना क्षेत्र को एक नई पहचान मिलेगी। 26 फरवरी वर्चुअल शिलान्यास को लेकर क्षेत्रीय सांसद, विधायक, एमएलसी, नगर अध्यक्ष, सभासद, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, व्यापार मंडल पदाधिकारी एवं प्रबुद्धजन समेत जनप्रतिनिधि साक्षी बनेंगे।



जानकारी देते रेलवे के अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद जयप्रकाश। अमृत विचार

### कल्याणकारी योजनाओं से आया बदलाव : सांसद

**हरदोई, अमृत विचार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अगले पड़ाव में गुरुवार को लोकसभा की सवायजपुर विधानसभा की नगर पंचायत पाली के मोहल्ला सांडी खेड़ा में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची। इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में सांसद जय प्रकाश ने महिलाओं की गोद भराई की रस्म व बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया। उन्होंने उपस्थित जनता जनार्दन को मोदी सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया व उनसे संवाद स्थापित किया। लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाणपत्र व आवास की चाभी वितरित की। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार की कल्याण कारी योजनाओं से आम लोगों के जीवन में काफी बदलाव आया है। इस बीच पाली मंडल अध्यक्ष शिवम तिवारी, कुलदीप मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष, रिजवान खां, प्रदीप पाठक जितेंद्र सिंह, अमित वर्मा, ईओ व समस्त अधिकारी और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीराम-सुग्रीव की मित्रता व बाली वध का हुआ मंचन

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में गुरुवार को सुग्रीव मित्रता व बाली वध की लीला का मंचन किया गया। श्री वृंदावन धाम से आए हुए गोविन्द गोपाल लीला संस्थान के संचालक स्वामी कन्हैया लाल के निर्देशन में लीला का मंचन दर्शाया गया है। जिसमें कि प्रभु श्री राम लक्ष्मण जाकर सुग्रीव से मिलते हैं और मित्रता करते हैं। मित्रता के लक्ष्मण कह कर सुनाते हैं और पूछते हैं कि तुम अपने राज्य को छोड़ कर पर्वत पर क्यों रहते हैं? सुग्रीव ने सारा वृतांत कह कर सुनाया तो प्रभु श्री राम ने सुग्रीव को बाली से युद्ध करने के लिए भेजा और सुग्रीव जाकर बाली को युद्ध के लिए ललकारने लगे! ललकार सुन बाली युद्ध करने के लिए आया तो उसे युद्ध करते-करते राज्य से बाहर ले आया और प्रभु श्री राम ने एक ही बाण से मार डाला। यह दृश्य देखकर भक्त बड़े भावुक हुए। वहीं रात्रि की बेला में पांचों पांडवों को वनवास होता है तो वन में भी की मुलाकात हिडम्बा से होती है और उसके साथ विवाह कर लेते हैं। उनसे एक पुत्र पैदा होता है जिसका नाम घटोत्कच होता है। कुछ दिन बाद घटोत्कच का विवाह होता है और एक पुत्र पैदा होता है, जिसका नाम बर्बरीक होता है और बड़ा होकर वह पांडव और कौरवों के युद्ध में भाग लेने पहुंच जाता है, क्योंकि बर्बरीक को तीन बाण मिले, जिससे वह युद्ध को समाप्त कर सकता था। भगवान कृष्ण ने छल करके बराबरी का सिर मांग लिया तो बर्बरीक ने कहा कि मुझे पूरा युद्ध देखना है तो भगवान ने आशीर्वाद दिया कि तुम जाओ खाटू श्याम जी के नाम से जाने जाएंगे।

### बाल बंदियों को सही नाश्ता और भोजन दें : जिला जज

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला जज राजकुमार सिंह ने गुरुवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ रद्देपुरवा स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया और बाल बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने संप्रेरक्षण गृह के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाल बंदियों को समय पर गुणवत्ता परक मीनू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध करायें और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि संप्रेक्षण गृह के साथ भोजनालय में विशेष सफाई व्यवस्था रखें और बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए बालीवाल, बैटमिन्टन, कैरम आदि खेल करायें तथा कौशल विकास मिशन के तहत सिंलाई, कढ़ाई, मैकैनिक आदि का प्रशिक्षण दिलायें। निरीक्षण के समय सचिव विधिक प्राधिकरण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधीक्षक सर्वेश कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण करते जिला जज व जिलाधिकारी।

## एक नजर

### कवि सम्मेलन आज

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। नगर के जूनियर हाई स्कूल मैदान में शुक्रवार की शाम छह बजे से विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन विधायक आशीष सिंह द्वारा कराया जाएगा। जिसमें युग कवि डॉ कुमार विश्वास, हिमांशु, गजेंद्र, हेमंत पाण्डेय, रश्मि शाक्य जो अपनी रचनाओं से शमा बांधेंगे।

### पत्रकार एसोसिएशन की शाखा शाहाबाद ने की बैठक

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। स्थानीय डाक बंगले में हरदोई पत्रकार एसोसिएशन की शाखा शाहाबाद की एक बैठक रविंद्र कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पत्रकारिता से संबंधित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त संगठन के परिचय पत्र नवीनीकरण को लेकर सभी पत्रकार साथियों से अपने-अपने फोटो उपलब्ध कराने की अपील की गई। संगठन के अध्यक्ष राम प्रकाश राठौर ने कहा कि पत्रकारिता करते वक्त अपने दामन को भी साफ रखने का पूरा प्रयास करें। बैठक में उमैर अली खान, संजीव राठौर, रवींद्र शुक्ला, नरवेश कुमार, राम गोपाल यादव, श्याम सिंह राठौड़, गोविंद सिंह आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने गांव के ही युवक पर 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव के रहने वाले पिता के अनुसार 21 फरवरी को दोपहर दो बजे के वक्त जब घर में कोई नहीं था। तो गांव का अरुण उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया।

### लोकार्पण आज

हरदोई, अमृत विचार। नवीन संघ कार्यालय लखनऊ रोड पर केशव नगर स्थित संत रविदास द्वार का लोकार्पण और गुरु गोविंद सिंह मार्ग व केशव नगर का नामकरण शुक्रवार को अपराह्न 12 बजे होगा। कार्यक्रम में प्रांत प्रचारक कौशल जी मौजूद रहेंगे।

# लापरवाह कनिष्ठ सहायक का रोका वेतन

हरपालपुर, हरदोई



हरपालपुर ब्लाक का निरीक्षण करतीं सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने गुरुवार को हरपालपुर ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां अभिलेखों का रखरखाव सही न होने पर कनिष्ठ सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद पलिया स्थित गौशाला के निरीक्षण में उन्हें सब कुछ ठीक-ठाक मिला।

सीडीओ सौम्या गुरु रानी ने निरीक्षण के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, सेवा पुस्तिका, स्थापना पटल, जीपीएफ पासबुक, लेखा पटल, ग्रांट रजिस्टर समेत ब्लॉक के सभी अभिलेखों का बारीकी से सत्यापन किया है। उन्होंने कनिष्ठ सहायक आलोक कुमार के कक्ष में अलमारी में व्यवस्थित ढंग से अभिलेख न रखें मिलने पर कड़ी फटकार लगाते हुए, वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। अपर कार्यक्रम अधिकारी गोमेश कुमार के सरकारी कार्य से टूर पर वापसी के रजिस्टर पर हस्ताक्षर न मिलने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई है उसके बाद उन्होंने पलिया स्थित गौशाला में पहुंचकर निरीक्षण किया। यहां पर 161 गोवंश मौके पर मिले। जिनके चारा पानी एवं हरे चारे की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। आरआरसी सेंटर में बन रही खाद को लेकर उन्होंने. कहा कि नर्सरी से संपर्क कर खाद की बिक्री करें जिससे ग्राम पंचायत की आय में बढ़ोत्तरी हो सके इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राजीव गुप्ता, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष वर्मा आदि मौजूद रहे।



## निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें अधिकारी

हरदोई, अमृत विचार। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। सभी कार्मिकों का प्रशिक्षण ससमय कराया जाये। वाहनों की व्यवस्था ससमय करा ली जाये। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। एफएसटी व एसएसटी टीमों का गठन कर लिया जाये। सभी कार्यालयों के बाहर चुनाव आयोग का क्यू आर कोड लगवाए जाएं। कार्यालयों में ऑनलाइन भुगतान को बढ़ावा दिया जाये। इस अवसर पर सीडीओ सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। ऑपरेशन कायाकल्प के सभी मानकों का इसके अलावा कलेक्ट्रेट सभागार में 15वें वित्त आयोग के तहत हरदोई एवं मल्लावां नगर पालिका में विकास कार्यों की स्वीकृति के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में आवश्यक सुविधाओं का विकास कराया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प के सभी मानकों का संतृप्तिकरण कराया जाए।

# पत्नी को विदा कराने ससुराल आए पति की मौत

## घटना के बाद पत्नी व ससुर घर छोड़कर फरार, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

हरपालपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** कन्नौज का युवक पत्नी को विदा कराने ससुराल आया हुआ था, जहां उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसकी मौत होते ही पत्नी अपने पिता के साथ घर छोड़ कर फरार हो गई। युवक के घर वालों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

कन्नौज ज़िले के बिजपुरिया गांव निवासी 29 वर्षीय रजनीकांत उर्फ अंकित पुत्र सुरेश की शादी हरपालपुर थाने के सैय्यदपुरवा निवासी राजबहादुर की पुत्री अनीता के साथ हुईं थी अनीता के एक बेटा निखिल और एक बेटी तनिष्का है। बताते है कि अनीता 5 फ़रवरी को अपने दोनों बच्चों को साथ मायके आई हुई थी। रजनीकांत उर्फ अंकित 17 फरवरी को विदा कराने ससुराल आया हुआ था। उसी बीच गांव के कुछ लोगों ने उसका शव बुधवार की शाम पड़ोस के कुन्दनपुर गांव के बाहर खड़े नीम के पेड़ मे गमछे से लटकता हुआ देखा। उधर इस तरह से पति की मौत होने की खबर सुनते ही उसकी पत्नी अनीता और उसके पिता राजबहादुर दोनों घर छोड़ कर फरार हो गए। वहां पहुंची ने शव को अपने कब्ज़े में लिया और वहां आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। इस मामले में रजनीकांत उर्फ अंकित की मां सुशीला और उसके भाई योगेश कुमार का कहना है कि पति-पत्नी के बीच अनबन रहती थी।

उसी के चलते पत्नी अनीता अपने मायके चली आई थी। मां सुशीला का आरोप है कि उसकी बहू अनीता ने अपने पिता राजबहादुर के साथ मिल कर उसके पुत्र की हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया, ताकि लोग आत्महत्या समझ सकें। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सारे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है।

## विवाहिता ने पति सहित पांच ससुरालीजनों पर दर्ज कराया दहेत प्रताड़ना का मुकदमा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के रेभा मुरादपुर गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति सहित पांच ससुरालली जनों पर दहेज में चार पहिया गाड़ी एवं 5 लाख की नगदी की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रेभा मुरादपुर निवासी सीमा देवी पुत्री भगवान शरण गौतम के अनुसार लगभग दो वर्ष पहले उसका विवाह लखीमपुर जनपद के मोहम्मदी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शंकरपुर छावनी निवासी नीरज कुमार पुत्र रामावतार के साथ संपन्न हुआ। बकौल सीमा देवी उसके परिजनों ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया, लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद उसे दहेज में एक चार पहिया गाड़ी और पांच लाख रुपए की नकदी को लेकर परेशान किया जाने लगा। आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती और परेशान किया जाता था। एक दिन उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। वह अपने मायके चली आई। शाहाबाद कोतवाली में सीमा देवी ने पति नीरज, ननद रूपा देवी, दीपिका, रीना और सांस फूल मती के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है।

## पॉक्सो एक्ट में पांच साल की कैद व पांच हजार का जुर्माना

हरदोई



**अमृत विचार।** ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत पुलिस मॉनिटरिंग सेल की पैरवी और अभियोजन पक्ष की दलीलों को सुन कर कोर्ट ने पाक्सो एक्ट के आरोपी को पांच साल की कैद और पांच हज़ार के जुर्माने की सज़ा सुनाई है। पुलिस मॉनिटरिंग सेल और माधौगंज पुलिस पाक्सो एक्ट के केस की पैरवी कर रही है।

बताया गया है कि 13 अक्टूबर साल 2019 को माधौगंज थाने पर पाक्सो एक्ट के तहत जगमोहन पुत्र अजयपाल के खिलाफ अपराध संख्या 406/19 धारा 376/506 व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी कर नौ जनवरी साल 2020 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। उसके बाद मॉनिटरिंग सेल ने अभियोजन पक्ष से बेहतर तालमेल बनाते हुए सारे सबूत और दलीलों पर जबर्दस्ती पैरवी की, जिसके चलते विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट ने मंगलवार को आरोपी जगमोहन पुत्र अजयपाल को पांच साल की कैद और पांच हज़ार रुपये के जुर्माने की सज़ा सुनाई है। केस की पैरवी पुलिस मॉनिटरिंग सेल और माधौगंज पुलिस कर रही है।

# कब्जे की शिकायत पर जांच करने पहुंचे एसडीएम व सीओ

मल्लावां, हरदोई



शिकायत की जांच करने पहुंचे एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भगवन्तनगर में होली और मंदिर की भूमि पर कब्जे की शिकायत पर एसडीएम गरिमा सिंह व सीओ सतेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर होली यथास्थित पूर्व की भांति लगाए जाने का निर्देश दिया। वहीं मंदिर के पास की भूमि पर कानूनगो को लेखपाल से नाप कराने के निर्देश दिए।

भगवन्तनगर वार्ड एक के सभासद भाष्कर मिश्र ने तहसील दिवस में जिला आधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से शिकायती पत्र देकर बताया कि अनुसूचित और वाल्मीक समाज 60 वर्षो से अधिक समय से होली लगाई जा रही है। उक्त भूमि पर पुष्पेंद्र नाथ मिश्र ने फर्जी तरीके से अपने नाम दर्ज कराकर बाउंड्री कर कब्जा कर लिया है। पूर्व में भी होली लगाने के समय प्रशासन की सक्रियता के चलते होली जलाई गईं थी। शिकायत को गंभीरता से लेकर एसडीएम गरिमा सिंह और सीओ सतेन्द्र सिंह द्वारा गुरुवार को जांच करने पहुंचे जहां पर शिकायतकर्ता और दूसरे पक्ष के लोगों के बयान लिए। ऐसे में पुष्पेंद्र नाथ मिश्र ने मामले को न्यायलय में विचाराधीन होने की बात कही। तो एसडीएम ने पूर्व की भांति होली लगाने के निर्देश दिए। सभासद भाष्कर मिश्र सहित अन्य लोगों ने दूसरे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि खड़ंगेश्वर मंदिर की भूमि के पास खेत की भूमि जो किस के द्वारा बेंची गईं और किसके द्वारा खरीदी गईं।उन्हें जानकारी नहीं है। लेकिन इंद्रपाल वर्मा उर्फ़ अशोक निवासी गोवर्धनपुर उक्त भूमि पर आता जाता है और जेसीबी से बराबर कराकर प्लाटिंग कर रहे है। अब उक्त भूमि को तहसील प्रशासन से मिलकर आबादी में दर्ज कराने के फिराक में है। मंदिर की भूमि पर वन विभाग के लगे दो लाख के यूके लेप्टस के पेड़ों को बेंच चुका है जो आपराधिक है। एसडीएम गरिमा सिंह ने भूमि की नाप को लेकर क़ानूनगो जीतेन्द्र को निर्देश दिया ताकि अवैध कब्जे को रोका जा सके। सीओ सतेन्द्र सिंह ने बताया कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

नगर में ऐसे तमाम जगहों पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है, अगर तहसील और नगर पालिका प्रशासन सख्त हो जाए तो ऐसे कई कब्जे खाली कराए जा सकते हैं, जो सार्वजिक उपयोग के हैं।

## छेड़छाड़ के दोषी को दो वर्ष का कारावास

हरदोई, अमृत विचार। करीब सात साल पुराने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में अपर जिला जज (पॉक्सो एक्ट) सुनील कुमार सिंह ने एक दोषी को दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। लोनार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि 10 सितंबर 2016 को उसकी बेटी घर के बाहर बच्चो के साथ खेलने गई थी। तभी देखा कि अभियुक्त रामभजन बेटी के साथ अपने घर में छेड़खानी कर रहा था। परिजन अभियुक्त को पकड़कर थाने लाए थे। अपर जिला जज ने रामभजन दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप

### पति-पत्नी का तमंचे के साथ फोटो हुआ वायरल



हरदोई, अमृत विचार। हाथ में तमंचा लिए युवक के पास एक युवती बैठी हुई है। इस तरह का फोटो सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि दोनों आपस में पति-पत्नी है। पुलिस का कहना है उसे फोटो वायरल के बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिर भी इसकी जांच की जाएगी। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा हैएजिसमें युवक अपने हाथ में तमंचा लिए हुए एक युवती के साथ बैठा दिखाई दे रहा है। इस मामले में दावा किया जा रहा है कि दोनों माधौगंज थाने के किसी गांव के रहने वाले है और आपस में पति .पत्नी है। दोनों अपने घर में बैठ कर फोटो शूट कराया है। फोटो वायरल होने से हड़कंप मचा हुआ है। वहीं पुलिस का कहना है कि उसे फिलहाल ऐसे किसी मामले की कोई जानकारी नही है। फिर भी सारे मामले की गहराई से जांच की जाएगी।

### बंदर से बचकर भागी महिला सीढ़ियों से गिरी, मौत

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। बहन के घर गई महिला छत पर थी, उसी बीच उसे बंदरो ने दौड़ा लिया, महिला बचने के लिए भागी, तभी सीढ़ियों से पैर फिसलने से वह नीचे गिर कर ज़ख्मी हो गई। उसे सीएचसी ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला मलकापुर निवासी मोनिस बेग की 52 वर्षीय पत्नी बेबी मोहल्ला गढ़ी दरमियानी में अपनी बहन के यहां गई हुई थी। बताते हैं कि बुधवार की शाम को बेबी वहीं छत पर गई हुई थी। छत पर बैठे बंदरों ने उसे दौड़ा लिया, बेबी डरकर अपने बचाव में भागी, तभी ज़ीने की सीढ़ियों पर उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिरकर बुरी तरह ज़ख्मी हो गई। उसे आनन-फानन उसे सीएचसी ले जाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। बेबी का एक बेटा और एक बेटी है। बेटा दिल्ली में किसी निजी कंपनी में काम करता है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में चार घायल

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के इटौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर देर रात हुई लड़ाई में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के इटौली निवासी महेश ने बताया कि गांव के ही रामप्रताप, राजेंद्र व बिपनेस ने पुरानी रंजिश को मानते हुए घर के बाहर आकर गाली गलौज की उनके विरोध करने पर उन्हें व उनके भाई छविराम व उसकी पुत्री सीमा देवी व रीना देवी को लाठी डंडों से पीट दिया, जिससे सभी को गंभीर चोटें आई हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है। आगे की कार्रवाई प्रचलित है जांच कर आरोपियों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### चार दिनों से लापता बुजुर्ग, पुलिस को दी सूचना

हरदोई, अमृत विचार। कछौना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा के मोहल्ला ठाकुरगंज में एक बुजुर्ग घर से लापता है। परिजन बुजुर्ग की खोजबीन में दर-दर भटकने को विवश हैं। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला ठाकुरगंज निवासी बुजुर्ग रामजीवन रविवार को घर से लापता है। बुजुर्ग रामजीवन अक्सर परेशान रहते थे। परिजनों ने गुमशुदगी की सूचना कोतवाली कछौना को दी।

# नकदी व जेवर लेकर देवर के साथ भाभी हो गई फरार

पाली, अमृत विचार

**अमृत विचार।** देवर और भाभी के बीच काफी दिनों से प्रेम.प्रसंग चल रहा था। इसका खुलासा हुआ तो सारा माल-जेवर समेट कर दोनों फरार हो गए। पति थाने पहुंचा और वहां अपनी फरियाद सुनाई।

पाली थाने के बारी गांव निवासी एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी पत्नी का छोटे भाई रामसागर के साथ प्रेम.प्रसंग चल रहा था। पहले तो दोनों चोरी. छिपे एक दूसरे के मिलते.जुलते रहे। फिर बाद में घर वालों को सारा कुछ पता हो गया।उन्होने दोनों को काफी समझायाएलेकिन दोनों अपनी आदत से बाज़ नही आए और मिलते.जुलते रहे। उस युवक का कहना है कि काफी बर्दाश्त करने के बाद उसने विरोध शुरु कर दिया। उसके विरोध करने पर मंगलवार की शाम दोनों ने उसके साथ मारपीट की और फिर घर में रखा सारा माल. ज़ेवर समेट कर कहीं फरार हो गए। इस बारे में एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## ईंट-भट्ठा के मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

हरदोई, अमृत विचार। कछौना कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम सभा हथौड़ा में स्थित एक ईंट भट्ठा पर कार्यरत मजदूर ने संदिग्ध अवस्था में पड़ोस के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली क्षेत्र कछौना के ग्राम सभा हथौड़ा में एक ईंट भट्ठा स्थित है। जिस पर ग्राम खेरवा थाना बेनीगंज का निवासी अनिल कुमार पुत्र गोकरन उम्र 35 वर्ष मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। वह गुरुवार को ईंट भट्ठा के पड़ोस के बाग में युवक को फांसी लगाकर लटका ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों ने सूचना कोतवाली कछौना को दी।



## 40 टीबी रोगियों को वितरित की गई पोषण किट

हरदोई, अमृत विचार। सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा गुरुवार को डीटीसी में 40 टीबी रोगियों को पोषण किट प्रदान की। साथ ही नियमित दवाओं का सेवन करने की सलाह दी गई, जिससे समय से बीमार व्यक्ति ठीक हो सके। हरदोई जिले में एससीएल द्वारा 600 टीबी रोगियों को गोद लिया गया है। एससीएल के प्रतिनिधि दीपक ने कहा कि सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत यह प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को प्रबल बनाने की एक मुहिम है टीबी मरीजों से भावात्मक संबंध बनाना आवश्यक है। मरीज को यह विश्वास दिलाना आवश्यक है कि नियमित दवाओं के सेवन और सावधानियो से वो जल्द से जल्द ठीक हो सकते हैं।

## दरोगा पर घूस मांगने का लगाया आरोप

हरदोई, अमृत विचार। किशोरी को बरामद करने के लिए एक दरोगा ने बारकोड भेज कर दो हज़ार रुपये की घूस मांगी है। जिसकी लिखित शिकायत एसपी से करते हुए सख्त कार्यवाई किए जाने की गुहार लगाई है। बताया गया है कि साण्डी थाना इलाके के रहने वाले एक युवक ने एसपी से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री को गांव का ही एक युवक 17 जनवरी को भगा ले गया था। मामले का मुकदमा तो दर्ज किया गया, लेकिन पुलिस ने हाथ-पैर डाल दिए। तमाम कोशिश करने के बाद भी उसकी पुत्री की बरामदगी नहीं हो सकी। उसका कहना है कि पुत्री बरामदगी के लिए थाने में तैनात दरोगा ने 19 फरवरी को अपना बारकोड भेज कर उससे दो हज़ार रुपये और मांगे।

तैयारी | आगामी त्योहारों और लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश, चलाया जाएगा अभियान

# नाके व चौराहों पर घेरे जाएंगे संदिग्ध व्यक्ति, वाहन

हरदोई

**अमृत विचार।** आगामी त्यौहारों और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब रोजाना चेकिंग हुआ करेगी। दिन के हिसाब से चेकिंग का रोस्टर बना दिया गया है। एसपी ने सभी सीओ और सभी थानेदारों को इस संबंध में चिट्ठी जारी करके दिशा निर्देश दिए हैं।

एसपी केशवचन्द गोस्वामी के द्वारा जारी की गई चिट्ठी में कहा गया है कि सोमवार को समस्त बैंकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सरार्फा बाजार व बाजारों में संदिग्ध वाहनों/ व्यक्तियों का सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। मंगलवार को जनपद की सीमा सील कर राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में नाकाबंदी/चेकिंग अभियान होगा। बुधवार को रात्रि गश्त मिलान/चेकिंग तथा समस्त रात्रि गश्त टीमों की राजपत्रित अधिकारियों द्वारा ब्रीफिंग होगी। गुरुवार को जनपद के समस्त धर्मस्थलों के आस-पास प्रातः कालीन चेकिंग / पोस्टर पार्टी चेकिंग तथा पोस्टर पार्टी की रापत्रित अधिकारियों द्वारा ब्रीफिंग की जाएगी। शुक्रवार को जनपद के समस्त होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस व मुशाफिरखाना पर संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चेकिंग होगी। शनिवार को जनपद के संवेदनशील व चिन्हित हाट स्पाट्स पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा फुट पेट्रोलिंग तथा धार्मिक व्यक्तियों, पीस कमेटी सदस्यों आदि के साथ संवाद होगा। शनिवार को जनपद की पुलिस लाइन्स व समस्त थाना क्षेत्रों में दंगा नियंत्रण योजना का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। एसपी ने सभी जिम्मेदारो को उपरोक्त रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन समय से सघन अभियान चलाकर प्रभावी चेकिंग अभियान व कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है।



### कोतवाली का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी, गंदगी मिलने पर हुए नाराज

हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी ने बृहस्पतिवार को हरपालपुर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए साफ सफाई के निर्देश दिए। एसपी ने निरीक्षण के दौरान कोतवाली के अभिलेखों, कंप्यूटर, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मालखाना, शस्त्रागार, बंदीगृह, मेस, जलपान की व्यवस्था, सीज किए गए वाहनों का रखरखाव, महिला हेल्प डेस्क, कोतवाली में पर रखे सभी असलहों का बारीकी से निरीक्षण किया। कोतवाली में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



## एक नजर

### नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 29 को

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** बार एसोसिएशन सिधौली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 29 फरवरी को सम्पन्न होगा। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ खण्डपीठ के न्यायाधीश दुर्गेश कुमार सिंह पंवार होंगे।

### सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल का वार्षिकोत्सव कल

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** सिधौली क्षेत्र का प्रतिष्ठित विद्यालय सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल 24 फरवरी को अपने वार्षिकोत्सव आरोहण का आयोजन कर रहा है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कंचनलता तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आयोजन में विद्यालय के छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### संदीप अवस्थी बने अध्यक्ष

**खैराबाद।** नगर मंडल अध्यक्ष के नाम को लेकर लोगों के मन का असमंजस उस समय दूर हो गया जब भाजपा प्रदेश एवं जिला कमेटी ने अपने पुराने अध्यक्ष संदीप अवस्थी को दूसरी बार भी खैराबाद नगर मंडल अध्यक्ष बनाया। संदीप अवस्थी ने बताया कि भविष्य में भाजपा को और मजबूत करने का काम करूंगा। इस अवसर पर अजितेश शुक्ला, विनित मिश्रा, राम जी गुप्ता, राकेश गौतम, संतोष मिश्रा, आदित्य सिंह, राम कुमार, प्रदीप अवस्थी आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदीप अवस्थी को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

### पुत्री ने की पिता पर कानूनी कार्रवाई की मांग

**सिधौली।** थाना अटरिया अन्तर्गत ग्राम सहजनपुर की एक युवती ने अपने पिता पर छठा विवाह करने और उसे मार-पीट कर घर से भगा देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उपजिलाधिकारी सिधौली को दिए गए प्रार्थनापत्र में युवती ने बताया कि उसका पिता गुरूप्रसाद थाना अटरिया में पीआरडी जवान के रूप में तैनात है। वह गुरूप्रसाद की पहली पत्नी राजपती की पुत्री है। लगभग चार वर्ष पूर्व गुरूप्रसाद खदरा से मीना और उसके 20 वर्षीय पुत्र विवेक को ले आया। मीना और उसका पुत्र विवेक उसके घर में रह रहे हैं। भीमवती का आरोप है कि मीना उपरोक्त और उसके पुत्र विवेक द्वारा उसे दो बार बेचा जा चुका है। उपरोक्त लोग उसे मारते पीटते और भगाते हैं। प्रार्थिनी का पिता उसकी शादी करने के लिए राजी नहीं है और उसे घर से भगा दिया है। उसके पास सिर छुपाने का कोई स्थान नहीं है।

# पहले दिन 3,159 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

**यूपी बोर्ड**

▸▸ कंट्रोल रूम से हुई परीक्षा केंद्रों की निगरानी, तलाशी के बाद कक्ष में पहुंचे परीक्षार्थी


प्रथम पाली की परीक्षा सम्पन्न होने के बाद केंद्र से बाहर निकले परीक्षार्थी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** यूपी बोर्ड प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा गुरुवार को पहले दिन कड़ी निगरानी में शुरू हो गई। पहले दिन परीक्षा में पंजीकृत कुल 50730 परीक्षार्थीयों में कुल 47571 छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। जबकि 3159 परीक्षार्थी अपरिहार्य कारणों से परीक्षा में अनुपस्थित रहे। जिले के 146 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में नकलविहीन परीक्षा पहले दिन की सम्पन्न हुई। इस दौरान सचल दल और सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमण सील रहे और टीम कई केंद्रों पर पहुंचकर छात्रों की जांच पड़ताल भी की।

परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। 146 केंद्रों पर सुबह साढ़े आठ बजे से पौने बारह बजे तक प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी व प्रारंभिक हिंदी और इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की परीक्षा कराई गई। दो बजे से सवा पांच बजे तक द्वितीय पाली में हाईस्कूल के वाणिज्य विषय व हिंदी,

**146** केंद्रों पर सम्पन्न हुई नकलविहीन परीक्षा

सामान्य हिंदी की परीक्षा कराई गई है। जिले में कुल 50730 पंजीकृत परीक्षार्थियों में कुल 47571 छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। जबकि 3159 परीक्षार्थी अपरिहार्य कारणों से परीक्षा में अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर सचल दल द्वारा आवंटित रूट चार्ट के अनुसार निरीक्षण भी किया। शासन द्वारा नामित पर्यवेक्षक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने प्रथम व द्वितीय पाली की परीक्षाओं का निरीक्षण भी किया। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दिन परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

**परीक्षा केंद्रों पर दिखी सख्ती**


परीक्षा केंद्रों पर छात्राओं की तलाशी लेतीं कक्ष निरीक्षक। अमृत विचार

# जमीन की खातिर बेटे ने काटा पिता का गला, मौत

## मां की तेरहवीं के दिन दिया वारदात को अंजाम, बेटे-पत्नी के साथ फरार, बहन की तहरीर पर केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** महमूदाबाद कोतवाली इलाके में गुरुवार की सुबह बेटे ने पिता की गला काटकर हत्या कर दी। मां की तेरहवीं के दिन ही बेटे ने पिता को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के पीछे 18 बीघा जमीन का विवाद बताया जा रहा है। बहन के नाम जमीन होने के आशंका के चलते बेटे ने वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये हैं।

क्षेत्र के ग्राम सायपुर निवासी अवध राम यादव गुरुवार को पत्नी की तेहरवीं संस्कार के चलते खेतों की तरफ गए थे। बताया जाता है कि इस दौरान बेटे सजीवन (45) ने बांके से चकमार्ग पर ही गला काटकर हत्या कर दी। काफी देर तक जब अवध राम घर नही पहुंचे तो बेटी नीतू पिता को देखने के लिए गयी तो सड़क पर खून से लथपथ शव देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। मृतक की पुत्री नीतू ने बताया कि 18 बीघा जमीन के लालच में ही भाई ने पिता की हत्या करने के बाद से भाई और भाभी घर से गायब है। नीतू ने आरोपी भाई और उसकी पत्नी पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है।


अवध राम यादव (फाइल फोटो)।

> आरोपों के आधार पर बेटी की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी बेटे और उसकी पत्नी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आलाकत्ल भी बरामद किया जाएगा।
> -**दिनेश शुक्ला**, सीओ, महमूदाबाद


हादसे के बाद मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़ व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### 18 बीघा जमीन के लिए की गई पिता की हत्या

मृतक की बेटी नीतू ने बताया कि मां की मौत से पहले भी भाई कई बार 18 बीघा जमीन को अपने नाम करवाने के लिए पिता और मां से लड़ाई झगड़ा करता रहता था। मां की मौत के बाद भाई को लगता था कि पैतृक जमीन पिता की मौत के बाद बहन और भाई दोनों के हिस्सों में बंट जाएगी। नीतू ने बताया कि इसी के चलते भाई ने पिता की गला काटकर हत्या कर दी। आरोप है कि इस वारदात में भाई की पत्नी भी शामिल है। वारदात के बाद दोनों फरार चल रहे हैं।

### वारदात से पहले पांच साल के बेटे को नानी के घर छोड़ा

मां की तेरहवीं पर हुई पिता की हत्या के बाद घर में मातमी सन्नाटा पसरा था। मृतका की बेटी नीतू ने बताया कि आशंका है कि भाई ने पिता की हत्या की योजना पहले ही बना ली थी। ऐसा इसलिए है क्योंकि वारदात से एक दिन पहले ही भाई ने अपने पांच साल के बेटे को अपनी ससुराल (नानी) के घर छोड़कर आया था।

### तेरहवीं के दिन घर से उठी अर्थी

मृतक की बेटी नीतू ने पुलिस को बताया कि उसकी मां किरन देवी की लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई। घर में गुरुवार की सुबह शांति पाठ और तेरहवीं संस्कार की तैयारी चल रही थी। सुबह करीब 8 बजे आरोपी भाई और भाभी घर से अचानक ही गायब हो गये थे। पिता खेतों की तरफ गए लेकिन वापस नहीं लौटे तो परिवार वालो के कहने पर बेटी उन्हें ढूढने के लिए खेतों की तरफ बढ़ी तो पिता का धड़ से अलग सिर देखकर वह दहाड़ें मारकर रोने लगी। नीतू ने बताया कि मां की तेरहवीं के दिन ही भाई ने ऐसा कृत्य किया कि पिता की भी अर्थी उठ गई।

## सार-संक्षेप

### किसान विरोधी हैं सरकार की नीतियां : आनंद भदौरिया


समाजवादी पीडीए यात्रा निकालते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया व पूर्व मंत्री रामहेत भारती।

**सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी से धौरहरा लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में समाजवादी पीडीए पदयात्रा गुरुवार को नवें दिन बड़ागांव से प्रारंभ होकर हरदासपुर, चमारबाग, महमूदपुर, सील्हापुर, भगवानपुर ग्रंट, गिरधरपुर जमुनिया, महुआ कला होते हुए अमिरता पहुंची। समाजवादी पीडीए पदयात्रा का हरदासपुर में धर्मेंद्र भार्गव बीडीसी, चमारबाग में अतुल मिश्रा प्रधान, वीरेंद्र यादव, अरुण दीक्षित मोनू व प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गुड्डू मिश्रा ने, महमदपुर में रामदास लोधी, भगवती प्रसाद ने, सील्हापुरमें राम विलास मौर्य, तुलाराम राजवंशी प्रधान, भगवानपुर ग्रंट में विनोद सिंह, वीरपाल सिंह, हरेराम सिंह व सुरेश राज ने गिरधरपुर में महेंद्र राज व उदय शंकर, महुआ कला में दिलशाद प्रधान, सर्वेश कोटेदार व सुरेंद्र यादव, अमिरता में देवनाथ यादव, मूले कश्यप मेवालाल व पिसावां के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव सहित सैकड़ो लोगों ने स्वागत व अभिनंदन किया। समाजवादी पीडीए पदयात्रा विधानसभा महोली के तीसरे दिन विधानसभा के विभिन्न गांवों से होते हुए अमिरता पहुंच गई, यहां से समाजवादी पीडीए पदयात्रा आनंद भदौरिया के नेतृत्व में विधानसभा कस्ता में प्रवेश करेंगी, पदयात्रा के माध्यम से आनंद भदौरिया लगातार महिलाओं, किसानों, मजदूरों व नौजवानों से मुलाकात कर दुख दर्द जानने का काम कर रहे हैं। आनंद भदौरिया ने किसान नौजवानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों को लगातार धोखा दे रही है, किसानों से किए गये वादे को पूरा करने की जगह भाजपा सरकार किसानों पर लाठियां बरसा रही है, भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी और पूंजीपरस्त हैं, पूंजीपतियों के कारखानों से निकली वस्तुएं लगातार महंगी होती जा रही हैं। पदयात्रा में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रामहेत भारती, महोली विधानसभा के अध्यक्ष रमेश शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष महोली कल्लू मिश्रा, जगन्नाथ सिंह, सतीश त्रिवेदी, अमित शुक्ला, वेद प्रकाश यादव, नगर अध्यक्ष महोली कपिल मिश्रा सहित सैकड़ों लोगों ने पदयात्रा में हिस्सा लिया।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री आज करेंगे नैमिष में दर्शन


सीएम भजन लाल शर्मा।

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों बढ़ते ही राजनीतिक दल नैमिषारण्य का रुख कर रहे है। आगामी लोकसभा चुनाव पर विचार विमर्श के लिए राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा आज ललिता देवी मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन करेंगे। इसके बाद सीएम शहर के दो अलग अलग जगहों पर बीजेपी नेताओण और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह सहित आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, सहकारी मंत्री जेपीएस राठौर सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर आज होने वाली बैठक को लेकर बीजेपी नेताओ ने अपने अपने दांवपेंच तय कर लिए है। बताया जाता है कि राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा बैठक कर आगामी lलोकसभा चुनाव पर भी सर्वे रिपोर्ट बीजेपी हाईकमान को सौपेंगे। बैठक से पहले सीएम नैमिषारण्य स्थित ललिता देवी मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन करेंगे। इसके बाद वह लोकसभा की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक के दौरान स्वतंत्र प्रभार सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता सहित जिले के मंत्री व जनप्रतिनिधियो के साथ अहम बैठक में मौजूद रहेंगे। आज होने वाली बैठक के बाद जिले की सीटों पर प्रत्याशियों के भविष्य तय होने की प्रबल संभावना भी जताई जा रही है।

# जन्म के बाद मृत बच्चा थमाने पर अस्पताल में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**बच्चा बदलने का आरोप**

▸▸ परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर 50 हजार रुपये सुविधा शुल्क मांगने का लगाया आरोप

▸▸ सीएमएस बोलीं- डीएनए रिपोर्ट खोलेगी राज, आरोप निराधार

**अमृत विचार।** कोतवाली नगर इलाके में गुरुवार की सुबह जिला महिला अस्पताल में बच्चा बदलने का आरोप लगाकर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। बुधवार की रात बच्चे की मौत सूचना पर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर रुपये मांगने का आरोप लगाकर मृत बच्चे को सौंपने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने देर रात बच्चे को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी थी। गुरुवार की सुबह फिर परिजनों ने बच्चा बदलने और 50 हजार रुपये का सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाकर हंगामा काटा।

जिला महिला अस्पताल फिर सुर्खियों में नजर आया है। जानकारी के अनुसार, लखीमपुर जिले के ऑयल इलाके की निवासिनी कल्पना देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 19 फरवरी को महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पति रवि कुमार का आरोप है कि 20 फरवरी को कल्पना ने स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। बावजूद इसके अस्पताल स्टॉप ने बच्चे में कमी बताकर उसे एनआरसी वार्ड में मां से दूर रखा। परिजनों का कहना है कि बच्चा दिखाने की कई बार अस्पताल स्टॉप से मिन्नतें की गई लेकिन स्टॉफ ने अनसुना कर दिया। बुधवार को अचानक डॉक्टरों ने सूचना दी कि आपके बच्चे की मौत हो गई।

बच्चे की मौत की सूचना पर परिजनों ने अस्पताल स्टॉफ से कहासुनी के बाद बुधवार रात ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की गहनता से तफ्तीश के लिए बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अस्पताल में हुए हंगामे के बाद अस्पताल स्टॉफ एक बार फिर सवालों के घेरे में आ चुका है। बच्चे के डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही आरोपो से पर्दा हट सकेगा।

### परिजनों ने अस्पताल में काटा हंगामा

बुधवार को शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर गुरुवार को परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर 50 हजार रुपये मांगने और बच्चा बदलने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। हंगामे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को शान्त कराया। परिजनों के आरोपों को देखकर पुलिस और अस्पताल स्टॉफ ने डीएनए टेस्ट की सिफारिश की। आश्वशन के बाद परिजनों ने हंगामा खत्म किया।

### अस्पताल ने सौंपा मृत बच्चा : प्रसूता

जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता कल्पना ने बताया कि अस्पताल स्टॉफ ने 50 हजार रुपये की डिमांड की थी। डिमांड पूरी न होने पर स्टॉफ ने उन्हें मृत बच्चा सौंपने का प्रयास किया। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से करने के साथ ही सीएम शिकायत केंद्र ऑनलाइन भी मामले की शिकायत दर्ज कराई है। अस्पताल में हुए हंगामे के बाद वहां भर्ती अन्य मरीजों में भय का माहौल है।

### डीएनए टेस्ट से होगा खुलासा : सीएमएस

बच्चे को बदलने सहित सुविधा शुल्क मांगने के आरोपो पर महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ सुनीता कश्यप ने बताया कि अस्पताल में किसी भी बच्चे को बदलने का काम नही होता है। परिजनो कर आरोप निराधार है। बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और डीएनए टेस्ट के बाद यह साफ हो जायेगा कि बच्चा किसका है। जल्द ही पूरे मामले से पर्दा हट जायेगा।

# गुमशुदा किशोर की तलाश में जुटी पुलिस


नहर में गोताखोर कर रहे युवक की तलाश। अमृत विचार

▸▸ पूछताछ में आरोपी ने कबूला लापता किशोर की हत्या करना

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** बाराबंकी सहित सीतापुर पुलिस गुमशुदा किशोर के गायब होने की गुत्थी सुलझाने में तेजी से लगी है। गुमशुदा किशोर की तलाश में आरोपी शशांक वर्मा की निशानदेही पर बृहस्पतिवार दोपहर बाराबंकी पुलिस सहित सीतापुर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से गुमशुदा किशोर को सीतापुर और बाराबंकी सीमा क्षेत्र में निकली शारदा नहर में ढूंढने का प्रयास किया। दरअसल महमूदाबाद कस्बे के मोतीपुर चौराहे पर अस्थाई रूप से किराए पर रह रहे सुनील ने मंगलवार से लापता पुत्र सुधाकर के गुमशुदा होने का प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया था। बृहस्पतिवार सुबह तड़के करीब 4 बजे हिरासत में लिए गए आरोपी शशांक ने कबूला कि उसने ही किशोर को सीतापुर और बाराबंकी की सीमा क्षेत्र में निकली शारदा सहायक नहर में मारकर फेंका है।

### शांतिपूर्ण ढंग से गुजरा परीक्षा का पहला दिन

**रामपुर मथुरा।** यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन रामपुर मथुरा क्षेत्र के बाबा बालक राम इंटर कॉलेज, श्री छोटेलाल बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज में सकुशल संपन्न हुई।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.)**
**कक्ष सं.-2, बरेली**
**वाद सं. 557 सन् 2023**

श्रीमती शालिनी (शालू) आयु लगभग 23 वर्ष पत्नी वरूण (रॉकी) पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार निवासी गोकुलनगर, थाना कैन्ट, तहसील व जिला बरेली ........प्रार्थिनी/वादिनी बनाम

1. वरूण उर्फ रॉकी पुत्र राजेन्द्र कुमार (पति) 2. श्रीमती राज कुमारी पत्नी राजेन्द्र कुमार (सास) 3. राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व. मिहीलाल (ससुर) 4. सलोनी पुत्री राजेन्द्र कुमार (नन्द) 5. विक्की पुत्र राजेन्द्र कुमार (जेठ) 6. मोना पत्नी बिक्की (जेठानी) 7. साधना पत्नी ओम प्रकाश (बुआ) 8. सैफाली पुत्री ओम प्रकाश (बुआ की लड़की) 9. मुन्नी देवी पत्नी महेश चन्द्र 10. पिंकी पत्नी बच्चा (बुआ) 11. ऊषा देवी पत्नी परशुराम (बुआ) निवासीगण मौ. कुतलूपुर मकरन्द नगर, कन्नौज, उ.प्र. 12. आशा देवी पत्नी विपिन बिहारीलाल (बुआ) 13. विपिन बिहारी लाल पुत्र स्व. छोटे लाल 14. रामी पुत्र विपिन बिहारी लाल 15. जीतू पुत्र विपिन बिहारी लाल 16. मीतू पुत्र महेश चन्द्र 17. अमन पुत्र महेश चन्द्र 18. अंकुश पुत्र महेश चन्द्र निवासीगण मो. खेड़ा बीबी जई, थाना शाहबाद जिला हरदोई.......विपक्षीगण

चूंकि शालिनी उर्फ शालू ने आपके खिलाफ न्यायालय में उक्त मुकदमा वास्ते घरेलू हिंसा अधिनियम प्रस्तुत किया है।

अतः आपको एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 26.02.2024 को वास्ते लीखित कथन हेतु स्वयं या अपने अधिवक्त के साथ उपस्थित हों। नियत दिनांक 26.02.2024 को आपके द्वारा पैरवी न किये जाने की स्थिति में वाद की सुनवाई नियमानुसार की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 21.02.24 को निकाली गई है।

**आदेशानुसार सिविल जज (जू.डि.)**
**कक्ष सं.-2, बरेली**

**धर्म-कर्म**

## शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा पर गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

# शिव मंदिर के प्रांगण में शनिदेव की हुई स्थापना


शोभायात्रा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**सांडा, अमृत विचार।** सांडा में किवानी नदी के पावन संगम तट पर स्थित महाभारत कालीन तुरंतनाथेश्वर भगवान शिव मंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित शनिदेव के मंदिर में शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर परिसर से रामजानकी मंदिर गोडियनपुरवा तक शोभायात्रा निकाली गई।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा क्षेत्र के कई मंदिरों से होकर सांडा वापस पहुंची तो आचार्य गुरु केदार शरण महराज ने विधि विधान से पूजनकर शनिदेव भगवान की मूर्ति को स्थापित कराया। मुख्य यजमान प्रहलाद रस्तोगी व उनकी पत्नी प्रेमावती रहे। मूर्ति स्थापना के बाद भण्डारे व झांकी का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में मोनू रस्तोगी, सोनू रस्तोगी, दिवाना रस्तोगी, श्रवण सेठ, विवेक गुप्ता, अनुज रस्तोगी, तुलसीराम, रामू रस्तोगी, आदित्य गुप्ता, शुभम, अंकित, डॉ बंगाली, सुरेंद्र गुप्ता, विवेक, मोनू श्रीवास्तव, विकास जायसवाल, अंकित विश्वास, दिनेश गुप्ता, कृष्णाकांत गुप्ता, विनोद तिवारी, रामजी गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, अश्विनी गुप्ता, लालता प्रसाद, आनन्द अवस्थी, पूरनलाल अमन गुप्ता आदि के साथ सांडा, गोपालापुर, देवरी, किरतापुर, शाहपुर, बोहरा आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्गों को दिए वॉकिंग स्टिक

**तालगांव सीतापुर, अमृत विचार।** ब्लॉक परसेंडी के ग्राम धोंधी में हेल्पेज इंडिया ने इफ्को, एम.सी. के सहयोग से ग्राम धोंधी में श्री राधेश्याम मंदिर के पास निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें करीब 250 लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण एवं मुफ्त दवा वितरण की गई। साथ ही जरूरतमंद बुजुर्गों को वॉकिंग स्टिक एवं सहायक उपकरण भी वितरित किया गये। ब्लड ग्रुप व खून जांच की भी मुफ्त सुविधा उपलब्ध कराई गई।

चिकित्सा विशेषज्ञों में जनरल फिजिशियन रीतु परमा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रेणुका मिश्रा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ रवि चोपड़ा एवं नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेश श्रीवास्तव ने अपनी सेवा प्रदान की। इफको एमसी के प्रतिनिधि मंडल प्रबंधक जुल्फिकार अहमद मंडल प्रतिनिधि प्रशांत त्रिपाठी, क्षेत्रीय प्रतिनिधि मृत्युंजय राय व अन्य प्रतिनिधि सुमित शेखर एवं ई बाजार पारा सराय केंद्र प्रभारी राज किशोर सिंह मौजूद रहे एवं हेल्पेज इंडिया के उपनिदेशक पंकज सिंह, राज सिन्हा, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक धीरज सिंह मृदुल, गुप्ता प्रदीप एवं स्वयंसेवक नरेंद्र राजवीर और रितेश ने भी अपनी सेवा प्रदान की।


नि :शुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर शुरू करते प्रतिनिधि मंडल प्रबंधक।

ते पुत्रा ये पितुर्भक्ता : स : पिता यस्तु पोषक : ।
तन्मित्रं यत्र विश्वास : सा भार्या या निवृति : ॥

संतान वही है जो अपने पिता की सेवा करे। पिता वही है जो अपने पूरे परिवार का लालन-पालन कर सकें। मित्र वही है जिस पर विश्वास किया जा सके और पत्नी वही है, जो आपको हमेशा खुश रखें।

## संपादकीय

# नई हरित क्रांति की जरूरत

बढ़ती आबादी के साथ खाद्यान्न की तेज होती मांग और कृषि उत्पादन बढ़ाने का दबाव सरकार पर है। आजादी के समय खाद्य सुरक्षा की समस्या देश को विरासत में मिली थी। पहली हरित क्रांति ने जहां एक तरफ देश को खाद्य सुरक्षा की समस्या से काफी हद तक निजात दिलाई और देश को एक खाद्यान्न आयातक देश से खाद्यान्न निर्यातक देश में बदल दिया परन्तु जैसे-जैसे हरित क्रांति आगे बढ़ती गई, ठीक उसी प्रकार उत्पादकता में ठहराव आता गया। ऐसे में भारत को दालों और खाद्य तेल जैसी कम पानी की खपत वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए द्वितीय हरित क्रांति की शुरुआत करने की जरूरत महसूस की गई। देश में हरित क्रांति की शुरुआत 1966-67 में हुई थी। खाद्यान्न उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने दो वर्ष पहले पूर्वी भारत में ब्रिगिंग ग्रीन रिवोल्यूशन इन ईस्टर्न इंडिया (बीजीआरईआई) कार्यक्रम शुरू किया था। यह कार्यक्रम सात राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा है। वर्ष 2000 के आसपास द्वितीय हरित क्रांति की चर्चा शुरू हो गई। 1998 में अटल बिहारी बाजपेयी ने सबसे पहले द्वितीय हरित क्रांति का उल्लेख किया। वर्ष 2000 में घोषित राष्ट्रीय कृषि नीति में भी द्वितीय हरित क्रांति शुरू करने पर बल दिया गया था। 2002 में एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने पर इसे एक नया आयाम मिला परन्तु मई 2004 में सत्ता परिवर्तन होने पर द्वितीय हरित क्रांति ठंडे बस्ते में चली गई। परन्तु यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में पुनः एक बार द्वितीय हरित क्रांति पर फोकस किया गया और इसकी शुरुआत पूर्वी भारत से हुई जिसे आशा और संभावनाओं दोनों ही दृष्टियों से देखा जा रहा है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कृषि क्षेत्र के लिए मुफ्त बिजली को हतोत्साहित करने की बात कही। जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है, दलहन, तिलहन और सब्जियों जैसी कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है, जो पानी की मांग को काफी कम कर सकती हैं और सरकार इन फसलों पर एमएसपी की गारंटी दे सकती है। ये सिफारिशें महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि कुछ राज्यों में किसान अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी शामिल है। ध्यान रहे छठे दशक में हरित कांति के दौरान पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश फले-फूले, वहीं दूसरी ओर इन तीनों राज्यों में क्षमता से अधिक दोहन के चलते जल संसाधनों की स्थिति खराब हुई है। हरित क्रांति द्वितीय का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन हमें कुछ अहम पहलुओं का ध्यान रखना होगा। सावधानी बरतनी होगी कि नई हरित क्रांति हमारे संसाधनों को नुकसान न पहुंचाए, बल्कि उनमें सुधार लाए।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का गणित



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है।

किसानों के आंदोलन से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मसला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। वास्तव में अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य तो किसानों का अधिकार है और यह उसे मिलना ही चाहिए। वस्तुतः एमएसपी किसानों को बाजार के उतार चढ़ाव और व्यापारियों-बिचौलियों के शोषण से बचाने की गारंटी देता है। किसानों ने अपनी खेती में जो भी लागत लगाई है, जैसे बीज, खाद, पेस्टीसाइड, श्रम, खेत का किराया, चाहे अपनी है या किराये की है, उसका उसे प्रतिफल तो मिलना ही चाहिए, परंतु अभी यह उनका अधिकार नहीं है। खेती को जब तक मात्र आजीविका का साधन बनाए रखा जाएगा, तब तक उसे लोग दिल से नहीं अपनाएंगे। ये अलग बात है कि खेती कभी व्हाइट कॉलर जॉब तो नहीं बन सकता, परंतु इसे एक सुरक्षित व्यवसाय के रुप मे परिवर्तित कराना ही सरकार और स्वयं किसानों का उद्देश्य होना चाहिए। यदि सभी किसान सिर्फ अपने और अपने परिवार के खाने के लायक मात्रा में ही खेतों से उत्पादन करने लगेगा तो बाकी तीस - चालीस प्रतिशत जनसंख्या क्या खाएगी? अब प्रश्न यह है कि जब खेती किसानी इतनी महत्वपूर्ण है तो सरकार एमएसपी को एक विधिक दर्जा देकर कानून क्यों नहीं बना देती जिससे जो कोई भी एमएसपी से कम मूल्य पर किसानों की उपज खरीदें तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराई जा सके, किसानों का शोषण रोका जा सके। वस्तुतः राज्य सरकारों द्वारा निर्गत धान या गेहूं क्रय नीति में पहले से ही उल्लिखित होता है कि किसानों द्वारा लाए गए गेहूं या धान की मंडियों में पहले बोली लगाई जाएगी जिसमें मंडी, सरकारी क्रय केंद्र प्रभारी, आढ़तिया और किसान उपस्थित रहेंगे। यदि एफएक्यू (फेयर एवरेज क्वालिटी) धान/गेहूं की बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम लगती है तो इसे सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदा जाएगा और किसानों को एमएसपी प्रदान किया जाएगा। इतना ही नहीं एमएसपी से कम बिकने पर उसे डिस्ट्रेस सेल मानते हुए संबंधित सरकारी कर्मचारियों/व्यापारियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। स्पष्ट है कि सरकार इसके लिए पहले से ही कृत संकल्पित है, सिर्फ इसका कड़ाई से अनुपालन कराना वांछित है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है।

एमएसपी एक प्रकार से किसानों को उनकी फसल बिक्री के लिए गारंटीशुदा कीमत है। भारत सरकार ने किसानों की फसलों को उनका उचित मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग का गठन किया था, जिसे सन् 1985 में कृषि मूल्य और लागत आयोग बना दिया गया। इस आयोग की अनुशंसा पर पहली बार 1966-67 में धान और गेहूं के एमएसपी की घोषणा की गई थी। यह आयोग किसी भी फसल की लागत से कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर फसलों की एमएसपी तय करता है यानि किसानों को जो लागत आती है, उस पर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर एमएसपी तय की जाती है। एमएसपी कीमत निर्धारित करने से पूर्व फसल की मांग और आपूर्ति, उत्पादन की लागत, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कीमत, आंतरिक फसल कीमत मानक, कृषि और गैर कृषि के बीच व्यापार की शर्तें, फसल कीमत से उपभोक्ता पर संभावित प्रभावों का आंकलन करती है, परंतु सरकार इसे मानने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है और यही किसानों का भय है कि सरकार कभी भी फसल की एमएसपी दर घटा या बढ़ा सकती है या हटा भी सकती है। किसानों की मांग है कि संसद को एमएसपी पर एक कानून बनाना चाहिए ताकि कोई भी व्यापारी किसानों की फसल को एक निश्चित दर से नीचे न खरीद सके और ऐसा करने वाले को दंडित किया जाना चाहिए और किसानों को फसल बोने से पहले सूचित किया जाना चाहिए कि उनकी फसल किस दर पर बेची जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार में देश में केवल छह प्रतिशत किसानों को उनकी फसलों के लिए एमएसपी मिल पाता है और यह सोचनीय स्थिति है। अतः प्रथम उद्देश्य यह होना चाहिए कि इसका विस्तार अधिकतम किसानों तक हो और अधिकतम किसान इसका लाभ उठाएं। पंजाब और हरियाणा में अधिकांश किसान इस व्यवस्था से लाभान्वित हैं और यही कारण है कि आंदोलन में इन्हीं दो राज्यों के किसानों की बहुलता भी है। अन्य राज्यों में इस योजना के वास्तविक विस्तार होने से किसानों में सुरक्षा और व्यावसायिक दृष्टिकोण से खेती करने की भावना विकसित होगी।

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है। इस वर्ष सरकार ने गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया है तो स्पष्ट है कि बिहार-पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में एमएसपी इनके लागत मूल्य से कम मिल रहा है और पंजाब-हरियाणा में ज्यादा। स्पष्ट है कि एमएसपी की गारंटी के साथ-साथ खरीद की व्यवस्था को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए सरकार को खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ानी होगी, भुगतान की प्रक्रिया को तेज करना होगा और किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ट्रैकिंग की सुविधा देनी होगी। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एमएसपी योजना में अपनी खरीद बढ़ाने, अधिकाधिक किसानों तक पहुंचने, त्वरित भुगतान करने और ऑनलाइन पारदर्शी व्यवस्था बनाने में तेजी से प्रगति की है। बायोमेट्रिक पद्धति से खरीद, आधार लिंक और पीएफएमएस प्रक्रिया से भुगतान ने इस योजना का किसानों में विश्वास और विस्तार बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी इस दिशा में प्रगति हुई है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है। यह नियम विश्व खाद्य संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन के विभिन्न निर्देशों के क्रम में केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के अनुमोदन से भारतीय खाद्य निगम निर्धारित करती है कि किस क्वालिटी का धान-गेहूं या अन्य फसल खरीदा जाएगा, जो मानवीय खाने के योग्य हो। पीएफए अर्थात् प्रिवेंशन ऑफ फूड अल्टरेशन के अंतर्गत किसी खाद्य पदार्थ को मानव के खाने हेतु योग्य या अयोग्य घोषित किया जाता है, लेकिन इसके मानकों को जांचने का तरीका अभी तक मैन्युअल हैं, जिसे मशीनीकृत या पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि सरकारी क्रय केंद्रों पर तो यह मानक व्यवस्था लागू कराई जा सकती है, परंतु निजी व्यापारियों के खरीद पर कैसे लगाया जा सकेगा, यह एक गंभीर चुनौती है। बाजार के खरीद का मूल्य बाजार में मांग-आपूर्ति और उनके लाभ पर निर्भर करता है। यदि वो भी सभी क्वालिटी के खाद्यान्न को एमएसपी पर खरीदना शुरू करें तो फाइनल प्रोडक्ट काफी महंगा हो जाएगा और महंगाई काफी बढ़ जाएगी। सरकार लोक कल्याणकारी है और वह घाटा उठाकर या सब्सिडी देकर खराब या मानकों से इतर खाद्यान्न एमएसपी पर खरीद कर मुफ्त में बांट सकती है, परंतु निजी आढ़तियों से हम इसकी अपेक्षा नहीं कर सकते। अब सरकार खरीद के लिए मानक निर्धारित न करें तो क्या करें? मार्केट में अच्छे-बुरे सभी सामान का उसकी गुणवत्ता के आधार पर मूल्य निर्धारित होता है तो क्या इसी मानक के आधार पर किसानों से खरीद में भी मूल्य तय किए जाएं? तराई क्षेत्रों में शुरुआत में धान में अत्यधिक नमी के कारण सरकारी मानक के अंतर्गत न आने के चलते उन्हें मजबूरी में आढ़तियों के हाथों कम दामों में बेचना पड़ता है। किसानों का ये मानना है कि सरकार यदि नमी की मात्रा के आधार पर मूल्य तय कर ले तो किसानों को लाभ मिल जाए, लेकिन क्या ज्यादा नमी वाले खाद्यान्न को ज्यादा दिनों तक एफसीआई के मानकों के अंतर्गत संरक्षित रखा जा सकेगा? आज सरकार उतनी ही मात्रा में खरीद का लक्ष्य रखती है, जो वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली मे वितरित करती है और एक निश्चित मात्रा आपातकाल के लिए बफर गोदाम मे संरक्षित करती है। इससे अधिक खरीदकर उसे भंडारित और संरक्षित करना भी एक दुरुह कार्य है।

## प्रसंगवश

# स्वच्छता आंदोलन के महामानव



भारतीय सामाजिक परिवर्तन का केंद्र रहे महाराष्ट्र से अनेक ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपने जीवन दर्शन से समूची मानवता को संदेश दिया है। अठारवीं शताब्दी में जन्मे देश के नायक महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के साथ ही बाबा गाडगे का जन्म हुआ। भारत में स्वच्छता को आंदोलन के रूप में प्रेरित करने वाले महान संत गाडगे को स्वच्छता आंदोलन का जनक कहा जाता है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अकोला में पैदा हुए संत गाडगे धोबी समाज से जुड़े थे। युवावस्था में ही अंधविश्वास, रूढ़ियों और मूर्ति पूजा के विरोध में उन्होंने जन जागरुकता शुरू की। उनके पास एक मिट्टी के मटके जैसा पात्र था इसी में वे खाना-पीना खाते थे। महाराष्ट्र में मटके के टुकड़े को गाडगा कहते हैं यही उनका प्रचलित नाम बन गया।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

संत गाडगे गांव-गांव घूमकर दलित और गरीब बस्तियों में लोगों को कीर्तन के माध्यम से शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रेरित करते थे। कीर्तन में उनके प्रमुख संदेश थे मेरी जहां मृत्यु हो जाए वहीं मेरा अंतिम संस्कार कर देना, मेरी मूर्ति, मेरी समाधि, मेरा स्मारक, मंदिर नहीं बनाना, मैंने जो कार्य किया है वही मेरा सच्चा स्मारक है। पैसे की तंगी हो तो खाने के बर्तन बेच दो, लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा के बिना मत रखो। संत गाडगे के समय का तत्कालीन भारतीय समाज जहां एक ओर जातीय जकड़न और शोषण का शिकार था, वहीं दूसरी ओर आदर्शवादी बातें एवं सम्मान पर भी कुछ समूहों का वर्चस्व था। ऐसे में अपनी सादगी, वैचारिकी और समाज के एक बड़े उपेक्षित समूह का जीवन स्तर बेहतर करने की प्रतिबद्धता के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देना अकल्पनीय है। संत गाडगे का जीवन दर्शन समाज कल्याण एवं परोपकार का जीवंत उदाहरण है। वंचित समाज में उनकी लोकप्रियता और प्रभाव का सम्मान करते हुए सामाजिक परिवर्तन के अनेक मुद्दों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर उनके अनुभव के आधार पर नीतियां बनाते थे।

आज जहां पूरी दुनिया में साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाने पर उसका अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में संत गाडगे के स्वच्छता आंदोलन विषयक अभियान का संदेश बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि साफ-सफाई के कार्य को किसी जाति विशेष से जोड़कर अपमानित नहीं करना चाहिए, बल्कि जो लोग इस कार्य को करते हैं उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया जाना चाहिए। सफाई से जुड़े समूहों के प्रति समाज के कुलीन वर्ग द्वारा किए जाने वाले तिरस्कार के संत गाडगे बेहद खिलाफ थे। यही भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार के कारण वे धार्मिक पाखंड और कुरीतियों पर हमला करते रहते थे।

जीवन के अंतिम समय में संत गाडगे की ख्याति महाराष्ट्र से पूरे भारत में फैलने लगी थी। पूरे देश में गाडगे बाबा के जीवित रहते अनेक संस्थाओं ने उनके विचार पर कार्य करना शुरू कर दिया था। 1956 में 6 दिसंबर को बाबा साहब के महापरिनिर्वाण होने पर संत गाडगे बेहद दुखी हो गए। इस घटना से वह व्यथित हुए उसी शोक में बीमार होने के कारण उसी दिसंबर के महीने में 20 तारीख को उनका भी देहावसान हो गया, लेकिन जीवनभर जिस विचार को उन्होंने फैलाया वह आज भी पूरी प्रखरता से गतिमान है। उनकी विशिष्ट सेवाओं का सम्मान करते हुए अमरावती में संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी नाम दिया गया। साथ ही उनके नाम पर अनेक सम्मान/पुरस्कार भी घोषित है।

आजादी के पचहत्तर साल बाद भी सामाजिक संरचना में बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है। स्वच्छता को आज भी एक वर्ग विशेष से जोड़कर देखा जा रहा है। यह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। साथ ही समानता और बंधुत्व इसके मूल में है। इन सभी लक्ष्यों को संत गाडगे के बताए रास्ते पर चलकर पाया जा सकता है। 23 फरवरी उनकी जयंती है उस महामानव संत गाडगे को स्मरण करने का दिन है जिन्होंने स्वच्छता के संदेश के माध्यम से हमें मनुष्य बने रहने के बुनियादी सिद्धांतों से परिचय कराया।

# सनातन परंपरा के संवाहक संत रविदास



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की।

रविदास ऐसे संत कवि थे जिनके भीतर पल-पल परमात्मा को पाने की भारी तड़प थी। बाहरी जीवन के बजाय भीतरी यात्रा में सतत् सावधान महात्मा रविदास ने 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाके अंग अंग बास समानी' की रट लगा वैष्णव भक्ति धारा का अप्रतिम प्रसार किया। संसार में रहते हुए भी विराग को जीवन बनाकर संत रैदास ने भक्तिभाव की ऐसी अलख जगाई, जो सदियां बीत जाने के बाद आज भी असंख्य लोगों के लिए आकर्षण एवं प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है।

पंचगंगा घाट के प्रसिद्ध संत स्वामी रामानंद का शिष्य बनने की इच्छा भक्त रैदास के मन में जागी तो स्वामी रामानंद ने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया। भक्त रैदास ने कहा हम चमार हैं तो स्वामी रामानंद ने कहा, प्रभु के यहां कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। स्वामी रामानंद ने रैदास को प्रभु राम की भक्ति करने तथा भजन लिखने का आग्रह किया। भक्तिभाव से पद लिखना भक्तों के मध्य गाना, किंतु जूते बनाने का अपना व्यवसाय भी करते रहना, यही उनकी दिनचर्या हो गई।

भक्त रैदास कहते हैं कि सभी का प्रभु एक है तो यह जातिभेद जन्म से क्यों आ गया? यह मिथ्या है-'जाति एक जामें एकहि चिन्हा, देह अवयव कोई नहीं भिन्ना।/ कर्म प्रधान ऋषि-मुनि गावें, यथा कर्म फल तैसहि पावें। जीव वै जाति वरन कुल नाहीं, जाति भेद है जग मूरखाई।/ नीति-स्मृति-शास्त्र सब गावें, जाति भेद शठ मूढ़ बतावें।/संतन के मन होत है, सब के हित की बात।/ घट-घट देखें अलख को, पूछें जात न पात।। संत रैदास ने जातिगत भेदभाव की व्यवस्था को अपनी वाणियों में बहुत ही सहज ढंग से व्यक्त किया और लोगों को समझाया कि जन्मना कोई श्रेष्ठ या नीच नहीं होता। उनके विचार से जन्मना कोई ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नहीं है। ऊंची जाति का व्यक्ति वही है जिसके कर्म अच्छे हैं। संत रविदास कहते हैं कि तुम्हारी जाति कोई भी क्यों न हो भगवद्भक्ति सभी का उद्धार करने में सक्षम है।

संत रैदास को जिस जातिगत घृणा से लड़ना है वह हिंदू समाज की अपनी ही हीनता तथा जातिभेद में से उपजी हुई अमानवीय क्रूरता की नियति है। संत रैदास अधम कही जाने वाली जातियों के अंदर पैदा हो रही क्रांतिकारी चेतना के आग्रही-जुझारू तथा स्वाभिमानी पथ-प्रदर्शक बन जाते हैं और अपनी इन जातियों में आत्मसम्मान के लिए भगवद्भक्ति को आधार बनाकर संघर्ष करते हैं। भक्त रैदास ने अपने जीवन में यह सिद्ध कर दिया कि त्याग, समर्पण और भगवद्भक्ति से व्यक्ति ऊंचा उठता-चलता है और फिर उसकी जाति महत्वहीन हो जाती है। भक्त रैदास का भक्तिभाव देखकर काशी नरेश उनके शिष्य बन गए। चित्तौड़ के महाराणा उदय सिंह की पत्नी झाली रानी संत रैदास की शिष्या हो गईं। ऐश्वर्य, शक्तिसंपन्न चित्तौड़ की कुलवधू मेड़तणी मीरा ने भी भक्त रैदास को ही अपना गुरु स्वीकार किया। कृष्णभक्ति में आकंठ डूबी मीरा अनेक प्रकार का विरोध सहन करती हुई भक्त रैदास की शरण में आ गईं। उन्हीं से मीरा ने आशीर्वाद पाया और भक्ति में लीन हो गईं। मीरा और भक्त रैदास का मिलन सगुण और निर्गुण भक्ति धाराओं का मिलन तो है ही साथ ही साथ जातिगत आधार पर भेद मानने वालों को एक सुंदर अनुकरणीय सीख भी है।

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की। भक्त रैदास को संपूर्ण देश में सम्मान मिला तथा उन के 41 पद श्रीगुरुग्रंथ साहिब में प्रतिष्ठा पाए। भक्त रैदास के साथ पूरी चर्मकार जाति भी प्रतिष्ठित हुई। 'रैदास' नाम एक उपाधि की तरह बन गया। हजारों सवर्ण कहे जाने वाले लोग संत रैदास के भक्त हो गए। भक्त रैदास ने ही कहा था कि ''जाति से कोई पद नहीं पहुंचा।

रविदास की भक्ति साधना में भावुकता, विनम्रता और प्रेम की प्रधानता है। आचरण की पवित्रता पर विशेष बल है। संत रविदास गुरु महिमा और सत्संग के समर्थक हैं। वह मानते हैं कि सत्संगति के बिना भगवान के प्रति प्रेम नहीं हो सकता और भगवत्प्रेम के बिना मुक्ति नहीं हो सकती। उनके दर्शन के अनुसार जीव परमात्मा का अंश है। जीव के अंतःकरण में प्राण स्वरूप परमात्मा का निवास है। संसार की नश्वरता और शरीर की क्षणभंगुरता के विषय में रविदास जी कहते हैं कि इहु तनु ऐसा जैसे घास की टाटी/ जलि गइयो घासु रलि गइयो माटी।

## सोशल फोरम

# इतिहास का दुहराव

हमारा इतिहास गवाह है कि हमने मुगलों और अंग्रेजों से बहुत सी लड़ाइयां लड़ी। कहीं मराठे, कहीं सिख, कहीं टीपू, कहीं झांसी की रानी तो कहीं बहादुर शाह जफर, सबने अपनी क्षमता भर इनका विरोध किया, लेकिन समस्या यही रही कि हमने कभी एकजुट होकर विरोध नहीं किया। हमारी इसी एक गलती ने हमें 600 साल तक गुलाम बनाए रखा। इस अकेली कमजोरी ने हमारी आजादी को हमसे सालों दूर रखा।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

10 मई 1857 को मेरठ से शुरू हुए सैनिक विद्रोह को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है। मध्य भारत और गंगा के मैदानी इलाकों से आगे ये विद्रोह नहीं बढ़ पाया। इस संग्राम में अगर कहीं पूरे देश ने आहुति दी होती तो शायद हमारी आजादी की तारीख 90 साल पहले आ गई रहती।

हमारे छोटे-छोटे स्वार्थ हमें कभी एक भारतीय के रूप में सोचने ही नहीं देते। हम पहले भी बंटे हुए थे हम आज भी बंटे हुए हैं। मैंने एक कार्टून फिल्म देखी थी। उसमें करीब 30 लोग एक विशाल चट्टान को धक्का देकर हटा रहे हैं। विशाल पत्थर बड़ी मुश्किल से इंच-इंच कर खिसक रहा है। शाम की छुट्टी के बाद सब लोग चले जाते हैं और केवल दस लोग उसे धक्का देने के काम लगे रहते हैं। इस पर एक आदमी पूछता है कि ये क्या हो रहा है तो उसे बताया जाता है कि ये दस लोग ओवरटाइम कर रहे हैं। मेरा ख्याल है कि ओवरटाइम का दिखावा कर फायदा उठाने वाले यहां ज्यादा है। आगे बढ़कर सच में हाथ लगाने वाले कम।

पौराणिक कहानियों में भी एक कहानी है कि देवी दुर्गा का महिषासुर के साथ बहुत बार युद्ध हुआ, लेकिन उसे विजय नहीं मिली। फिर सभी देवताओं ने देवी दुर्गा को अपने अपने शस्त्र दिए। तब जाकर देवी दुर्गा को सफलता मिली।

आज की परिस्थितियां भी कुछ अलग नहीं हैं। आज भी ये राजनीतिक दल अपने-अपने क्षत्रपों की चिंता में ही लगे हुए हैं। ये बंटे हुए लोग हैं। जबकि इन सबका प्रतिद्वंद्वी साझा ही है, लेकिन इसके बावजूद इनके स्वार्थ इन्हें एक नहीं होने दे रहे। ये एक-एक कर मिट जाने को, गुलाम होने को तैयार हैं, लेकिन एक होकर मुकाबला करने को नहीं। इतिहास फिर दोहराया जा रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर उत्तर प्रदेश



अनिल कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है।

बदलते भारत का नया उत्तर प्रदेश बनने की राह इतनी आसान नहीं रही है। मानव एवं प्राकृतिक संसाधन की प्रचुरता के बावजूद अगर उत्तर प्रदेश पिछड़ा और गरीब राज्य की श्रेणी में गिना जाता रहा है तो उसका एकमात्र कारण मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव रहा है। वर्ष 2017 से पहले भी उत्तर प्रदेश के पास पर्याप्त भूमि, सर्वाधिक जनसंख्या और भरपूर पूंजी थी, बस कमी थी तो एक ईमानदार शासकीय नीयत की। इसी नीयत के चलते उत्तर प्रदेश प्रचुर संसाधन होने के बावजूद देश की सातवीं अर्थव्यवस्था बनकर पिछड़ेपन और गरीबी का दंश झेलने को मजबूर था।

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है। यह आगाज है, उम्मीद की जा सकती है कि अंजाम और बेहतर होगा। आर्थिक सुधारों एवं निवेश की बदौलत बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश बड़ी छलांग लगाते हुए महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा सबसे ज्यादा जीडीपी वाला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी दे रहा है। उत्तर प्रदेश अपनी इकोनॉमी का साइज बढ़ाने के लिए केवल निवेश पर ही खुद को निर्भर नहीं रखना चाहती है। सरकारी तंत्र राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत कर रहा है। उत्तर प्रदेश 12 एक्सप्रेस-वे वाला एकलौता राज्य होने जा रहा है। सड़क के साथ राज्य में एयर एवं रेल कनेक्टिविटी का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में 21 एयरपोर्ट शीघ्र अपना ऑपरेशन शुरू कर देंगे जिनमें पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होते ही उत्तर प्रदेश की निर्यात क्षमता में भी वृद्धि होगी। पर्यटन भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं काशी-मथुरा में देवालयों के जीर्णोद्धार से राज्य में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ा है।

बीते साल 32 करोड़ से ज्यादा लोग उत्तर प्रदेश घूमने आए जिनमें काशी, मथुरा और अयोध्या सबसे ऊपर रहा। फिल्म सिटी के निर्माण के बाद फिल्मी गतिविधियां भी उत्तर प्रदेश की तिजोरी को भरने में बड़ा योगदान देंगी। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट वाला यह राज्य एक ट्रिलियन इकोनॉमी वाला राज्य बन जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ा है। 21 एयरपोर्ट संचालित होने जा रहे हैं। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा फिल्म सिटी का निर्माण पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तेजी से बदलेगी। डेडिकेटेड रेल फ्रेट कॉरिडोर के पूरब-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण का जंक्शन उत्तर प्रदेश में है। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट भी इसी यूपी में संचालित हैं।

# न्यायिक निर्णयों के अनुपालन में विलंब

न्यायपालिका यदि जन समस्याओं के समाधान हेतु स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित न्याय करना चाहे, तो उसे भला कौन रोक सकता है। अनेक प्रसंगों में न्यायपालिका ऐसा कर भी चुकी है। देश में बड़े-बड़े अराजक प्रदर्शनों में न्यायपालिका अनुशासन के अनुपालन की सलाह भी दे चुकी है, मगर उसके निर्णयों का कितनी गंभीरता से अनुपालन होता है, यह किसी से छिपा नहीं है।



सुधाकर आशावादी
मेरठ

हाईवे पर कृषि उपकरणों को लाया जाना, कृषि उपज को ढोने वाले संसाधनों का सवारी ढोने या राजमार्गों को जाम करने में प्रयोग करना अनुचित बताए जाने पर एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी व्यवस्था का खामोश रहना कहीं न कहीं कानून व्यवस्था की कमजोरी सिद्ध करता है। कौन नहीं जानता कि यदि कानून का अनुपालन सही तरीके से हो जाए, तो अनेक समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो सकती हैं। चंडीगढ़ के मेयर पद चुनाव में धांधली पर माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय संकीर्ण सियासी चालों पर भारी पड़ गया जिससे स्पष्ट हुआ कि न्याय में अंधेर नहीं है। जितने कम समय में यह निर्णय हुआ उससे यह भी संदेश जनमानस को मिला कि यदि देश की न्यायपालिका चाहे तो न्यायालय के निर्णयों का अनुपालन भी अविलंब करा सकती है तथा सरकारी विभागों में उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों के निर्णयों को ठंडे बस्तों में डालने की लापरवाही पर भी कठोर कार्रवाई कर सकती है।

विडंबना यह है कि उत्तर प्रदेश सहित अनेक प्रदेशों में उच्च न्यायालय पुरानी पेंशन व्यवस्था तथा अन्य अनेक मसलों पर निर्णय दे चुका है, किंतु उन निर्णयों के अनुपालन हेतु जिन विभागों पर दायित्व है। वे उन निर्णयों पर समय से उचित कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। वादकारी निर्णयों के अनुपालन हेतु विभागों के चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी संबंधित विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि न्याय के पुरोधा इस ओर भी समुचित ध्यान देकर त्वरित न्याय हेतु दिशा निर्देश जारी करके न्यायिक अनुपालन की अवधि भी सुनिश्चित कराने की पहल कर सकें?

## एक नजर

### अयोध्या मंडल की प्रगति अच्छी : एचएन शर्मा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद की मंडलीय समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजस्व परिषद के अध्यक्ष एचएन शर्मा ने राजस्व मामले में चल रहे विवाद के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने ने कहा कि सभी खतौनी कंप्यूटराइज्ड की गई हैं। जैसे भी किसी कोर्ट का आदेश होगा वह उसमें तुरंत दर्ज हो जाएगा। इस कार्य में कितनी प्रगति हुई है इस कार्य की समीक्षा की गई है। अयोध्या मंडल की प्रगति अच्छी पाई गई है, अब कोई भी व्यक्ति डिजिटल मैप देख सकता है।

### कोटे की दुकान निलंबित

**बड़ागांव, अयोध्या।** सोहावल तहसील क्षेत्र के पिलखावा ग्राम पंचायत के कोटेदार राजेश सिंह के विरुद्ध चल रही जांच में अनियमितता की पुष्टि होने के बाद दुकान निलंबित कर दी गई है। निलंबन के बाद खाद्यान्न वितरण का कार्य पड़ोस के कोटेदार आशा देवी को दिया गया है। उपजिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने बताया जांच में कोटेदार राजेश सिंह कार्डधारकों को खाद्यान न वितरण करने, स्टॉक व वितरण रजिस्टर भी प्रस्तुत नहीं कर सके। जिससे उनका कोटा निलंबित कर दिया गया है। आपूर्ति निरीक्षक शशांक सिंह चौहान ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

### दहेज प्रताड़ना में पति को एक साल की सजा

**अयोध्या।** पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने में कोर्ट ने पति को दोषी पाते हुए एक साल के कारावास व 5000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनल उपाध्याय की अदालत से गुरुवार को हुआ। थाना खंडासा के एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का परिवाद दाखिल किया था। जिसमें सुनवाई के बाद कोर्ट ने अभिनव को दोषी पाते हुए सजा दी जबकि अन्य को दोष मुक्त कर दिया।

### कार्यों का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल ने धर्मपथ को श्रीराम हेरीटेज वॉक के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कराये जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने धर्मपथ के फुटपाथ के किनारे स्थित रिटेनिंग वॉलों पर कराये जा रहे म्युरल के कार्यों का अवलोकन किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### महिला पर नाबालिग पुत्र के यौन शोषण का आरोप

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना संदना अन्तर्गत ग्राम चौपरिया के एक ग्रामीण ने पड़ोस के गांव की एक महिला पर अपने नाबालिग पुत्र का यौन शोषण का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। चौपरिया निवासी रामसेवक ने बताया कि उसका पुत्र हरी प्रकाश नाबालिग है। उसने पिछले ही वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा पास की है। उसके पुत्र को पड़ोस के गांव की एक महिला ने बन्धक बना रखा है और उसका यौन शोषण कर रही है। महिला ने बच्चे को शादी का झांसा दे रखा है जबकि नाबालिग होने के कारण उसका विवाह संभव नहीं है और वह बिना माता-पिता के कोई भी निर्णय लेने में सक्षम नहीं है।

# गरीब वर्ग को मिलेगी मुफ्त विधिक सहायता

झरेखापुर, सीतापुर


गूगल मीट के जरिये पुलिस अपर निदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन पदमजा चौहान से बात करते सीओ सिटी व इतुल चौधरी।

**अमृत विचार।** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ के तत्वावधान मे निःशुल्क विधिक सहायता पोस्टर सीओ सिटी अमन सिंह की उपस्थित में थाना कोतवाली देहात में लगाया गया। बृहस्पतिवार को पुलिस अपर निदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन पदमजा चौहान ने गूगल मीट के जरिये सीओ सिटी अमन सिंह के नेतृत्व मे कोतवाली देहात थाने में निःशुल्क विधिक सहायता पोस्टर लगाया।

उन्होंने कहा कि पोस्टर से लोगों में जागरूकता आयेगी। कोतवाली देहात थाने के महिला हेल्प डेस्क में निःशुल्क विधिक सहायता पोस्टर लगने से क्षेत्र की महिलाओं में जागरूकता आयेगी। इस पोस्टर के माध्यम से समाज के गरीब, कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता देकर सभी के लिये न्याय मिल सकेगा। महिलाओं व बालिकाओं बाबत कोई भी अपराध में निःशुल्क विधिक सहायता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नामित विधि परामर्शदाताओं से सम्पर्क कर सकते हैं। निःशुल्क विधिक सहायता के तहत विधिक प्रक्रिया के चरणों बाबत सहायता दी जाती है। कानूनी कार्यों को वकील की सुविधा, कोर्ट फीस या अन्य कार्यों में लगने वाले खर्च को विधिक दस्तावेजों के अनुवाद समेत अपील आदि की सुविधा, पुलिस व कोर्ट में प्रचलित कानूनी कार्यवाहियों बाबत जानकारी दी जाती है। इस मौके पर कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम, महिला थाना प्रभारी इतुल चौधरी, महिला कांस्टेबल चांदनी, सोनम, रेनू, रिचा यादव, श्रुति मौजूद रहीं।

## सरकारी धन के दुरुपयोग की डीएम से की शिकायत

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत के विकास के लिए आए सरकारी धन का प्रधान द्वारा दुरुपयोग किए जाने की शिकायत ग्रामीण ने डीएम से की है। फर्जी मनेरगा मजदूर बना जहां सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। वही फर्जी काम दिखा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिले के भदैया ब्लाक के मिश्रपुर पुरैना निवासी वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने गुरुवार को शपथ पत्र युक्त शिकायती पत्र डीएम को सौंपा। ग्रामीण का आरोप है कि ग्राम प्रधान की मिली भगत से गांव निवासी सुरेश कुमार जो की भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन में है उनकी पत्नी को मनरेगा मजदूर बना एक लाख रुपए के सरकारी धन का बंदरबाट किया गया। किराना व्यापारी अच्छेलाल व राजमणि आढ़त व्यापारी के पुत्र विवेक कुमार, सुरेंद्र सुमन, सरोज, रामगुलाम, कैलाश का जाब कार्ड बना गलत ढंग से सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। फर्जी नाम से रिबोर, बिना निर्माण के नाली का पैसा निकाल सरकारी धन की बंदरबाट की है। ग्रामीण ने प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज करने के साथ जांच कर दंडात्मक कार्यवाही व रिकबरी की मांग की है।

# ऑनलाइन छुट्टी लेने में शिक्षकों को परेशानी

▸▸ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

पिसावां, सीतापुर


बीईओ को ज्ञापन देते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा शिक्षकों को ऑनलाइन अवकाश लेने में हो रही परेशानी को देखते हुये बीआरसी पर बीईओ अवनीश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देते हुये संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष संजीव रावत ने शिक्षकों के आकस्मिक अवकाश लेने की ऑफलाइन व्यवस्था करने की मांग की है। शिक्षकों को ऑनलाइन अवकाश लेने में काफी कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा अधिकतर शिक्षक मोबाइल और कंप्यूटर चलाने में दक्ष नहीं है। इस परिस्थिति में ऑनलाइन कार्यों का निपटारा करना उनके लिए बेहद कठिन है। विभाग द्वारा जो भी कार्य ऑनलाइन दिया जाता है, उसे किसी कैफे द्वारा ही कराया जाता है। परिणामस्वरूप समय और विद्यालय के अति महत्वपूर्ण गोपनीय डाटा सार्वजनिक हो जाते हैं। विशेष परिस्थिति में शिक्षकों के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन अवकाश लेने का भी प्रावधान होना चाहिए, किसी शिक्षक के आकस्मिक अवकाश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने पर अवकाश की गणना हो जाती, परंतु किसी कारण उसे अवकाश का उपभोग नहीं करना है तो घटाई गई छुट्टी वापस करने की कोई व्यवस्था नहीं है। अवकाश लेने के लिए अपलोड किए गए आवेदन देखने का शिक्षक, हेडमास्टर या अधिकारी के पास कोई सुविधा नहीं है। आकस्मिक अवकाश ऑनलाइन जरूरत पड़ने पर कभी भी अपलोड किया जा सकता है, परंतु जरूरी नहीं कि स्वीकृत करने वाला हेडमास्टर या अधिकारी उसी समय ऑनलाइन रहकर अप्रूव कर सके। ऐसे में सहायक शिक्षक द्वारा हेडमास्टर को और हेडमास्टर द्वारा अधिकारी को फोन करके आवदेन देने की सूचना एक अतिरिक्त बोझ है। यह अवकाश लेने में बड़ी बाधा है, जो ऑनलाइन अवकाश लेने में कारगार सिद्ध नहीं होगी। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी देवर्षि प्रताप सिंह, सुधाकर यादव, कृष्णवीर, धीरज, छत्रपाल, आशीष चंदेल आदि मौजूद रहे।

## पिछड़ी जातियों के सहयोग से देश व प्रदेश में बनी भाजपा सरकार



मंडल सामाजिक सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का मंडल सामाजिक सम्मेलन गुरुवार को सिधौली में एक निजी स्थान पर सम्पन्न हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए विशिष्ठ अतिथि ललित मिश्रा ने कहा कि 2014, 2017 व 2019 में देश व प्रदेश में पिछड़ी जातियों के सहयोग से सरकार बनी है। आगामी लोकसभा चुनाव में हमें एकजुट होकर पुन: भाजपा की सरकार बनानी होगी। हमें एक जुट होकर सरकार की उपलब्धियों को हर व्यक्ति को बताना होगा। बैठक मे युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने कहा कि देश की मोदी सरकार द्वारा जो कार्य हम पिछड़े समाज के लिए किया है। वो काम कोई और सरकार नहीं कर सकती है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट दिला कर सरकार बनाने में अभी से लग जाएं। इस मौके पर रामनिवास विश्वकर्मा, अमित मोहन, ललित मिश्रा, राम सेवक, तेजपाल सिंह यादव, राकेश गुप्ता, आलोक तिवारी, प्रवीण मिश्रा, अतुल तिवारी, सरवन, आशु, पुष्कर गुप्ता, आलोक जसवाल, कमल जायसवाल, मोहित श्रीवास्तव, विशाल, संतोष सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाकर गोपाल घाट जाने वाले रास्ते का हो चौड़ीकरण

सीतापुर


डीएम को ज्ञापन देने आये राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने डीएम अनुज सिंह को अतिक्रमण के संबंध में एक ज्ञापन दिया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने मांग की है कि शहर के एकमात्र हिंदू श्मशान घाट 'गोपाल घाट' जाने वाला रास्ता एकदम जर्जर अवस्था में है एवं गड्ढायुक्त है।

लालबाग से गोपाल घाट तक अतिक्रमणकारियों ने मार्ग के दोनों तरफ से अतिक्रमण करके मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। रास्ते में कुछ मांस की भी दुकानें हैं, उनका भी हटाया जाना जरूरी है। ऐसे में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना मांग करती है कि उपरोक्त मार्ग का चैड़ीकरण करके अतिक्रमण हटाया जाए, जिससे शव यात्रा को जाने में कोई कठिनाई न हो। राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू ने कहा कि वर्तमान समय में देश और प्रदेश में हिंदूवादी सरकार है, इसके बावजूद हिंदुओं की अपेक्षा की जा रही है जोकि अस्वीकार है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने स्पष्ट शब्दों में प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 15 दिन में सड़क का चैड़ीकरण करते हुए अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया तो राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना सड़कों पर उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विकास हिंदू, विवके, शुभम, अतुल, संजय, भगवान शरण, पुनीत, अश्विनी, दिव्यांश व आशीष आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मांगें पूरी न होने पर आशा बहुएं अनिश्चिकालीन हड़ताल पर


सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन सौंपती आशा बहुएं।

▸▸ आशा संगीनियों ने सीएचसी अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सीएचसी क्षेत्र की लगभग समस्त आशा बहुओं एवं आशा संगीनियों ने सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन दिया। जिसमें अवगत कराया गया है कि सरकार द्वारा उक्त पांच सूत्रीय मांगे न स्वीकार किए जाने पर सीएचसी महमूदाबाद की आशा बहु एवं आशा संगिनी समस्त विभागीय कार्य का अनिश्चितकाल तक बन्द करने पर मजबूर हैं। उक्त परिस्थियों में सीएचसी महमूदाबाद की आशा बहुओं एवं आशा संगीनियों को सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित न किया जाए। इस दौरान वहां पर लगभग समस्त आशा बहुओं समेत आशा संगिनी मौजूद रहीं।

# एबीवीपी ने बंगाल सरकार का पुतला फूंका

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर ने गुरुवार को बंगाल सरकार का पुतला फूंका। पश्चिम बंगाल में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार में टीएमसी नेता शेख शाहजहां द्वारा महिलाओं के साथ जबरन यौन उत्पीड़न व बगला देश के रोहगियों द्वारा वहां की हिंदू दलित महिलाओं को जबरन किडनैप कर लेना व बहन बेटियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म करना का आरोप लगाते हुए उसके विरोध में एबीवीपी ने जुलूस निकाला। डीएम कार्यालय के सामने बंगाल सरकार का पुतला फूंका गया। अभाविप काशी प्रांत के प्रांत सह मंत्री शुभेंद्र वीर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हो रही लगातार ऐसी घटनाओं से वहां की बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुखिया खुद एक महिला होकर दुष्कर्मियों को शरण देकर बचाने का कार्य कर रही हैं जो की निंदनीय है। यहां जिला संयोजक ऋतिक, शिवम, प्रीति, तेजस्व, रूद्र व नगर मंत्री आदर्श सह मंत्री प्रतिमा, आशीष तहसील संयोजक मनीष मौजूद रहे।


पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला जलाते अभाविप के सदस्य। अमृत विचार

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की कैद

● अदालत ने दोषी पर तीन हजार 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर




**अमृत विचार।** चांदा थानाक्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व किशोरी के साथ छेड़छाड़ अपमानित करने तथा हत्या की धमकी देने के दोषी श्यामबहादुर निषाद को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने गुरुवार को तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर तीन हजार 500 रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने अर्थदण्ड की धनराशि का 50 फीसदी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश भी दिया हो।

एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक चार नवंबर 2019 की शाम शौच के लिए गई किशोरी से आरोपी ने छेड़छाड़ किया तथा विरोध करने पर गाली गलौच तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे का फैसला कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

# हनुमान जी के जन्म स्थान से आया हूं प्रभु राम का दर्शन करने

अयोध्या कार्यालय


रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे कर्नाटक के पूर्व उप मुख्यमंत्री और उनके साथ आए सहयोगी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हनुमान के जन्म स्थान से भगवान राम के जन्म स्थान पर आया हूं, रामलला के दर्शन करने। 500 वर्ष के पहले यहां रामलला का मंदिर था। उसको तोड़कर बाबरी मस्जिद बनाई गई थी। जिसे आज मोदी और योगी की सरकार ने नव्य भव्य बना दिया और इतिहास के पन्नो में नाम दर्ज कर दिया। हम सभी भाग्यशाली हैं कि नए मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। ये बातें गुरुवार को कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम केएस ईश्वरप्पा ने कहीं।

वो महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में कुछ भी नहीं था। अब यहां बहुत कुछ है। एयरपोर्ट देखने से ही

▸▸ कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम बोले- बहुत बदल गई है अयोध्या

मालूम पड़ता है कि अयोध्या बहुत बदल गई है। हमारे जीवित रहते भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही आना चाहता था। अयोध्या में बहुत भीड़ थी, इसलिए नहीं आ पाया।

पूर्व डिप्टी सीएम परिवार व भाजपा की 18 सदस्यीय टीम के साथ गुरुवार सुबह करीब 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक कलाकारों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी ने राममंदिर में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।

## मसौधा के पूर्व सीएचसी प्रभारी को छह माह की सजा व जुर्माना

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएचसी मसौधा के पूर्व प्रभारी बैजनाथ यादव को कोर्ट ने चेक बाउंस के एक मामले में दोषी पाते हुए छह महीने की सजा सुनाई है। उस पर सात लाख रुपये जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि में से छह लाख 90 हजार रुपये बतौर प्रतिकर परिवादी को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश एसीजेएम पल्लवी सिंह की अदालत से गुरुवार को हुआ। बंसी लाल यादव निवासी तेलिया कुआं थाना महाराजगंज का डॉ. बैजनाथ चौधरी के यहां आना-जाना था। वह बेरोजगार था। स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर डॉ. बैजनाथ चौधरी ने उससे पांच लाख रुपये नगद लिए थे। नौकरी नहीं मिलने पर बंसीलाल ने रकम की मांग की तो उन्होंने एसबीआई शाखा मसौधा का अकाउंट पेई चेक दिया। खाते में पर्याप्त निधि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। जिस पर बंसीलाल यादव ने अदालत में परिवाद दाखिल किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसको विचारण के लिए तलब किया। गवाही के बाद उन्हें दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप


भाषण प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्रतिभागी।

### मातृ भाषा दिवस पर आकाश का भाषण सर्वश्रेष्ठ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय भाषा केंद्र तथा हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग की ओर से मातृ भाषा दिवस पर गुरुवार को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें आकाश मिश्रा ने प्रथम, द्वितीय आकाश मिश्रा और तृतीय स्थान अभीष्ट दीक्षित को मिला। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नगद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ कुल गीत से हुआ। बैंक ऑफ़ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय भी साझेदार रहा। संचालन डॉ. स्वाति सिंह सहायक आचार्य भोजपुरी भाषा साहित्य एवं संस्कृति विभाग ने किया। क्षेत्रीय भाषा केंद्र के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र मिश्रा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के वेल्थ मैनेजर अंकित पाठक और मैनेजर देवेंद्र उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता डॉ. प्रत्याशा मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### जिला अस्पताल में ओपीडी के निकट बन रहा दवा काउंटर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब दवाओं के लिए मरीजों को धक्के खाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस के लिए ओपीडी के निकट ही दवा काउंटर बनाया जा रहा है। जल्द ही दवाओं का वितरण शुरू कराया जाएगा। जिला अस्पताल में रोज एक हजार से 1200 के करीब मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। इसमें एक तिहाई मरीज ईएनटी, आई और सर्जरी के रहते हैं। भीड़ के कारण ही तीनों ओपीडी को ब्लड बैंक के पास बने भवन में शिफ्ट किया गया। पर्चा काउंटर भी शुरू कराया गया। अब तीनों ही ओपीडी की दवा भी उसी भवन में देने पर कार्य किया जा रहा है। सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता के मुताबिक इमरजेंसी के सामने भी दवाओं का वितरण होता है। आर्थो, बाल रोग, फिजिशियन व चर्म रोग की ओपीडी में पहुंचे मरीज दवा ले सकेंगे, जबकि नए भवन में तीनों ओपीडी की ही दवाएं मिल जाया करेंगी।

### गृह स्वामी को गोली मारने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मसौधा /रानीबाजार। अयोध्या, अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर थाना पुलिस ने मानापुर मजरे खरकपुर गांव में लूटपाट में असफल होने पर गृह स्वामी को गोली मार घायल करने मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन सिंह ने गुरुवार को थाने में बताया कि 20 जनवरी को चोरी के प्रयास में गांव निवासी संतोष वर्मा को गोली मारी गई थी। पुलिस ने पीड़ित के चाचा हरिशंकर की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू की थी। पुलिस ने गुरुवार सुबह सरियावां नहर की पुलिया के पास से पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ग्राम गौहनिया सलोनी निवासी बनवारी, गांव गौहनिया निवासी मुरारी व बीकापुर कोतवाली के मजदूरुद्दीनपुर खजुरहट निवासी विश्राम को गिरफ्तार किया है। इनके पास से वारदात में प्रयुक्त तमचा-कारतूस और गहदाला, पेंचकस, नट बोल्ट खोलने वाला प्लास आदि बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में इन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि संतोष के मकान के अलावा इन्होंने आजाद सिंह और रिटायर्ड सीओ राम सेन सिंह के घर चोरी का प्रयास किया था। इस दौरान सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र और थाना प्रभारी रतन शर्मा मौजूद रहे।

**सीबीएसई** 12 वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर विद्यार्थियों को न कठिन लगा और न बहुत आसान, बोले-

# अच्छी तैयारी हो, तो हर पेपर लगता है आसान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सीबीएसई की 12 वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर गुरुवार को विद्यार्थियों को न तो बहुत कठिन लगा और न बहुत आसान। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने अमृत विचार से बात करते हुए कहा कि वैसे तो इस बार पेपर मॉडरेट रहा, लेकिन अगर तैयारी अच्छी हो तो सभी पेपर आसान ही लगते हैं। पेपर देने के बाद परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास झलक रहा था।


इस बार अंग्रेजी का पेपर पिछली बार की अपेक्षा कुछ आसान था। तैयारी की थी और पेपर भी मॉडरेट आया था। अंग्रेजी का पेपर अच्छा हुआ है। - हिमांशु सिंह, राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल


अंग्रेजी का पेपर गत वर्ष की अपेक्षा बहुत आसान तो नहीं लगा। इस बार पेपर थोड़ा लेन्दी था, लेकिन तैयारी अच्छी की थी, तो पेपर अच्छा हुआ। - शिवांश राज, सनबीम स्कूल।


पेपर उम्मीद से अच्छा हुआ है। बहुत आसान तो नहीं था, मॉडरेट था। तैयारी की थी, इस लिए आसान लगा। उम्मीद है बाकी पेपर भी अच्छे होंगे। - सिमरन पाण्डेय, सनबीम स्कूल।


जैसी तैयारी की थी उस हिसाब से पेपर न तो बहुत कठिन था और न ही बहुत आसान था। शुरू में लगा कि पेपर कठिन है, किन्तु बाद में आसान लगा। - आयुषी पाण्डेय, सनबीम स्कूल


इस साल का अंग्रेजी का पेपर आसान था। पिछले साल का कठिन था। मेरी तैयारी अच्छी थी। पेपर जैसा भी आता, आसान लगना ही था। - अजीत कुमार, राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल।


तैयारी अच्छी थी और अंग्रेजी का पेपर अच्छा हुआ है। वैसे इस बार पेपर ठीक-ठाक आया था। पहले तो लगा बहुत कठिन है, किन्तु बाद में असान लगा। - पावनी पाण्डेय, सनबीम स्कूल

## प्राप्तांक के संभावित स्वआंकलन से बचें विद्यार्थी: डॉ. मनदर्शन



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बोर्ड पेपर देकर आने के बाद अधिकांश छात्र उस प्रश्न पत्र के प्राप्तांक का स्वआंकलन व मित्रों से भी उनके संभावित प्राप्तांकों का तुलनात्मक आंकलन करने लगते हैं। यह इग्जाम फोबिया का ही एक लक्षण है। मनो परामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन के अनुसार पेपर देकर आने के बाद छात्र अति उत्साह या निराशा के मनोभाव से घिर सकता है। इससे अगले प्रश्न पत्र की प्रति लापरवाह या अतिविश्वास का भाव आ सकता है। निराशा का भाव मन में पलायनवादी विचार ला सकता है। परीक्षा बीच में ही छोड़ देने तक का मन बना सकता है। उन्होंने बताया कि परीक्षा समाप्त होते ही फिर उसका मन पश्चाताप व प्रायश्चित के सेकन्ड्री डिप्रैशन से घिरने लगता है। इसलिए छात्र प्रत्येक पेपर के पश्चात प्राप्तांक के स्व मूल्यांकन से बचें। उन्होंने बताया परिजन भी छात्र से सम्भावित प्राप्तांक के बारे में ज्यादा पूछताछ न करें और यदि छात्र ऐसा करता है तो उसे भी ऐसा करने से हतोत्साहित करें।

# स्मृति ने परिवार के साथ हवन-पूजन के बाद किया गृह प्रवेश

**07** बजे सुबह स्मृति ईरानी अमेठी के एचएएल गेस्ट हाउस से गौरीगंज स्थित आवास पहुंचीं

**11** बिस्वा जमीन पर सांसद व केंद्रीय मंत्री ने अपने आवास की 2021 में रखी थी नींव

अमेठी

**अमृत विचार।** सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के मेदन मवई गांव में नवनिर्मित आवास पर बुधवार से गृह प्रवेश की पूजा शुरू हो गई थी। पहले दिन केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने परिवार के साथ हवन-पूजन किया था। गुरुवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सांसद स्मृति ईरानी परिवार के साथ पूजन किया। उसके बाद दोपहर दो बजे से प्रीतिभोज का आयोजन शुरू है। इसमें संसदीय क्षेत्र के करीब 20 हजार लोगों को आमंत्रित किया गया था। प्रीतिभोज को लेकर तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थी। आने वाले लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न होने पाए, इसका विशेष ध्यान दिया गया था।

स्मृति ईरानी अमेठी के एचएएल गेस्ट हाउस से सुबह 7 बजे गौरीगंज स्थित आवास पहुंची। जिसके बाद सांसद स्मृति ईरानी हवन पूजन के बाद अपने नव निर्मित आवास मेदन मवई गांव में गृह प्रवेश किया। दोपहर करीब 12 बजे सांसद स्मृति ईरानी इस नए घर में प्रवेश किया।

गृह प्रवेश के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल समेत दर्जनों विधायक और एमएलसी कार्यक्रम में आने की सूचना है। हालांकि दोपहर में ही स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह आकर जा चुके हैं। इससे पहले बुधवार की देर रात भी सांसद स्मृति ईरानी अपने नवनिर्मित आवास पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया था। गुरुवार सुबह से ही अमेठी सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के नवनिर्मित आवास पर भाजपा के मंत्रियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। केंद्रीय मंत्री के नए आवास के अंदर 6 कमरे, सर्वेंट रूम, गेस्ट रूम, प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम के साथ अन्य कमरों को भी बनाया गया है। जिससे भविष्य में आने वाले चुनाव में वह यहीं से सारी चीज एक साथ कर सकें। सांसद स्मृति ईरानी के आवास बन जाने के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि गांव का विकास भी बढ़ेगा। आपको बता दें कि करीब 11 बिस्वा जमीन पर सांसद और केंद्रीय मंत्री ने अपने आवास की 2021 में नींव रखी थी।

**गृह-प्रवेश**

▸▸ पहले दिन केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने परिवार के साथ किया था हवन-पूजन


गृह प्रवेश करतीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व साथ में मौजूद उनके पति।


हवन करतीं स्मृति व उनके पति जुबिन ईरानी

# घर की नवनिर्मित सीढ़ी तोड़ने का लगाया आरोप

अमेठी। फुरसतगंज थाना क्षेत्र के क़स्बा निवासी एक युवक ने भाजपा जिला मंत्री व उसके भाई कांग्रेस नेता के साथ उनके दो दर्जन सहित अन्य गुर्गों पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया था कि मंगलवार की देर रात घर के सामने बनी नवनिर्मित सीढ़ी को तोड़ दिया है विरोध करने पर घर पर मौजूद उसकी पत्नी व बेटी को असलहे की दम पर धमकाते हुए घर जला देने की धमकी भी देने का आरोप लगाया था। फुरसतगंज कस्बा निवासी राजेश कुमार जायसवाल पुत्र बराती लाल जायसवाल ने बुधवार की सुबह पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि उसने घर में आने जाने के लिए सामने सीढ़ी का निर्माण किया था। मंगलवार की देर रात करीब साढ़े 9 बजे भाजपा के जिला मंत्री मनोज जायसवाल अपने भाई कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी शशि जायसवाल, रजत जायसवाल व दो दर्जन अन्य के साथ घर पर आ धमके थे, और घर के सामने बनी सीढ़ी को तोड़ दिए थे। तहरीर में राजेश ने लिखा था कि सीढ़ी में लगी लोहे की सरिया के जाल को भी उठा ले गए हैं। इन सब करतूतों का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। पीड़िता ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के नए आवास पर जाकर पूरी घटना की जानकारी दी।

## एक नजर

### सतत् पुनर्वास शैक्षणिक कार्यक्रम का शुभारंभ

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** कस्बे में स्थित आदर्श सेवा समिति दिव्यांग विद्यालय के प्रांगण में भारतीय पुनर्वास परिषद सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी द्वारा सरस्वती देवी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आदर्श सेवा समिति के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने बताया कि सतत् पुर्नवास कार्यक्रम 24 फरवरी तक निरंतर चलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश से 200 प्रतिभागी भाग लेंगे। कार्यक्रम का विषय मैनेजिंग विहैवियर इन द क्लास रूम एण्ड होम है। जिसमें शिक्षको को दिव्यांगता के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं दिव्यांग छात्रों को नई तकनीकी से शिक्षित करने का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इस दौरान प्रशिक्षक राजेश शुक्ला, श्रद्धानन्द द्विवेदी तथा अनूप तिवारी कार्यक्रम समन्वयक राज किशोर यादव, मुकेश कुमार, अरविंद पाठक तथा कपीश गुप्ता सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### बस में डम्फर ने मारी टक्कर, कई घायल

**फुरसतगंज, अमेठी।** रायबरेली सुल्तानपुर राज्यमार्ग पर फुरसतगंज कस्बे के पास एक निजी बस जायस से रायबरेली सवारी भरकर जा रही थी। जायस से रायबरेली की ओर तेज रफ्तार में आ रही डम्पर ने कस्बे में खडी बस पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस में बैठी सवारीयों में मामूली चोटें आई है। जिससे बड़ा हादसा होते बाल बाल बचा। परन्तु बस क्षतिग्रस्त्र हो गई। मौके से डम्पर भाग निकला पर स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर फुरसतगंज पुलिस ने थाने के पास डम्पर को रुकवाकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने बताया की तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

### वार्षिक खेल कूद व सांस्कृतिक सप्ताह का चौथा दिन रहा रोचक

**फुरसतगंज, अमेठी।** छात्रों के क्रिकेट फाइनल मुक़ाबले में सौदामिनी देशमुख हाउस ने कैप्टन गोपीनाथ हाउस को हराकर अपने नाम जीत दर्ज की। जहां छात्रों के फुटबॉल क्यू 1 मुक़ाबले में कैप्टन गोपीनाथ हाउस ने सौदामिनी देशमुख हाउस को हराया। वहीं क्यू 2 में सरला ठुकराल हाउस ने जेआरडी टाटा हाउस को हराकर फ़ाइनल मे जगह बनाई। टेबल टेनिस (डबल्स) एवं वॉली बॉल फाइनल मुक़ाबले में सरला ठुकराल हाउस ने सौदामिनी देश मुख हाउस को हराया। कैरम फ़ाइनल मुक़ाबले मे जेआरडी टाटा हाउस ने कैप्टन गोपीनाथ हाउस को हराकर जीत दर्ज की।

# मार्ग निर्माण की मांग को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमेठी

**अमृत विचार।** संग्रामपुर विकासखंड के भवानीपुर भौसिंहपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को अमेठी तहसील पहुंचकर रास्ते की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर संपर्क मार्ग निर्माण की मांग की गई।

भवानीपुर मजरे भौसिंहपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम प्रीति तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि आजादी से लेकर आज तक उनके गांव को मुख्यमार्ग से जोड़ने के लिए कोई आने-जाने का रास्ता व संपर्क मार्ग नहीं है। जिससे उन्हें बरसात में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। एंबुलेंस सहायता से लेकर पुलिस सहायता के पहुंचने का उन्हें इंतजार करना पड़ता है। एंबुलेंस गांव तक न पहुंचने से गर्भवती महिलाओं व विद्यालय वाहन गांव न पहुंचने से विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। ग्रामीण अभय कुमार यादव ने बताया कि उनके गांव में किसी तरफ से भी कोई सम्पर्क मार्ग न होने के कारण उन सबका चलना-फिरना मुश्किल हो रहा है। समस्या को झेलते हुए गुरुवार ज्ञापन देने आए थे। जिससे उनके समस्या का समाधान हो सके और उनके गांव के लोगों का जीवन यापन सही और सुचारू से चल सके। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।


गांव को जाने वाला कच्चा व जर्जर रास्ता।

## सड़क न बनी तो होगा चुनाव का बहिष्कार



**अमेठी।** पूरे उपाध्याय गांव के लोग आजादी के बाद से अब तक एक अदद सम्पर्क निर्माण के लिए तरस रहे हैं। यह गांव जन प्रतिनिधियों के विकास के दावे की पोल खोल रहा है। हर चुनाव में नेता आते हैं और झूठा आश्वासन देकर चले जाते हैं, चुनाव जीतने, हारने के बाद वापस कभी नजर नहीं आते हैं। जन प्रतिनिधियों की वादा खिलाफी से दुखी गांव की जनता अब लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की तैयारी कर रही है। पूरे उपाध्याय, विकास खंड भादर की ग्राम पंचायत टीकरमॉफी का एक प्रमुख अंग है। इस गांव में दलित वर्ग के कोरी, पिछड़े वर्ग के पाल और सामान्य वर्ग के ब्राह्मण परिवार रहते हैं। टीकरमाफी से बालीपुर चौराहे को जाने वाली सड़क से इस गांव के लिए रास्ता बनना है। पिछले 50 साल से लोग सम्पर्क मार्ग के लिए परेशान हैं, अब तक किसी भी जन प्रतिनिधि ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। बारिश में जल भराव होने से रास्ते की समस्या और जटिल हो जाती है। दो माह पूर्व गांव के दो दर्जन से अधिक लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को उनके कैम्प कार्यालय पर ज्ञापन दिया था, राजेश ने चालू वित्तीय वर्ष में ही सड़क बनवाने का भरोसा दिया था। ग्राम वासी कुल रोशन एडवोकेट ने बताया कि दो दिन पहले जिला पंचायत की बैठक हुई है। बैठक में इस समस्या के हल पर कोई चर्चा नहीं हुई। इस्टीमेट बनाकर कार्य का प्रस्ताव तैयार करने की बात तो दूर अभी तक जिला पंचायत का कोई अधिकारी अभी तक स्थलीय निरीक्षण करने नहीं आया है।

# किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: धर्मपाल सिंह

मुंशीगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोवंशों का संरक्षण करके किसानों की फसलें बर्बाद होने से बचाना और खेती तथा पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी करना योगी सरकार की पहली प्राथमिकता है। गोवंश संरक्षण अभियान और गो आश्रय स्थलों के सफल संचालन के लिए सरकार ने छः विभागों को जिम्मेदारी सौंपी है। गायों के चारे पानी के प्रबंध के लिए सरकार की ओर से खर्च 30 रुपए से बढ़ाकर 50 रुपये प्रति गाय कर दिया गया है।

अवारा पशुओं की समस्या के दृष्टिगत सरकार ने गो संरक्षण अभियान को 15 फरवरी तक बढ़ा दिया है। खेती को पशुपालन के साथ जोड़ने को सरकार नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान दे रही है। कृत्रिम गर्भाधान को प्रोत्साहन प्रदान किया है। साहीवाल, गिरि, गंगातीरी, हरियाणवी, थार पारकर गायों के साथ मुर्रा भैंस के सीमैन पशुपालकों को फ्री दिए जा रहे हैं। संक्रामक रोगों से पशुओं की मृत्यु रोकने के लिए पशु चिकित्सालयों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई है। अचानक बीमार होने पर पशुओं के त्वरित इलाज के लिए 1962 एम्बुलेंस सेवाएं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में संचालित हैं। पशु धन मंत्री ने एचएएल के अतिथि गृह में मीडिया से बातचीत के दौरान गोवंश संरक्षण, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोवंशों के संरक्षण के लिए 1.70 करोड ररुपये लागत से वृहद गोवंश आश्रय स्थल बनवाए जा रहे हैं। सरकार चाहती है कि एक भी गोवंश सड़कों पर अथवा गलियों में न दिखाई दे।

किसानों और पशुपालकों को बाहर से अच्छी नस्ल की गायों की खरीद को 40 हजार रुपये से 80 हजार रुपये तक अनुदान दें रही है। एक प्रश्न के जबाव में पशुधन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब तक 6940 गोवंश आश्रय स्थल संचालित हैं, 14 लाख से अधिक पशु संरक्षित किए जा चुके हैं। हाल ही में हुई ग्रांउड सेरेमनी में अयोध्या मंडल में पशुधन विकास पर 10000 करोड रुपये का पूंजी निवेश हुआ है। मीडिया से वार्ता के पूर्व पशु धन मंत्री ने सीबीओ डा. जेपी सिंह ने सभी खंड विकास अधिकारियों और पशु चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक कर गो आश्रय स्थलों की स्थिति की समीक्षा की। जिले में वर्तमान में 116 गोवंश आश्रय स्थल संचालित हैं। संरक्षित पशुओं की संख्या 20 हजार के आस पास है। तीन वृहद गो वंश आश्रय स्थल निर्माणाधीन हैं। गोवंशो को संरक्षित करने में सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने व कई सफाई-कर्मियों के दुर्घटना ग्रस्त होने के सवाल पर पशु धन मंत्री ने कहा कि गोवंश संरक्षण के दौरान दुर्घटना के शिकार होने पर पांच लाख रुपए दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जाएगा। केवल एक विभाग इस काम में नहीं लगाया गया है।

सरकार ने पशुपालन विभाग के साथ पंचायती राज, ग्राम विकास, नगर विकास, राजस्व, पशुपालन और पुलिस विभाग को समन्वय स्थापित कर किसानों को अवारा पशुओं से हो रहे नुक़सान से निजात दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव, खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा, इन्द्रावती वर्मा, शिवपूजन भारती, पशु चिकित्साधिकारी डा. रत्नाकर आदि मौजूद रहे।

# फाइलेरिया की खिलाई गई दवा

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्थानीय सीएचसी में 28 फरवरी तक चलाये जा रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में 182 टीमें लगायी गयी हैं। इस टीम में आशा आंगनबाड़ी, संगिनी व एएनएम के द्वारा घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जा रही है। इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कस्थुनी एवं नेवादा में भी बूथ लगाकर दवा खिलायी जा रही है। सीएचसी अधीक्षक डाक्टर आलोक मिश्रा ने 2 साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर रूप से पीड़ित व्यक्ति को यह दवा न खाने की सलाह दी वहीं स्वास्थ्यकर्मी रत्नेश श्रीवास्तव ने बताया कि फाइलेरिया की दवा खाने से उल्टी आना, चक्कर आना सिर दर्द तथा बुखार आना आदि लक्षण दिखाई देने से घबराने की आवश्यकता नहीं है। यह लक्षण उन्ही में दिखता है जिनमें फाइलेरिया का कृमि मौजूद रहता है। इनकी निगरानी के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किये गए हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीएम हिना खान व बीसीपीएम राजीव पाण्डेय का सहयोग अपेक्षित है।

# बाइक गड्ढे में गिरने से एक की मौत, दूसरा घायल

अमेठी

▸▸ जेसीबी मशीन से खोदा गया था गढ्डा सेफ्टी गार्ड नहीं बनाया

▸▸ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम को भेज



**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अमेठी सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित मुसवापुर गांव के स्थित गुलाल डेन में संदीप चौहान (23) अपने साथी विनोद चौहान के साथ अपनी ससुराल मुंशीगंज थानाक्षेत्र के कंधईपुर आये थे उसी दौरान उनकी बाइक विभाग द्वारा खोदे गढ्डे में गिर गई। जिससे संदीप चौहान की मौत हो गई। वहीं उसका साथी विनोद चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताते चलें कि विभाग द्वारा पुल का निर्माण कराया जा रहा था और पास में ही जेसीबी मशीन से गहरा गढ्डा खोद दिया गया था। जबकि कोई सेफ्टी गार्ड नहीं बनाया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम को भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### मां की ममता शर्मशार, बच्ची को झाड़ियों में रख हुई थी गायब

▸▸ स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 पुलिस ने पहुंचाया था अस्पताल

**अमेठी।** जायस कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक पुल के नीचे खेत की झाड़ियों में मां की ममता को शर्मशार करते हुए जन्म देने वाली मां अपनी नवजात बेटी को लावारिस छोड़ दिया था। नित्य क्रिया करने गए ग्रामीणों को झाड़ियों से बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी थी। पास जाने पर देखा कि कपड़े और चादर से ढकी एक बच्ची चीख रही थी। ग्रामीणों ने सूचना डायल 112 पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को लेकर सीएचसी फुरसतगंज पहुंचाया था। डॉ. इस्तियाक ने बताया कि बच्ची का इलाज किया था, अब जिला संयुक्त चिकित्सालय में उसका इलाज चल रहा है।

### खसरा, गलाघोंटू व टिटनेस का लगाया गया टीका

**भेंटुआ, अमेठी।** बच्चों में होने वाली पोलियो, खसरा, गलाघोंटू और टिटनेस से बचाव के क्रम में गुरुवार को सीएचसी नौगिरवां में एएफपी एंड वीपीडी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में विकास खंड में स्थित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सकों के साथ प्राइवेट डाक्टर भी शामिल हुए। एसएमओ डा. जतारिया चौहान ने बच्चों में होने वाली जान लेवा बीमारियों से बचाव को डब्ल्यू एचओ, यूनिसेफ और भारत सरकार के अभियानों की जानकारी देने के साथ पोलियो, खसरा, टिटनेस और डिप्थीरिया के लक्षण, बचाव के तरीकों एवं टीकाकरण अभियान पर विस्तार से संवाद किया। जिले के 13 विकास खंडों में पिछले तीन साल के भीतर अब तक खसरे की 258 जांचें हुई हैं। डिप्थीरिया और टिटनेस की 36 जांचें हुई हैं। कोई पॉजिटिव केस सामने नहीं आया है। वर्कशॉप में डा. पुष्पेन्द्र कुमार, डा. मुकुंद लाल, फार्मासिस्ट आरपी सिंह, आरसी वर्मा, मुकेश कुमार, सुभाष पांडेय, सुभाष पटेल आदि मौजूद रहे।

### शिरोमणि रविदास की जयंती मनाने के लिए हुई बैठक

**अमेठी।** 24 फरवरी को विधायक महाराजी प्रजापति के जनसंपर्क कार्यालय पर संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजन की तैयारी के लिए गुरुवार को विधायक समर्थकों और सपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में जयंती समारोह में हर गांव के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रूदल यादव ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने वाह्य आडंबर और पाखंड के विरोध प्राचीन भारतीय समाज में जन चेतना जागृत करने के साथ समाज को भूख और पीड़ा से मुक्ति प्रदान करते हुए मानवता और इंसानियत के संदेश दिए। सुंदरा देवी, विजय कुमार, बुद्धि राम कोरी सरैया कनू, बाबू लाल कोरी, घेराऊ कोरी, सीपी कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# दुरदुरिया में सैकड़ों महिलाएं हुई शामिल

मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार।** गोमती नदी से सटे क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर विसर्जन घाट पर ग्राम वासियों के जन सहयोग से सामूहिक दुरदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने हिस्सा लिया। गुरुवार गोमती नदी से सटे निजामुद्दीन पुर विसर्जन घाट पर क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा कर लिया। दुरदुरिया कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने पूजन अर्चन कर देश व परिवार की सुख समृद्घि की कामना की। कार्यक्रम में लगभग 300 महिलाओं ने हिस्सा लिया। अवसान माई के पूजन के बाद सभी सुहागिन महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक 50 लाख सीताराम नाम लिख चुके रामचंद्र यादव ने बताया कि दुरदुरिया कार्यक्रम में अवसान माई की कथा हुई। जिसमे सुहागिन महिलाएं अवसान माई की पूजा अर्चना की। यह पूजन घर परिवार पुत्र पति सबके सलामती के लिए किया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि इस पूजा का उद्देश्य सभी लोगों के समृद्धि और खुशहाली के लिए है। क्योंकि यह पूजा सामूहिक की गई है। यह पूजा व्यक्तिगत नहीं है। इस मौके पर सुरेश यादव, बडेलाल निषाद, विनीत यादव, अरुण, नागराज, सोनू गुप्ता सहित दर्जनों युवा मौजूद रहे।


दुरदुरिया में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

# घायल बच्चों को राजेश ने दी आर्थिक मदद

अमेठी

**अमृत विचार।** 22 जनवरी को टीकरमॉफी के दुरई का पुरवा रानीपुर के पास डीजे के बिजली करंट की चपेट में आने से घायल बच्चों जो किसी न किसी रूप में विकलांग हो गये थे उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की मौजूदगी में आर्थिक मदद दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने बताया कि अमेठी की लोकप्रिय सांसद दीदी स्मृति ईरानी की प्रेरणा से 22 जनवरी के हादसे में घायल बच्चे जो किसी न किसी रूप में विकलांग हो गये है उन्हें राजेश मसाला परिवार की तरफ से मदद दी गयी है। राजेश ने बताया कि सूरज सिंह, दर्शन सिंह, शुभम सिंह, अशीष सिंह, सुधाकर सिंह, प्रदीप सिंह, सिद्धार्थ सिंह के विभिन्न अंग प्रभावित हुए हैं। राजेश ने कहा मैं इनका जीवन भर इलाज कराऊंगा। माता पिता से यही संस्कार मिले हैं और दीदी स्मृति ईरानी से हमेशा यही प्रेरणा मिलती रहती हैम मैं गरीबी को करीब से देखा ही नहीं हूं बल्कि उसका शिकार रहा हूं। राजेश ने गांधी परिवार पर निशाना साधा और कहा कि मुझे दुख होता है कि परिवार और परिवारिक संबंधो की बात करने वाले एक बार पीड़ितो से मिलने भी नहीं गये।

**वारदात** आईजी अयोध्या मंडल ने एसपी के साथ किया घटनास्थल का दौरा, गांव छावनी में तब्दील, कई थानों की पुलिस का पहरा

# छेड़छाड़ के विवाद में धारदार हथियार से दो युवकों की हत्या, 8 लोग घायल

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अखंडनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में एक शादी समारोह में लड़की से छेड़खानी के विवाद में चार दिन बाद दो युवकों की हत्या कर दी गई। चाकू और धारदार हथियार से दोनों पर कई वार किए गए। कई घायलों का इलाज चल रहा है। तनाव को देखते हुए जहां गांव में कई थानों की फोर्स लगाई गई है, वहीं आईजी अयोध्या और एसपी ने गांव का दौरा किया है।

मृतक सूर्यप्रताप की बहन रेनू पुत्री विनोद कुमार ने घटना को लेकर तहरीर दी है। उसने बताया कि गांव के जगदीश पुत्र दयाराम अपनी बाइक लेकर आए और मेरे घर पर खड़ी करने लगे। परिवार वालों ने मना किया तो वह गाली गलौज करते हुए चला गया। बाद में जगदीश, अतुल यादव, रामजगत, दान बहादुर, अजय, सुंदरलाल, दयाराम, धर्मराज, जग्गी निषाद, रोशनी, अशोक कुमार, ऊषा और कुछ अज्ञात लोग धारदार हथियार व लाठी-डंडे लेकर घर पर आ धमके। इन लोगों ने घरवालों को खत्म करने की धमकी दिया तो हम लोग डर कर घर के अंदर चले गए। आरोप है कि ये सभी आरोपी घर में घुसे और तोड़फोड़ करने लगे। उसी समय अतुल यादव ने सूर्य प्रताप (21) को घसीटकर खेत में ले गया और पेट में चाकू घोंप दिया। यही नहीं जगदीश ने जहां गड़ासे से हमला किया, वहीं राम जगत ने कुल्हाड़ी से प्रहार किया। सूर्य प्रताप को तड़पता देखकर इंद्रसेन (24) पहुंचा तो उसे भी लाठी-डंडे से पीटा। दोनों को परिवार वाले बचाने पहुंचे तो इन आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को भी जमकर पीटा। इसमें रेनू, रेनू की मां कृष्णा देवी, भानु प्रताप, हरिओम, रोली, राधेश्याम को चोटें आईं। पीड़ित रेनू ने बताया हम लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर आई पुलिस गंभीर रूप से घायल सूर्य प्रताप व इंद्रसेन को लेकर सीएचसी अखंडनगर पहुंची। जहां डॉक्टर ने सूर्य प्रताप को मृत घोषित कर दिया। जबकि, इंद्रसेन व कृष्णा देवी को गंभीर हालत में अंबेडकरनगर रेफर किया। यहां इंद्रसेन की हालत बिगड़ गई तो उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। जहां गुरुवार सुबह उसकी भी मौत हो गई।


इंद्रसेन व सूर्य प्रताप की फाइल फोटो।


आईजी अयोध्या ने किया निरीक्षण।

### आधा दर्जन लोग पुलिस की हिरासत में

आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, एसपी सोमेन बर्मा सूचना पर गोपालपुर गांव पहुंचे। दोनों ही उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तनाव को देखते हुए कई थानों की फोर्स गांव में लगाई गई है। सीओ कादीपुर ने बताया कि केस दर्ज कर आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस की तीन टीमें वर्क आउट में लगाई गई हैं।

### लड़की को मोबाइल नंबर देने पर हुआ था विवाद

ग्रामीणों की माने तो बीते 18 फरवरी को एक बारात गांव से गई थी। जिसमें एक लड़की को मोबाइल नम्बर देने एवं वीडियो बनाने को लेकर दोनों पक्ष में विवाद हुआ था। लेकिन उस दिन गहमागहमी के बाद मामला शांत हो गया था। लेकिन अंदर ही अंदर वह चिंगारी सुलग रही थी जो बीती रात खूनी संघर्ष में बदल गई। जिनमें दयाराम के पक्ष एक एवं विनोद के पक्ष के सात लोगों को गंभीर चोटें आई।

# सपा-कांग्रेस के गठबंधन से लोगों में ख़ुशी की लहर

अमेठी

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन सीटों के बंटवारे के बाद अमेठी में सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कांग्रेस के एन्युआइसी अध्यक्ष सौरभ मिश्र को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। सपा नेता जय सिंह प्रताप यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में इस गठबंधन से लोगो में खुशी की लहर दौड़ गई है, इस गठबंधन से पूरे देश मे परिवर्तन का बिगुल बज गया है।

अखिलेश यादव व राहुल गांधी एक साथ आकर उत्तर प्रदेश में भाजपा को 80 में से 80 सीटे व पूरे देश में हराकर बीजेपी को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे और केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाकर हर वर्ग के लोगों को उनका हक अधिकार और सबके चेहरे पर मुस्कान लाने का करेगी।


गठबंधन के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाते कांग्रेस व सपा के पादाधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


बद्री नारायण सिंह पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन के साथ खुशी जतातीं छात्राएं।

### लगन और मेहनत से मिलेगी मंजिल : सांसद

**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : बद्री नारायण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय सकरौली मादूपुर में छात्र – छात्राओं को गुरुवार को स्मार्टफोन वितरित किये गए। स्मार्टफोन पाने के बाद छात्र – छात्राओं के चेहरे खिल गए। मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनांतर्गत स्मार्टफोन वितरित करते हुए छात्रों से कहा कि आप आने वाले कल के भारत के निर्माता हो। इसलिए अपने लक्ष्य की ओर सजग होकर आगे बढ़ने के लिये सतत प्रयत्नशील रहिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की तरफ विश्वास और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने वाले व्यक्ति की ईश्वर भी मदद अवश्य करता है। संसार में ऐसी कोई चीज नहीं है जो मनुष्य के लिए असंभव है, लेकिन हर मंजिल तक पहुंचने के लिये लगन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति सहजता अवश्य रखनी होगी। शिक्षक फौजदार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। नोडल धनंजय प्रताप सिंह ने बताया कि अभी 322 छात्रों को वितरित किया गया है। शेष बच्चे विद्यार्थियों को क्रमवार दिया जाएगा। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. डीपी सिंह ने किया। संचालन उदय प्रताप सिंह ने किया। अंजना पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य रंजन सिंह, अधिवक्ता विवेक उपाध्याय, विपुल सिंह, रवि मिश्र, प्रताप पाल, शिखा श्रीवास्तव, अजय सिंह, राजीव यादव, निम्मो श्रीवास्तव, अनामिका मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### डिजिटल भारत से देश में रुकेगा भ्रष्टाचार : आशीष


दीप प्रज्ज्वलित कर स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम की शुरूआत करते भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव।

**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : पीबीपीजी कालेज सिटी में गुरुवार को छात्र – छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरित किये गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र – छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कहा कि डिजिटल भारत से ही देश में भ्रष्टाचार रुकेगा। भाजपा सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी सशक्तिकरण पर विशेष रूप से कार्य कर रही है। नोडल प्रो. ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने स्मार्टफोन वितरण की प्रक्रिया को बताते हुए एप के बारे में जानकारी दी। संचालन अजीत प्रताप सिंह ने किया। डा. शिव प्रताप सिंह, डा. भूपाल, डा. देवेश सिंह, राकेश सिंह, अजय कुमार सिंह, रवि प्रकाश सिंह, संदीप, संकल्प, प्रमोद, प्रशांत, दुर्गेश शुक्ल, उपमन्यु शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### प्रशासन के आश्वासन पर किसान संगठनों का धरना समाप्त



**नैनी प्रयागराज। अमृत विचार** : प्रयागराज जनपद स्थित यमुनानगर के बारा तहसील परिसर में विगत दो दिनों से पत्रकारों के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के कार्यकर्ताओं द्वारा दिया जा रहा धरना एसडीएम एवं एसीपी बारा के आश्वासन पर समाप्त हो गया। बता दे बीते सोमवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सम्मेलन में जा रहे पत्रकारों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रीवा रोड के गन्ने टोल प्लाजा के पास किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बतकही के बाद मारपीट हो गई। आरोप हैं कि टोल कर्मियों द्वारा पत्रकारों पर लाठी डंडों से हमला किया गया था। इससे कई पत्रकार घायल हो गए थे। मौके पर एसीपी बारा संतलाल सरोज पहुंचकर मामले को शांत कराया था। बाद में पत्रकारों की ओर से बारा थाने में मुकदमा लिखा गया था। दूसरे दिन 20 फरवरी को पांच नामजद एवं 10 अज्ञात पत्रकारों के खिलाफ भी पुलिस ने विभिन्न धराओं में मुकदमा लिख दिया। इसको लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के कार्यकर्ताओं ने पत्रकारों के समर्थन में मुकदमा वापस लेने को लेकर धरना दिया था। एसीपी बारा संतलाल सरोज ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना की निष्पक्ष जांच करवाकर कार्यवाई की जाएगी किसी के ऊपर गलत कार्यवाई नही होगी।

**आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामला : सपा छात्र सभा ने डीएम को राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सौंपा**

# छात्रों ने कहा- डबल इंजन की सरकार ने नौजवानों की कमर तोड़ दी

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी पुलिस परीक्षा पेपर लीक का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पेपर लीक मामले में पूरा प्रदेश आग की तरह जल रहा है। प्रयागराज में लोक सेवा आयोग के सामने बैठकर धरना देने वाले छात्रों का आक्रोश कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। गुरुवार को समाजवादी छात्र सभा के छात्रों ने डीएम का किया घेराव करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

छात्रों ने ज्ञापन के माध्यम से पुनः परीक्षा कराये जाने की मांग की है। बीते रविवार को लोकसेवा द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी व पुलिस परीक्षा पेपर लीक होने के बाद पुनः परीक्षा कराये जाने को लेकर लगातार छात्रों का प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में समाजवादी छात्र सभा के छात्रों ने पेपर लीक के विरोध में परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। छात्रों ने डीएम के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि परीक्षा को दोबारा कराई जाए।



समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक मामले में प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश गुप्ता ने कहा बीजेपी सरकार पूर्ण रूप से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उत्तर प्रदेश में समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती हुए पेपर तत्काल प्रभाव से निरस्त नहीं करती है तो आने वाले समय में हम लोग सड़कों पर व्यापक आंदोलन करने के बाध्य होंगे।

वही पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष आदिल हमजा ने कहा डबल इंजन की सरकार नौजवानों की कमर तोड़ दी है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है, ना तो नौजवानों को नौकरी देने में सक्षम है। ना ही कोई अर्थव्यवस्था बना रही है। बीजेपी सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने पर आमादा है। इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सिंह 'सम्राट' छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद सैफ, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सरोज, छात्र नेता आशुतोष मौर्या, हरेंद्र यादव, नवनीत कुमार, अजय राज त्रिपाठी, विकास यादव, आकाश, प्रियांशु, त्रयंबक नाथ, सूरज सरोज, मान सिंह पटेल, आयुष गुप्ता, शिवबली अभिषेक समेत सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे।

# बालिका से दरिंदगी के दोषी को 20 साल जेल व अर्थदण्ड

संवाददाता, प्रतापगढ़



**अमृत विचार** : अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने घर में घुसकर नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी पवन कुमार निवासी थाना संग्रामगढ़ को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कारावास और 25 हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि पीडिता को उसके चिकित्सीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति हेतु प्रदान की जाएगी।

वादी मुकदमा के अनुसार वह वर्ष 2016 में 13 मई को अपनी पत्नी और बच्चों के साथ निमंत्रण में गया था। घर पर उसकी मां और 11 वर्षीय पुत्री थी। रात में उसकी मां दूसरे कमरे में सोने चली गई, पीडिता पुत्री घर के अंदर सोने चली गई। इसी बीच घर में पीडिता को अकेले पाकर पवन कुमार ने उसके साथ जबरदस्ती गलत संबंध बनाए। पीडिता ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2016 में 13 मई को रात 10 बजे पवन कुमार मेरे घर के कई चक्कर लगा रहा था, मैं अपने कमरे में लेटी थी उसी समय पवन कुमार मेरे घर में घुसकर अंदर से कुंडी लगाकर मेरे साथ गलत काम किया। उस समय मेरे पिता निमंत्रण में गए थे और वह भी आ गए। मैंने किसी तरह उठकर धक्का मार के दरवाजा खोला। पवन घर के अंदर छुप गया था, तब मैंने पापा को बताया पवन घर के अंदर छुपा है। उसको पकड़ कर घर में बंद कर दिया गया और सुबह थाना लेकर गए। अभियोजन की ओर से आठ गवाहों को प्रस्तुत किया गया। बचाव पक्ष की ओर से भी एक साक्षी को प्रस्तुत किया गया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने की।

### रामलला का हुआ अभिषेक, उद्यमी ने अर्पित किया स्वर्ण हार


राम मंदिर के सामने बने मंडप में अनुष्ठान किया गया।


उद्यमी की ओर से दिया गया स्वर्णहार।

**अयोध्या, अमृत विचार** : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से प्रारंभ हुए मंडपोत्सव का एक माह पूरा होने पर गुरुवार को रामलला के गर्भगृह सहित उत्सव मंडप में विशेष अनुष्ठान हुआ। पूजन के दौरान सुंदरकांड का पाठ और रजत कलश से रामलला का अभिषेक किया गया। इस दौरान हैदराबाद के एक उद्यमी ने रामलला को स्वर्ण हार समर्पित किया। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के एक माह पूरे होने पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। रामजन्मभूमि परिसर में संचालित महामंडपोत्सव के क्रम में राममंदिर के ट्रस्टी जगद्गुरु विश्व प्रसन्न तीर्थ के सान्निध्य में रामलला की रजत प्रतिमा का विधिविधान पूजन हुआ। इसके बाद वाद्य यंत्रों के साथ मौजूद भक्तों ने रामलला को रजत पालकी में परिसर का भ्रमण कराया।

# यूपी बोर्ड : लाइव निगरानी में छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा

संवाददाता, प्रयागराज, यमुनानगर

**अमृत विचार** : यूपी बोर्ड की परीक्षा गुरूवार से शुरु हो गई। जिले में 335 परीक्षा केंद्र बनाये गये। दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं दो पालियों में सम्पन्न हुई। वही पहली सुबह 8.30 से 11.45 तक और दूसरी दोपहर 2 बजे से शुरू होकर शाम 5.15 बजे समाप्त हुई। सुबह पाली की परीक्षा में छात्र और छात्राए केंद्र पर सुबह अपने समय पर पहुंच गए। परीक्षा का पहला दिन होने के कारण अभिभावक भी अपने बच्चों को उनके स्कूल के केंद्र तक छोड़ने के लिए पहुंचे थे। परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश से पहले गेट पर कड़ी चेकिंग और निगरानी की गई।

उत्तर प्रदेश यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए शासन और प्रशासन ने पहले से कमर कस रखी थी। गुरुवार को शुरु हुई परीक्षा में हाई स्कूल की सुबह पाली हिंदी और दूसरी पाली में वाणिज्य की परीक्षा रही। वही इंटरमीडियट की परीक्षा भी दोनों पाली में रही। परीक्षा से पहले जिले में बनाये गये 335 परीक्षा केंद्रों में कड़ी निगरानी के लिए लाइव की व्यवस्था की गई थी। केंद्रो पर तीन मजिस्ट्रेट, आठ जोनल मजिस्ट्रेट, 31 सेक्टर मजिस्ट्रेट व सभी 335 परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्ति की गयी हैं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में दो लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा शामिल हुए है।

**अतिसंवेदन शील परीक्षा केंद्रों पर रही पैनी नजर, गेट पर चेकिंग के बाद दिया गया प्रवेश**

### विशेष कमांड सेंटर से केंद्रों की निगरानी



प्रदेश सरकार और यूपी बोर्ड नकल माफियाओ की कमर तोड़ने के साथ विहीन परीक्षा कराने के लिए इस बार खास तकनीकी इंतजाम किया गया हैं। परीक्षा केंद्रों में और नकल करने वालों पर निगाह रखने के लिए यूपी बोर्ड में विशेष कमांड सेंटर बनाया गया है। उस सीसीटीवी के जरिए केंद्रों पर निगाह रखी जा रही है। पेपर लीक और नकल जैसी घटनाओं को रोकने के लिए एंटी चीटिंग प्लान तैयार किया है। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए 5 स्तरीय एंटी चीटिंग प्लान बनाया गया है। संचालन के लिए मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। कक्ष निरीक्षकों के लिए क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त परिचय पत्र भी तैयार किया गया है। इसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं की अदला-बदली रोकने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं पर सुरक्षात्मक क्यूआर कोड, क्रमांक और लोगो भी लगाए है।

# हेड कांस्टेबल ने पीआरबी होमगार्ड का सिर फोड़ा, अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता, प्रयागराज।** तीन दिन पहले किसी बात को लेकर हेड कांस्टेबल और होमगार्ड के बीच बहस छिड़ गई थी। जिसके बाद किसी तरह से मामला शान्त हो गया था। लेकिन खुन्नस खाये हेड कंस्टेबल ने बुधवार की देर रात होमगार्ड और कांस्टेबल 55 बीच नोकझोंक हो गई। उस दौरान पहले से खुन्नस खाये कांस्टेबल ने पीआरबी होमगार्ड के सिर पर टार्च से कई बार हमला किया। जिससे होमगार्ड लहूलुहान हो गया। मारपीट की घटना में होमगार्ड का सिर फट गया। घटना के बाद मौके पर अन्य सिपाहियों की भीड़ जुट गई। घायल होमगार्ड को इलाज के लिये भेजा गया। वहीं होमगार्ड ने मेजा कोतवाली में तहरीर पांच हेड कंस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार होमगार्ड राजकुमार निवासी रामनगर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह पीआरवी 0132 डायल-112 पर तैनात है। तीन दिन पहले किसी बात को लेकर हेड कंस्टेबल इमरान ने बहस शुरु कर दी थी। मामला किसी तरह से शान्त हो गया था। बुधवार को वह गाड़ी लेकर टिकरी पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने गया था। आरोप है कि उक्त पीआरवी में तैनात दूसरे शिफ्ट के सिपाही इमरान खान ने फोन कर मेजारोड फ्लाईओवर के पास बुलाया। आरोप है कि वहां पहुंचने पर देर होने का हवाला देते हुए सिपाही इमरान खान आग-बबूला हो गया। भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। जिससे दोनों में विवाद शुरु हो गया। होमगार्ड राजकुमार का आरोप है कि इतने में सिपाही ने टार्च से उसके सिर पर हमला कर सिर फोड़ दिया। मौके पर मौजूद रहे उसके करीबी फारुक ने मारपीट में सिपाही की मदद की। होमगार्ड ने मेजा कोतवाली में सिपाही इमरान खान व उसके साथी फारुक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल मामले में थाना प्रभारी ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।


## वर्ग पहेली-351

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. ख़ाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।



### वर्ग पहेली - 350 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बे | ठ | 5 क |
| | 6 ग | ड़ु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

# बुआ के घर से लापता बालक की हत्या, नाले में मिला शव

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़

**मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ**

**अमृत विचार** : शादी समारोह में शामिल होने बुआ के घर गए बालक का शव नाले में मिला। मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। बालक की मौत से परिजन बेहाल हैं।

बाघराय थाना क्षेत्र के लच्छीपुर बिहार गांव निवासी कमलेश विश्वकर्मा सपरिवार 13 फरवरी को शादी समारोह में शामिल होने जलालपुर निवासी श्रीराम विश्वकर्मा के यहां गया था। 14 फरवरी को शाम कमलेश विश्वकर्मा का सात वर्षीय बेटा अमित विश्वकर्मा वहां से गायब हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। कमलेश विश्वकर्मा ने प्रयागराज जनपद के ऐबी का पुरवा दहियांवा, थाना होलागढ़ निवासी अमरेश पुत्र राज बहादुर पर अपहरण की आशंका जताते हुए बाघराय थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने अमरेश को हिरासत में लेकर सख्ती की तो उसने अपना जुर्म स्वीकारा। उसने पुलिस को बताया कि अमित की हत्या कर शव कोर्रही नाले के पास गड्ढे में दफन किया है। पुलिस ने अमरेश की निशानदेही पर कोर्रही नाले से अमित का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता पहुंचकर अभियुक्त से पूंछताछ कर रहे हैं। थानाध्यक्ष बाघराय निकेत भारद्वाज ने बताया कि अभियुक्त के निशानदेही पर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अभियुक्त अमरेश से हत्या की वजह के सम्बन्ध में पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष बाघराय निकेत भारद्वाज ने बताया कि मासूम बालक की हत्या में एक अभियुक्त हिरासत में लिया गया है, पूछताछ की जा रही है। आशंका है अन्य अभियुक्त भी शामिल थे, जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### लखनऊ, मेरठ, अयोध्या और आजमगढ़ मंडल सेमीफाइनल में

**अयोध्या कार्यालय।** प्रदेशीय सबजूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज कर लखनऊ, अयोध्या, मेरठ व आजमगढ़ मंडल टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में हो रही प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल में मेरठ मंडल ने आगरा पर जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में लखनऊ मंडल ने बरेली को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरे क्वार्टर में अयोध्या मंडल ने वाराणसी को हरा कर अंतिम चार में जगह बनाई। चौथे क्वार्टर मुकाबले में आजमगढ़ मंडल ने देवीपाटन मंडल को हरा कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हैंबॉल कोच मो. तौहीद, पर्यवेक्षक बैज नाथ यादव, रैफरी पैनल के इंचार्ज नफीस अहमद, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद अन्सारी, सीडी सिंह सहित प्रशिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सुडोकू-68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 7 |
| | | | | 9 | | | 4 | |
| | 8 | | 5 | | | 9 | | |
| 7 | | 5 | | | 9 | 1 | | |
| | | | | | | | | 5 |
| | | 2 | 7 | | | 4 | | 9 |
| | | 7 | | 5 | 6 | | 9 | |
| 5 | 6 | | | 7 | | | | |
| | | | | 4 | 8 | 7 | | |

### सुडोकू - 67 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 15 .33 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-आश्लेषा 19 .25 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष**: आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर रखें। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी।

**वृष**: आज आपको शुभ सूचना मिल सकती है। भौतिक भोग-विलास का आनंद लेंगे। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें। आलस्य के कारण अपना नुकसान करा सकते हैं। आपको सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**मिथुन**: आज अपनी जिम्मेदारियों को समझें। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। नए संबंधों को लेकर सावधान रहें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। आपकी जीवनशैली अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**कर्क**: आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कारोबार में सब कुछ आपके अनुकूल रहेगा। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**सिंह**: आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। अनैतिक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**कन्या**: आज फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादों में आपकी विजय हो सकती है। किसी बीमा पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सचेत रहने वाले हैं। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**तुला**: आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। रिश्तेदारों के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों की बातें आपको बुरी लग सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने से आपको लाभ होगा। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

**वृश्चिक**: आज मित्रों के साथ पार्टनरशिप में कारोबार शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं। शरीर में ताजगी और उत्साह रहेगा। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**धनु**: आज दर्शन और योग में आपकी स्वाभाविक रुचि हो सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। किसी भी आर्थिक गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। नशे और गरिष्ठ खानपान से परहेज करें।

**मकर**: आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। तनाव के बावजूद आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं।

**कुंभ**: आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। एक साथ कई काम संभालने पड़ेंगे। मन में नकारात्मक भाव न आने दें। पैतृक संपत्ति के मामलों में जल्दबाजी न करें। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**मीन**: आज ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा उपयोग करेंगे। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद करेंगे। प्रेमी जन के साथ गंभीर विषयों पर वार्तालाप हो सकती है। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- बादशाह — सुबह : 10.00
- धड़कन — रात : 07.00

SONY MAX
- स्टाइल — सुबह : 09.00
- कैथी — शाम : 06.00

SONY PIX
- हेलबॉय — सुबह : 10.20
- लाइफ — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बोस- द फॉरगेटेन हीरो — सुबह : 10.30
- फितूर — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- हम तुम पे मरते हैं — दोपहर : 12.06
- असुर — रात : 08.49

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया।
पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |

**चावल प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |

**दाल दलहन**

| | |
|---|---|
| चना देसी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राजमा सफेद | 13000-14000 |
| राजमा काला | 11500-12500 |
| आटा | 2700-2900 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| चीनी (एम 30) | 4250 |
| चीनी (एस 30) | 4100 |
| गुड़ पंसेरा | 5000 |
| गुड लड्डू | 5200। |

# महंगाई को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ : आरबीआई गवर्नर

**मुंबई, एजेंसी**

- **दास ने कहा- रेपो रेट पर लिया गया फैसला महंगाई कम करने में मिली सफलता को करेगा कमजोर**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मोर्चे पर जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम कीमत के मोर्चे पर अब तक जो सफलता हासिल की गई है, उस पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा जारी किया। इसके अनुसार, दास ने कहा था, 'इस समय मौद्रिक नीति का रुख सतर्क होना चाहिए और यह नहीं मानना चाहिए कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर हमारा काम खत्म हो गया है।' उन्होंने कहा कि एमपीसी को मुद्रास्फीति को नीचे लाने के 'अंतिम छोर' को सफलतापूर्वक पार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

दास ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान करते समय यह टिप्पणी की। ब्योरे के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि बाजार नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद को लेकर आगे है, लेकिन इस समय जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम अबतक हासिल की गई सफलता को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उच्च वृद्धि को बनाए रखने के लिए मूल्य और वित्तीय स्थिरता जरूरी है। मौद्रिक नीति का उद्देश्य वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालीन आधार पर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बने रहना है। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने के लिए मतदान किया था। समिति में बाह्य सदस्य जयंत आर वर्मा ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत तक कम करने और रुख को तटस्थ में बदलने के पक्ष में दलील दी थी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय मजबूती की प्रक्रिया 2024-25 में जारी रहने का अनुमान है, इससे मुद्रास्फीति बढ़ने के जोखिम के बिना मौद्रिक नीति के स्तर पर नरमी की गुंजाइश बनती है।

वर्मा ने कहा, 'मेरे विचार में, एमपीसी के लिए एक स्पष्ट संकेत देने का समय आ गया है कि वह मुद्रास्फीति को काबू में लाने और वृद्धि को गति देने की अपनी दोहरी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेती है और यह वास्तविक ब्याज दर को उस स्तर पर बनाये नहीं रखेगी, जो कि इसके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यकता से काफी अधिक है।'

## बांग्लादेश, मॉरीशस और भूटान को प्याज निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने व्यापारियों को 31 मार्च तक बांग्लादेश, मॉरीशस, बहरीन और भूटान को 54,760 टन प्याज निर्यात करने की गुरुवार को अनुमति दे दी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, 'हमने तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश को 50,000 टन, मॉरीशस को 1,200 टन, बहरीन को 3,000 टन और भूटान को 560 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।' उन्होंने कहा कि व्यापारियों को 31 मार्च तक इतनी मात्रा का निर्यात करने की अनुमति है। इसके तौर-तरीकों पर काम जारी है। सिंह ने कहा कि यह निर्णय विदेश मंत्रालय की सिफारिश के बाद लिया गया है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए सरकार ने 8 दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर 31 मार्च तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

## इफको फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में अव्वल

**नई दिल्ली, एजेंसी**





इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान के अनुपात के आधार पर एक बार फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। भारत में उर्वरकों का उत्पादन करने वाली सहकारी क्षेत्र की यह विशाल कंपनी कारोबार के हिसाब से दुनिया की 72वीं सबसे बड़ी सहकारी इकाई बन गई है।

इफको के अनुसार इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) और यूरोपियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन कोऑपरेटिव एंड सोशल एंटरप्राइजेज के तत्वाधान में प्रकाशित वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर के 2023 संस्करण में इफको को 300 प्रमुख सहकारी संगठनों की सूची में पुनः पहले स्थान पर रखा गया है। यह रैंकिंग संगठन के देश के प्रति व्यक्ति जीडीपी और उसके कारोबार के अनुपात पर आधारित है।

इफको ने कहा है कि यह रैंकिंग दर्शाती है कि भारत के जीडीपी और आर्थिक वृद्धि में उसका महत्वपूर्ण योगदान है। कुल कारोबार के हिसाब से इफको वैश्विक सूची में पिछले वित्तीय वर्ष के 97वें पायदान से ऊपर उठकर 72वें स्थान पर पहुंच गया है। इफको के साथ कुल 35,500 सहकारी समितियों जुड़ी हैं, जिनमें 25,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,970 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## हीरानंदानी समूह के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी

**मुंबई, एजेंसी**

- **फेमा उल्लंघन के सिलसिले में जांच एजेंसी की कार्रवाई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के आरोपों की जांच के सिलसिले में प्रतिष्ठित रियल एस्टेट समूह हीरानंदानी के मुंबई में और उसके आसपास स्थित चार से पांच परिसरों पर गुरुवार को छापे मारे।

सूत्रों ने बताया कि यह जांच फेमा के उल्लंघन से जुड़ी है। यह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ फेमा से जुड़ी जांच के एक अन्य मामले से संबद्ध नहीं है। मोइत्रा को हाल में लोकसभा से निष्कासित किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से मिले तोहफों के बदले में अडाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। दर्शन हीरानंदानी रियल एस्टेट दिग्गज और हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी के बेटे हैं। दुबे ने मोइत्रा पर वित्तीय लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया था। मोइत्रा ने इन आरोपों से इनकार किया था।

## बिहार ईओयू का पटना जीपीओ पार्सल गृह में छापा

**पटना।** बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की एक टीम ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ एवं मनोत्तेजक पदार्थों के पार्सल के माध्यम से संभावित तस्करी की रोकथाम के लिए पटना जीपीओ पार्सल गृह में गुरुवार को छापामारी की। ईओयू के अपर पुलिस महानिदेशक नय्यर हसनैन खान ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व आसूचना एवं बरामदगी के लिए आर्थिक अपराध इकाई मादक द्रव्यों एवं मनोत्तेजक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नशील है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में ईओयू के दल ने छापेमारी की।

## धार्मिक पर्यटन में 2 लाख रोजगार पैदा होंगे

**मुंबई, एजेंसी**

- **एक रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मिलेगा और बढ़ावा**



देश में धार्मिक पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों के जोर पकड़ने से अगले चार-पांच वर्षों में करीब दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने की उम्मीद है। वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल प्रतिभा समाधान प्रदाता एनएलबी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन अलुग ने यह अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि भारत में धार्मिक पर्यटन के वर्ष 2023 से 2030 के बीच सालाना 16 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

अलुग ने कहा कि घरेलू पर्यटन में धार्मिक पर्यटन की हिस्सेदारी इस समय 60 प्रतिशत है, लेकिन आने वाले समय में यह अनुपात बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद धार्मिक पर्यटन को और भी बढ़ावा मिल सकता है। अलुग ने कहा, 'अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से आतिथ्य एवं यात्रा सेवाओं से जुड़ी करीब 25,000 नौकरियां बढ़ने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'अगले चार-पांच वर्षों में धार्मिक पर्यटन से दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने का अनुमान है। वर्ष 2028 तक 60 अरब डॉलर के अनुमानित राजस्व के साथ धार्मिक पर्यटन अस्थायी और स्थायी दोनों तरह के कामगारों के लिए रोजगार के रास्ते खोलेगा।'

उन्होंने उद्योग रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि कोविड महामारी के बाद तीर्थयात्रा के लिए होने वाली रात्रिकालीन यात्राएं बढ़ गईं और वर्ष 2021-2022 में दान राशि में भी 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## राष्ट्रीय

# आगामी चुनाव तय करेगा देश का भविष्य

### गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से की लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत

**जांजगीर, एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की और कहा कि आगामी आम चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। शाह ने यहां विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज यहां छत्तीसगढ़ में विजय संकल्प रैली में आया हूं। आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। आने वाला चुनाव देश को पूर्ण विकसित और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है।''


शाह ने कहा, ''मैं छत्तीसगढ़ की जनता का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं। 2014 में आपने 11 में से 10 सीट भाजपा को जिताईं। 2019 में 11 में से नौ सीट पर भाजपा को जिताया। हाल ही में (पिछले साल) विधानसभा चुनाव में आपने छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवाई।" उन्होंने कहा, "एक नाकारा सरकार (पिछली कांग्रेस सरकार) जिसने न नक्सलवाद पर लगाम कसी और न छत्तीसगढ़ के लोगों को न्याय दिया, जिसने लाखों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार कर छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के साथ अन्याय करने का काम किया, उसको भी आपने हटा दिया। छत्तीसगढ़ के लोगों ने (मुख्यमंत्री) विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का काम किया है।''

उन्होंने राज्य में सरकार बनाने के लिए महिलाओं को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, 'मैं विशेष रूप से राज्य की माताओं और बहनों को प्रणाम कर आभार प्रकट करता हूं।' केंद्रीय गृह मंत्री ने इस दौरान मोदी की सरकार के 10 वर्ष में किए गए कामों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार ने 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों का कल्याण किया है। इन 10 साल में मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को घर में नल से जल देने का काम किया। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 38 लाख से ज्यादा घरों में पीने का पानी आजादी के 75 साल बाद पहली बार पहुंचा है। देश के 60 करोड़ लोगों का पांच लाख रुपए तक उपचार का खर्च नरेंद्र मोदी सरकार उठा रही है।'

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने का काम किया है। हमारा देश दुनिया की अर्थ तंत्र तालिका में 11वें नंबर पर था आज पांचवें नंबर पर है। मोदी जी के एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने पर हम दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक ताकत बन जाएंगे।'

## महुआ मोइत्रा की याचिका पर हाईकोर्ट का आदेश आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 'गोपनीय' सूचना मीडिया को कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की याचिका पर 23 फरवरी को आदेश पारित करेगा। पूर्व सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दावा किया कि उनकी मुवक्किल को परेशान किया जा रहा है और एजेंसी द्वारा उन्हें समन जारी किए जाने की सूचना, उन्हें समन मिलने से पहले ही मीडिया ने प्रकाशित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मौखिक रूप से कहा कि अभी तक ऐसा कुछ नहीं है, क्योंकि संबंधित समाचार रिपोर्ट में तथ्यात्मक दावे किए गए हैं।



**पटियाला।** फसलों का एमएसपी बढ़ाए जाने समेत कई मांगों को लेकर आंदोलित किसानों ने शुक्रवार को पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर हाईवे पर ट्रैक्टर और अन्य वाहन खड़े कर जाम लगा दिए। ● एजेंसी

## एक नजर

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा दी गई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को देशभर में जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। गृह मंत्रालय ने खरगे पर खतरे की आशंका को देखते हुए इस महीने की शुरुआत में यह फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो पूरे देश में खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करेंगे।

### कश्मीर में नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी मिली

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने केंद्रशासित प्रदेश में वर्ष 2027 तक 2,000 स्टार्टअप स्थापित करने के लक्ष्य के साथ एक नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक, यह नीति छात्रों, महिलाओं को उद्यमिता सुविधाएं देती है और स्टार्टअप स्थापित करने के लिए सरकारी, निजी और उच्च आय वाले व्यक्तियों के जरिये उद्यमियों को सहायता मुहैया कराती है। प्रवक्ता ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक परिषद (एसी) की बैठक में 2018 में अधिसूचित स्टार्टअप नीति की जगह लेने वाली जम्मू-कश्मीर स्टार्टअप नीति 2024-27 को मंजूरी दी गई।

## बेरोजगार पति को हर माह 5,000 रुपये भरण-पोषण दे पत्नी : अदालत

**इंदौर, एजेंसी**

- **इंदौरा की एक कुटुंब अदालत ने दिए निर्देश**

इंदौर के कुटुंब न्यायालय ने ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला को आदेश दिया है कि वह उसके कथित तौर पर बेरोजगार पति को भरण-पोषण के लिए हर महीने 5,000 रुपये अदा करे। इस व्यक्ति के वकील मनीष झारोला ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

झारोला ने बताया, 'हमारे एक अंतरिम आवेदन पर कुटुंब न्यायालय ने 20 फरवरी (मंगलवार) को आदेश दिया कि मेरे मुवक्किल की पत्नी उसे हर माह भरण-पोषण के लिए 5,000 रुपये अदा करे और मुकदमे का खर्च अलग से दे।' उन्होंने कहा कि महिला ब्यूटी पार्लर चलाती है और उसका पति उसकी कथित शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के कारण 12वीं के बाद पढ़ाई पूरी नहीं कर सका था। झारोला ने कहा कि उनके मुवक्किल ने कुटुंब न्यायालय में दायर अर्जी में कहा कि वह फिलहाल बेरोजगार होने से खुद के भरण-पोषण में असमर्थ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एकतरफा प्रेम में पड़ी महिला और उसके परिवार वालों ने उनके मुवक्किल को डरा-धमका कर उसे आर्य समाज के मंदिर में वर्ष 2022 के दौरान विवाह के लिए मजबूर किया था, जबकि वह इस शादी के लिए कतई राजी नहीं था। झारोला के मुताबिक उनके मुवक्किल ने अपनी पत्नी और उसके परिजनों की कथित प्रताड़ना के बारे में इंदौर के पुलिस आयुक्त को शिकायत भी की थी।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 को धौलपुर पहुंचेगी

**जयपुर।** राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 25 फरवरी को राजस्थान के धौलपुर में प्रवेश करेगी। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा 25 फरवरी को धौलपुर में प्रवेश करेगी, जहां यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय यात्रा का ध्वज राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को सौंपेंगे।

## दिल्ली के बुराड़ी से बिश्नोई-हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी इलाके में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जवाबी गोलीबारी में बदमाश आमिर और दानिश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने कहा कि आमिर डकैती से लेकर हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम तक के छह आपराधिक मामलों तथा दानिश दंगा और शस्त्र अधिनियम के दो मामलों में शामिल रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय भाटिया ने कहा, 'हमारी कई टीम भजनपुरा थाने में दर्ज गोलीबारी के मामले में शामिल इन लोगों का पता लगा रही थीं।'

## किसानों के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने कहा है कि किसानों का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के साथ की गई क्रूरता की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस बल प्रयोग में गोली लगने से एक किसान की मौत हुई है, लेकिन पंजाब सरकार ने अपने क्षेत्र में किसान की हत्या पर अब तक प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पंजाब विधानसभा का सत्र बुलाने की मांग की है।

सुखपाल सिंह ने कहा, "मोदी सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देंगे और किसानों, खेत मजदूरों का कर्ज माफ करेंगे लेकिन एक भी पैसे का कर्ज माफ नहीं किया गया। उल्टे एमएसपी की मांग कर रहे किसानों पर गोलियां चलाई जा रही है।"

कांग्रेस नेता ने कहा, "किसान आंदोलन से जुड़े शुभकरण सिंह की कल गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन हरियाणा सरकार यह मानने को तैयार नहीं है। देश की पुलिस अपने ही किसानों पर अत्याचार कर रही है। आंदोलन से जुड़े 200 से ज्यादा किसान जख्मी हैं।'

## ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई नेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खामियों के खिलाफ गुरुवार को ईवीएम हटाओ मोर्चा तथा अन्य संगठनों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा अन्य कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। ईवीएम हटाओ मोर्चा के अनुसार ईवीएम के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर सभा आयोजित की जा रही थी और इसकी इजाजत भी मिल चुकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आखिरी वक्त में इजाजत को रद कर दिया, जिसके कारण यह आयोजन युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड पर करना पड़ा। कांग्रेस नेता अरविंद सिंह लवली ने कहा कि देश में इस समय अघोषित आपातकाल का दौर चल रहा है।

## कांग्रेस से गठबंधन किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा: आतिशी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आप नेता और दिल्ली की मंत्री ने किया दावा**



आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि यदि पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता करती है तो अगले तीन से चार दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी दावा किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) शनिवार या रविवार को केजरीवाल को नोटिस जारी करने वाला है। उन्होंने दावा किया, 'जब से 'आप' और कांग्रेस के बीच गठबंधन की चर्चा अंतिम चरण में पहुंचने की खबरें आ रही हैं, बुधवार शाम से ही 'आप' नेताओं को संदेश मिल रहे हैं कि यदि 'आप' ने कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि संदेशवाहकों द्वारा यह बताया गया कि शनिवार या रविवार को मुख्यमंत्री को सीबीआई द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संदेशवाहकों द्वारा यह भी बताया गया कि केजरीवाल को जेल से बाहर रखने का एकमात्र तरीका 'आप' द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को छोड़ना है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के नेता इस संबंध में एक-दो दिन में आधिकारिक रूप से घोषणा कर सकते हैं।

## शिवसेना नेता का दावा

### 1987 में किया बाघ का शिकार, गले में पहनते हैं उसका दांत

**मुंबई।** एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना के एक विधायक ने दावा किया है कि उन्होंने 37 साल पहले एक बाघ का शिकार किया था और वह उसका दांत अपने गले में पहनते भी हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संजय गायकवाड़ का यह दावा करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गायकवाड़ अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। वह वीडियो में यह कहते नजर आ रहे हैं, "यह बाघ का दांत है। वर्ष 1987 में मैंने इसका शिकार किया था।'

# टेस्ट के बाद अब मोहम्मद शमी आईपीएल से भी बाहर

## पिछले साल नवंबर में अंतिम बार वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था, लंदन में होगा टखने का ऑपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने में चोट से अगले महीने शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें ब्रिटेन में इसका ऑपरेशन करवाना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह 33 वर्षीय तेज गेंदबाज चोटिल होने से इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पा रहा है। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा कि शमी टखने पर विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी के अंतिम सप्ताह में लंदन में थे और उन्हें बताया गया कि वह 3 सप्ताह के बाद हल्की दौड़ शुरू कर सकते हैं। लेकिन इंजेक्शन लगवाने से फायदा नहीं हुआ और अब उनके पास ऑपरेशन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वह ऑपरेशन के लिए जल्द ब्रिटेन जाएंगे। उनके आईपीएल में खेलने का सवाल ही नहीं उठता। शमी ने विश्व कप में दर्द के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया था तथा 24 विकेट लिए थे। उन्हें अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। इस गेंदबाज की अक्टूबर नवंबर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी करने की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे तक फिट होना होगा। शमी की चोट से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवालिया निशान लग गया है।

### आईपीएल का पहला मैचः चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स से भिड़ेगी

**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के शुरूआती मैच में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के सामने होगी। बीसीसीआई ने गुरुवार को टी-20 लीग के पहले 17 दिन के कार्यक्रम की घोषणा की। आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान अगले महीने के शुरू में लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद होगा। टूर्नामेंट के पहले 17 दिन 21 मैच खेले जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। 10 टीम को 5-5 के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप चरण में हर टीम 14 मैच खेलेगी। हर टीम अपने ग्रुप में अन्य चार टीम से दो बार घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर खेलेगी। वह दूसरे ग्रुप में चार टीम से 1-1 बार भिड़ेगी जबकि बची हुई दो टीम दो बार एक दूसरे का सामना करेंगी। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है। 2014 में आम चुनाव से स्वदेश और संयुक्त अरब अमीरात में इसे आयोजित किया गया था, लेकिन 2019 में चुनावों के बावजूद टूर्नामेंट भारत में कराए गए थे।

# लखनऊ को फिर मिली आईपीएल की मेजबानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** एक बार फिर इकाना स्टेडियम में आईपीएल के मुकाबले देखने को मिलेंगे। बीसीसीआई ने आईपीएल के पहले दो सप्ताह का शेड्यूल जारी किया, इसमें दो मैच अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला मैच 30 मार्च को लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होगा। दूसरा 7 अप्रैल को सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स में खेला जाएगा।

अप्रैल में संभावित लोकसभा के चुनाव को देखते हुए बीसीसीआई ने पहले चरण के 15 मुकाबलों का शेड्यूल जारी किया है। लखनऊ सुपर जायंट्स का होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम है। ऐसे में अभी 5 मैचों की मेजबानी लखनऊ को और मिलना है। इनका शेड्यूल बाद में जारी होगा। सुपर जायंट्स के खिलाड़ी 25 फरवरी से लखनऊ पहुंचने शुरू हो जाएंगे। स्टेडियम प्रबंधन ने मैच की तैयारी शुरू कर दी हैं। सुपर जायंट्स टीम प्रबंधन के अधिकारी भी जल्द स्टेडियम पहुंचेंगे। वे स्टेडियम को परखने के साथ मुकाबलों की रणनीति तैयार करेंगे। दस मार्च के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम लखनऊ पहुंच जाएगी।

### गली क्रिकेट के माध्यम से किया जाएगा प्रमोशन

लखनऊ में आईपीएल के मुकाबलों के साथ लखनऊ सुपरजायंट्स के प्रमोशन के लिए भी कई आयोजन होंगे, जिससे शहर में आईपीएल का माहौल बनाया जा सके। पिछले वर्ष की तरह टीम प्रबंधन इस बार भी टीम के खिलाड़ियों के साथ रोड शो, ड्रोन शो और आतिशबाजी का कार्यक्रम तैयार कर रहा है। लखनऊ सुपरजायंट्स प्रबंधन की ओर से प्रदेश के चार शहर लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और नोएडा में गली क्रिकेट के आयोजित करने की योजना है। इन शहरों में सुपरजायंट्स कप के तहत मुकाबले खेले जाएंगे। लखनऊ में गली क्रिकेट की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया हो रही है। जल्द ही आयोजन की तिथियां भी जारी कर दी जाएगी।

- **30 मार्च को लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से**
- **2 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने होगी गुजरात टाइटंस की चुनौती**

## खेल डायरी

### रोनाल्डो का गोल, अल नासर क्वार्टरफाइनल में



**एशियाई चैम्पियंस लीग**

**रियाद।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मदद से अल नासर क्लब ने अल फाहया पर कुल 3-0 की जीत से एशियाई चैम्पियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो के गोल से अल नासर ने पहले चरण के मैच में 1-0 से जीत हासिल की थी जबकि दूसरे चरण में उन्होंने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल किया। रोनाल्डो (86वें मिनट) और ओटाविओ (17वें मिनट) के गोल की मदद से अल नासर ने दूसरे चरण में 2-0 से जीत दर्ज की। अब अल नासर की निगाहें पहले महाद्वीपीय खिताब पर लगी हैं और अगले महीने क्वार्टरफाइनल में उसका सामना संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन क्लब से होगा।


### स्वियातेक, रयबाकिना और गॉफ क्वार्टर फाइनल में

**दुबई।** कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई। अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को हराया। इगा स्वियातेक ने एलिना स्वितोलिना को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को हराया। स्वियातेक का अगला मुकाबला क्वीनवेन झेंग से होगा।

### पूनाचा ने एटीपी चैलेंजर में नागल को हराया

**पुणे।** भारत के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा ने गुरुवार को शीर्ष वरीय और हमवतन सुमित नागल को हराकर उलटफेर करते हुए एटीपी चैलेंजर 100 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पूनाचा ने नागल को शिकस्त दी और क्वार्टरफाइनल में शशिकुमार मुकुंद के साथ शामिल हो गए। पाकिस्तान के खिलाफ हाल में डेविस कप में पदार्पण करने वाले पूनाचा का सामना आस्ट्रेलिया के डेव स्वीनी से होगा जिन्हेंने पोलैंड के माक्स कासिनोवस्की को हराया। भारत की दो जोड़ियों ने युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान की जोड़ी ने जर्मनी के जैकब श्नैटर और मार्क वॉलनर को हराया।

### फोनसेका ने रियो ओपन में एटीपी टूर मैच जीता



**रियो डी जिनेरियो।** ब्राजील के 17 वर्षीय जोआओ फोनसेका ने रियो ओपन में सातवें वरीय आर्थस फिल्स को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी, जिससे वह 2006 में पैदा हुए एटीपी टूर स्तर का मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। पिछले साल अमेरिकी ओपन में लड़कों का एकल खिताब जीतने वाले फोनसेका की रैंकिंग अभी 655 है और फिल्स को हराने के बाद उनके करीब 200 स्थान की छलांग की उम्मीद है। वह राउंड 16 में चिली के क्रिस्टियन गारिन से भिड़ेंगे। अर्जेंटीना के चौथे वरीय फ्रांसिस्को सेरूंडोलो ने स्पेन के एलबर्ट रामोस विनोलास को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार के मेजर विजेता स्टान वावरिंका को अर्जेंटीना के फाकुंडो डायज अकोस्टा से सीधे सेटों में हार मिली जबकि जर्मनी के यानिक हैन्फमैन ने चिली के निकोलास जारी को तीन सेट में हराकर बाहर कर दिया। गुरुवार को बारिश के कारण खेल रोक दिया गया।

# भारत जीत तो इंग्लैंड वापसी को करेगा संघर्ष

## भारतीय टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे, घर में करती आ रही बेहतर प्रदर्शन

रांची, एजेंसी

तेज गेंदबाज बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत शुक्रवार से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में भी इंग्लैंड की बैजबॉल शैली को धत्ता बताकर 5 मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत अभी श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी निगाह घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं श्रृंखला जीतने पर लगी हैं।

2012 में एलिस्टर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अपनी धरती पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है। उसके बाद उसने खेले 47 टेस्ट में 38 जीते हैं। इस बीच उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ही हारना पड़ा। विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के युवा बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वह यशस्वी जायसवाल हो या सरफराज खान। जायसवाल ने पहले तीन मैच में 545 रन बनाए हैं जिसमें दो दोहरे शतक हैं। सरफराज ने नागपुर में पहले टेस्ट मैच में ही दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए। शुभमन गिल ने भी तीसरे नंबर पर अपने पांव जमा लिए हैं। श्रृंखला में अब तक सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाले बुमराह को विश्राम दिया गया है। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है और तब बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे लेकिन अभी टीम में मोहम्मद सिराज सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज है। सिराज के साथ बंगाल के मुकेश कुमार और आकाशदीप में से किसी एक को चुना जा सकता है। मुकेश कुमार अधिक अनुभवी हैं और उन्होंने हाल में रणजी ट्रॉफी मैच में 10 विकेट के लिए थे। वह दूसरे टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें उन्होंने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 12 ओवर करके एक विकेट लिया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन मुकेश पर विश्वास बनाए रखना है या आकाशदीप को पदार्पण का मौका देता है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो यहां की पिच की प्रकृति को देखते हुए टीम में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर रखना सही होता है। इंग्लैंड ने टॉम हार्टली के साथ ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को अंतिम एकादश में शामिल किया है। वह लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह लेंगे। तीसरे स्पिनर की भूमिका जो रूट निभाएंगे। रूट बल्लेबाजी में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने अब तक केवल 77 रन बनाए हैं जबकि इससे अधिक ओवर (107) किए हैं। संभावना है कि भारत 2 तेज गेंदबाज और 3 स्पिनरों के साथ उतरेगा। ऐसे में अक्षर पटेल की वापसी की संभावना नहीं है। यह तय है कि भारतीय टीम रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के साथ ही मैदान पर उतरेगी। इस मैदान पर आखिरी टेस्ट 2019 में खेला गया था और तब मोहम्मद शमी और उमेश यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 विकेट लिए थे जबकि भारतीय स्पिनरों को 8 विकेट मिले थे। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इंग्लैंड बैजबॉल शैली में बल्लेबाजी करने की अपनी रणनीति पर कायम रहता है या नहीं। हैदराबाद में पहले टेस्ट मैच में उसकी यह शैली सही साबित हुई थी लेकिन अगले दो मैच में उसके बल्लेबाजों का आक्रामक अंदाज टीम को भारी पड़ा था।





राची स्टेडियम में पिच की जांच करते भारतीय टीम के सदस्य। (ऊपर) मैदान पर अभ्यास के दौरान आपस पर विचार विमर्श करते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप।

**मैच सुबह 9.30 बजे।**

### इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, बेन फॉक्स, टॉम हार्टली, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन।

### मैंने ऐसी पिच पहले कभी नहीं देखी : स्टोक्स



**रांची।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने चौथे टेस्ट के लिए तैयार की गई पिच को लेकर कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी। मैच से पहले हालांकि पिच को लेकर चर्चा बनी हुई है जिसमें दरार पड़ी हुई हैं। स्टोक्स ने कहा कि यह देखने में दिलचस्प लग रही है। मैं इस तरह की पिच के बारे में नहीं जानता इसलिए अधिक कुछ नहीं कह सकता हूं। मैंने इससे पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी इसलिए मुझे किसी तरह का अंदाजा नहीं है। मैं नहीं जानता कि यह किस तरह का व्यवहार करेगी। ड्रेसिंग रूम से देखने पर इसमें घास नजर आती है लेकिन जब आप पास जाते हो तो यह पूरी तरह से भिन्न दिखती है। इसमें कुछ दरारें नजर आती हैं।

### स्टोक्स ने अपनी गेंदबाजी पर संदेह रखा

**रांची।** बेन स्टोक्स ने नेट पर गेंदबाजी के कड़े अभ्यास से भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में गेंदबाजी करने की उम्मीद बढ़ा दी हैं लेकिन इंग्लैंड के कप्तान ने बतौर गेंदबाज अपनी उपलब्धता पर संदेह कायम रखना सही समझा। घुटने की समस्या से स्टोक्स पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट से बाद से बतौर बल्लेबाज ही खेल रहे हैं। लेकिन भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर उन्हें पूरी शिद्दत से गेंदबाजी करते हुए देखा गया। मैच में उनके गेंदबाजी की संभावना के बारे में पूछने पर स्टोक्स ने कहा कि ना, मुझे लगता है कि ऐसा हो सकता है और शायद नहीं भी। इंग्लैंड के लिए दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकता है, जिससे उन्हें लंबी कद काठी के ओली रोबिन्सन को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा, हालांकि रांची की पिच के स्पिनरों के मददगार होने की उम्मीद है।

## डब्ल्यूपीएल में मुंबई और दिल्ली होंगे आमने-सामने, युवाओं पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी



मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और पिछली बार के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को होने वाले मैच से दूसरे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगाज होगा जिसमें युवा खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में हुआ था लेकिन इस बार बेंगलुरु और नई दिल्ली में आयोजन होगा। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं लेकिन डब्ल्यूपीएल में टीम का काफी दारोमदार इस अनुभवी बल्लेबाज पर टिका रहेगा। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए थे जबकि मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 16 विकेट लिए थे। टूर्नामेंट में विदेशों की कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगी जिनके बीच भारत की युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखरने की कोशिश करेंगी।

## शुरू में ही सफलता हासिल कर रहे हैं भारतीय युवा : राठौड़

रांची, एजेंसी



यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शुरू में ही सफलता हासिल की है और भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने इसका श्रेय देश के मजबूत घरेलू ढांचे को दिया।

मुंबई के 22 वर्षीय जायसवाल ने अभी तक केवल 6 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन उनके नाम पर दो दोहरे शतक दर्ज हैं। सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और दोनों पारियों में अर्धशतक जमाए। राठौड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि यह टीम के लिए अच्छा है और उनके लिए भी बेहतर है। जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं तो दबाव होता है लेकिन अगर आपकी शुरुआत अच्छी रहती है तो इससे बेहतर और कुछ नहीं होता है। उन्होंने कहा कि टीम में जो युवा खिलाड़ी आए हैं उन्होंने अच्छी शुरुआत की है और यह अच्छा एहसास है। उनमें क्रिकेट की अच्छी समझ है जो बहुत अच्छा संकेत है। घरेलू क्रिकेट से यह बहुत अच्छा संदेश मिल रहा है कि नए खिलाड़ी क्रिकेट को लेकर अच्छी समझ रखते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में विराट कोहली नहीं खेल रहे हैं जबकि केएल राहुल भी एक मैच खेलने के बाद चोटिल होने के कारण बाहर हैं। राठौड़.ने कहा कि हमारा शुरू से ही मानना था कि हमारा घरेलू क्रिकेट काफी मजबूत है और जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आएगा वह अच्छा प्रदर्शन करके ही आएगा। मैं नहीं जानता कि जब केएल राहुल और विराट कोहली वापसी करेंगे तो तब क्या होगा। यह अभी चिंता का विषय नहीं है। भारतीय बल्लेबाजी कोच ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया जो अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# बॉलीवुड हलचल

## डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं हाशमी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है वह डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 बना रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका होगी। चर्चा थी कि 'डॉन 3' में इमरान हाशमी विलेन का रोल निभाते दिखाई देंगे। हाशमी ने सोशल मीडिया पर साफ कर दिया है कि उन्हें इस फिल्म के लिए कभी ऑफर नहीं आया। इमरान हाशमी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट में लिखा,फैंस और जर्नलिस्ट्स के लिए, जो पूछ रहे थे थे, मैं कभी डॉन 3 का हिस्सा नहीं था। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनायी गयी है।शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है।

### 'शैतान' का ट्रेलर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विकस बहल निर्देशित शैतान में अजय देवगन,आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है।फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आर माधवन मेहमान बनकर अजय देवगन के घर पर पहुंचते हैं और उनकी बेटी को काली शक्तियों से अपने बस में कर लेते हैं। मगर बाद में अजय को उनकी शैतानी शक्तियों के बारे में पता चल जाता है। 'शैतान' 08 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।अजय देवगन इस फिल्म के निर्माता भी हैं। उन्होंने ज्योति देशपांडे और कुमार मंगत पाठक के साथ मिलकर फिल्म शैतान का निर्माण किया है।

## फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका




रसिका दुग्गल मनोरंजन जगत के प्रभावशाली चेहरों में से एक हैं और उन्होंने सिनेमा और छोटे परदे पर अपनी जगह बनाई है। वह अब निर्देशक करण गौर की फिल्म 'फेयरी फोल्क' में अभिनय कर रही हैं, जो 1 मार्च को भारतीय सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म पहले ही सिडनी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, मामी (मुंबई), और मेलबर्न भारतीय फिल्म महोत्सव में व्यापक प्रशंसा जीत चुकी है और अब मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता, और बेंगलुरु में दिखाई जाएगी। यह पहली बार है जब रसिका पति मुकुल चड्ढा के साथ काम कर रही हैं। फिल्म में ये दोनों अजीबोगरीब स्थिति में फंस जाते हैं जब एक लिंगहीन व्यक्ति उनके जीवन में प्रवेश करता है और उसे उलट-पलट देता है। रसिका कहती है कि फिल्म में 'मैजिक रिअलिस्म' का अंश है और वो एक असामान्य दृष्टिकोण से मानव संबंधों का अन्वेषण करती है। ये एक ऐसी फिल्म थी जिसे हमने बिना रिहर्सल किए शूट किया। कहानी के अनुसार ही हर दृश्य फिल्माया गया, आमतौर पर फिल्में क्रम से शूट नहीं होती और अभिनेता को याद रखना होता है कि हफ्तों/महीनों पहले कौन से दृश्य में क्या हुआ था। बहुत बार, आपको बाद के दृश्य पहले फिल्माने पड़ते हैं, लेकिन 'फेयरी फोल्क' में हमें मालूम था कि पिछले सीन में कैसे चीज़ें घटित हुईं और इसलिए अभिनेत्री के रूप में मैंने इस अनुभव का बहुत आनंद लिया। अपने चरित्र को समझने के नए, दिलचस्प तरीके ढूंढ़ने में भी मदद मिलती है। वे कहती हैं, ऐसी फिल्में आपको मौका देती हैं कि आप अभिनय के साथ नए प्रयोग करें। आपको कलाकार के रूप में नई शैलियों के साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। अपने पति मुकुल चड्ढा के साथ काम करने के बारे में, रसिका कहती हैं कि मुकुल और मैं पहले भी एक दूसरे की प्रतिभा और शैली से अवगत थे , इसलिए हमें पता था कि हम कैसे साथ में काम करेंगे। 'फेयरी फोल्क' का निर्माण इम्पाथिया फिल्म्स, अनुकम्पा हर्ष के बलावला सिनेमा, और टिम्बक्टू फिल्म्स द्वारा किया गया है (नायक नकुल मेहता, अलेख संगल और फिल्मकार अजय सिंह द्वारा समर्थित)। फिल्म का पार्श्व संगीत निर्देशक ने ही रचा है. उन्होंने 'तितली,' 'हरामखोर,' 'डियर डैड,' और 'आगरा' जैसी फिल्मों में भी संगीत दिया था।

## फिल्म रंगीला का गाना 'हाया रामा' उर्मिला के दिल के करीब



**मुंबई।** अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बताया है कि फिल्म रंगीला का गाना हाय रामा उनके दिल के बेहद करीब है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का गायन रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 14', उर्मिला मातोंडकर का स्वागत करेगा, जिसमें प्रतियोगी इस विशेष एपिसोड में टॉप 6 में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगी सुभादीप दास चौधरी और अनन्या पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म रंगीला में सुभादीप की प्रस्तुति हाय रामा और अनन्या की तन्हा तन्हा और रंगीला रे की मनमोहक प्रस्तुति ने उर्मिला को आश्चर्यचकित कर दिया। उर्मिला मतोडकर ने हिट गीत 'हाय रामा' के बारे में बताया, यह एक बहुत ही मुश्किल गाना है, और यह मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। मुझे यह दिलचस्प लगता है कि ए. आर. रहमान, जो स्वयं उस्ताद हैं, ने एक सहज धुन को रचना में शामिल कर लिया, जिसे हरिहरन सर एक बार सुनने के बाद ही रिहर्सल कर रहे थे। यह संगीतकारों, गायकों, रचनाकारों और एक्टरों के सहयोगात्मक प्रयासों का प्रमाण है जो इस तरह के जादू को जीवन में लाते हैं।

### होली के अवसर पर रिलीज होगी रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता होली के अवसर पर रिलीज होगी। अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्मों में कम बैक करने जा रही हैं। रानी चटर्जी ,दिलीप गुलाटी निर्देशित फिल्म बदला गंगा गीता से कमबैक कर रही हैं। फिल्म बदला गंगा गीता में रानी चटर्जी के साथ प्रेम सिंह, रवि यादव, मनोज द्विवेदी, जीतू शुक्ला, पप्पू यादव, सागर पांडेय, रमज़ान, आशा लता चौहान, अमित गौड़, पूनम चोपड़ा, जतिन तिवारी ने भी अभिनय किया है। फिल्म गंगा और गीता को सेंसर सर्टिफिकेट मिल चुका है और यह फिल्म आगामी होली पर रिलीज करने की तैयारी है। लेखक-निर्देशक दिलीप गुलाटी ने बताया, फिल्म बदला गंगा गीता का एक जबरदस्त एक्शन फिल्म है और इसे सेंसर से यूए सर्टिफिकेट मिला है जो काफी सराहनीय है। फिल्म को हर वर्ग के दर्शक, हर उम्र के लोग देख सकते हैं। फिल्म के निर्माता कोमल हैं। वहीं संगीत अमन श्लोक ने दिया है, गीत दिल दिलीप ने लिखा है, वहीं फिल्म का छायांकन अनील ढांडा ने किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### उत्तर भारत में कल से 27 फरवरी तक बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में एक बार फिर से पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता होने वाली है। यह सक्रियता कल से 27 फरवरी तक बनी रहेगी। विभाग के मुताबिक चार दिनों तक बने रहने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' (पश्चिमी विक्षोभ) का व्यापक असर पड़ने वाला है। वैज्ञानिकों के मुताबिक दो दिन बाद आने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' की सक्रियता का कितना असर पड़ने वाला है, इसका अध्ययन किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि इस दौरान उत्तर पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक बार फिर से जमकर बारिश और बर्फबारी होगी। पिछले हफ्ते सक्रिय रहे पश्चिमी विक्षोभ से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में अभी भी लगातार बर्फबारी और बारिश हो रही है।

### वेनेजुएला में अवैध सोने की खदान ढही, 15 की मौत, दर्जनों फंसे

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला में अवैध रूप से संचालित सोने



की खदान ढहने से करीब 15 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आधिकारिक बयानों के मुताबिक खदान के अंदर कितने लोग अभी दबे हुए हैं, इसके बारे में सटीक जानकारी देना अभी संभव नहीं है। घटना को लेकर दिए गए आधिकारिक बयान में बताया गया है कि मौके से अब तक करीब 15 शवों को बाहर निकाला गया है। वहीं करीब 11 लोग घायल हैं। हादसे के तुरंत बाद से राहत एंव बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था, जो अभी भी जारी है।

### मंगोलिया में कड़ाके की ठंड से 15 लाख से ज्यादा पशुओं की मौत

**उलान बतोर।** मंगोलिया में कड़ाके की ठंड की चपेट में आने से पशुओं की संख्या 15 लाख से ज्यादा हो गई है। मंगोलिया के राज्य आपातकालीन आयोग (एसईसी) ने गुरुवार ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों के अनुसार ठंड के कारण पूरे देश में कम से कम 15 लाख से ज्यादा पशुओं की मौत हो चुकी है। मौसम निगरानी एजेंसी के अनुसार, 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है। विश्व के अंतिम जीवित खानाबदोश देशों में से एक, मंगोलिया ने हाल ही में कठोर सर्दियों और पशुधन के नुकसान के कारण अपनी आपदा तैयारियों को हाई अलर्ट कर दिया है।

### अमेरिका: भारतीय छात्रों से वाणिज्य दूतावास के अफसरों ने की बातचीत

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने देश में रह रहे भारतीय छात्रों के साथ वर्चुअल बातचीत की। राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन के नेतृत्व में हुई बातचीत में लगभग 150 भारतीय छात्र संघ के पदाधिकारियों और 90 अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें अटलांटा, शिकागो, ह्यूस्टन, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत भी शामिल हुए। अमेरिका में कुछ भारतीयों और भारतीय छात्रों की हाल में हुई मौतों की पृष्ठभूमि में यह बैठक महत्वपूर्ण है।

# 11 माह पहले पारित आदेश संशोधित मैतेई समुदाय एसटी सूची से बाहर

● 27 मार्च, 2023 को हाईकोर्ट ने किया था पारित, इस आदेश से मणिपुर में मैतेई और कुकी के बीच हुआ था जनजातीय संघर्ष

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची से बाहर रखने का फैसला लिया है। चीफ जस्टिस और न्यायमूर्ति गोलमेई गाइफुलशिल्लू की पीठ ने पुराने आदेश को संशोधित करते हुए साफ किया कि 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश का पैराग्राफ 17 (3) हटाया जा रहा है। बता दें कि लगभग 11 महीने पहले पारित इस आदेश में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के बाद उपजे विवाद के कारण मणिपुर के कई हिस्सों में मैतेई और कुकी आदिवासी समुदाय के बीच जनजातीय संघर्ष हुआ था।

गौरतलब है कि मार्च, 2023 में मणिपुर हाईकोर्ट के तत्कालीन कार्यवाहक चीफ जस्टिस एमवी मुरलीधरन की पीठ ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। अप्रैल में आदेश की प्रति सार्वजनिक होने के बाद मणिपुर के कई हिस्सों में जमकर हिंसा भड़की थी। हाईकोर्ट के फैसले को संशोधित करने का आदेश देते हुए चीफ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की पीठ ने बुधवार, 21 फरवरी को पारित आदेश में कहा, 'अदालत इस बात से संतुष्ट है कि एकल न्यायाधीश की पीठ में 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश के पैराग्राफ 17 (3) में दिए गिए निर्देशों की समीक्षा जरूरी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने साफ किया कि एकल पीठ के निर्देश सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ है। खंडपीठ में संशोधन का निर्देश देते हुए न्यायमूर्ति गाइफुलशिलु ने कहा कि अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार ने प्रक्रिया निर्धारित की है। उन्होंने लगभग 11 महीने पहले पारित आदेश के पैरा 17 (3) में निहित हाईकोर्ट के निर्देश को हटाने पर जोर दिया। अदालत ने साल 2013-14 में जारी जनजातीय मामलों के मंत्रालय की रिपोर्ट में शामिल विस्तृत संवैधानिक प्रोटोकॉल का उल्लेख भी किया।

# हाईवे पर आपात हालात में 1033 या 108 पर मांगें मदद

*आजकल लोकल सड़क से लेकर बड़े-बड़े हाइवे सभी सुरक्षा के लिहाज से नजर हटी, दुर्घटना घटी वाली स्थिति में हैं। नेशनल हाईवे पर लोग लंबी-लंबी दूरी का सफर तय करते हैं, सफर करते समय सुरक्षा की दृष्टि से डर सा होता है, कि किसी गंभीर स्थिति में इस सड़क पर कौन मददगार बनेगा। लेकिन ऐसा नहीं है, बड़े-बड़े हाईवे पर यात्रा के समय भी आप निश्चिंत होकर यात्रा कर सकते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हाईवे पर मदद उपलब्ध कराता है। जानते हैं कैसे पा सकते हैं मदद...*

**24** घंटे हाईवे फैसेलिटी में टोल प्लाजा एम्बुलेंस पेट्रोल व्हीकल क्रेन सेवाएं है शामिल



### टोलबूथ की टैक्स रसीद पर होता है हेल्पलाइन नंबर

इसके अलावा आप जिस नेशनल हाईवे पर जा रहे हैं, वहां टोलबूथ पर पैसे देने के बाद जो रसीद मिलती है, उस पर भी चार फोन नंबर आगे-पीछे के हिस्से में मिलते हैं। इन फोन नंबर हेल्पलाइन, क्रेन सर्विस, एंबुलेंस सर्विस मिल सकती है।

हाईवे पर परेशानी से बचने का कोई जरिया ? एनएचएआई का राजमार्गयात्रा मोबाइल एप भी है। इससे यात्री रियल टाइम मौसम के हालात, समय पर प्रसारित सूचनाएं और नजदीकी टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप, अस्पताल, होटल और अन्य जरूरी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### आपात स्थिति में कैसे मिलेगी मदद

हाईवे पर सफर करते समय अगर वाहन खराब हो जाए, हादसा हो या मेडिकल इमरजेंसी हो तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी के हेल्पलाइन नंबर 1033 या 108 पर फोन कर सकते हैं। ये सेवा 24 घंटे चलती है। हाईवे फैसेलिटी में- टोल प्लाजा एम्बुलेंस, पेट्रोल व्हीकल, क्रेन या एंबुलेंस सेवा शामिल है। ये नंबर 24 घंटे सातों दिन काम करते हैं।

### 'राजमार्ग यात्रा मोबाइल' एप से मिलेगी मदद

राजमार्ग यात्रा एप पर रजिस्टर्ड शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटाया जाता है। ये विभिन्न बैंक पोर्टलों के साथ जुड़ा है, इस तरह यूजर्स के लिए फास्टैग को रिचार्ज करना सुविधाजनक बनाता है। सफर के दौरान हाइवे पर पड़ने वाले पर्यटन स्थल की जानकारी भी मिलती है। साथ ही ब्लैक स्पॉट कहां पर है, इसकी जानकारी भी मिलती है।

# चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी समिति चुनाव आयोग को सौंपेगी रिपोर्ट

## पाकिस्तान: उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित करने का था आरोप

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने रावलपिंडी में चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी कर ली है। समिति जल्द अपनी रिपोर्ट चुनाव निकाय को सौंपेगी। दरअसल, ये आरोप एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा लगाए गए हैं।

गौरतलब है, पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे। जिसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मची हुई है। तमाम संगठनों का आरोप है कि चुनावों में धांधली की गई। वहीं, 17 फरवरी को रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश आठ फरवरी के चुनावों में चुनाव धांधली में शामिल थे। इन आरोपों के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद जांच की मांग उठने लगी थी।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आरोपों की जांच के लिए रविवार को समिति का गठन किया था। लियाकत अली ने कहा था कि जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जीता हुआ घोषित किया गया। वहीं, पद से इस्तीफा देने से पहले उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के लिए गठित की गई ईसीपी की जांच समिति को तीन दिन का समय दिया गया था। समिति ने अपनी जांच तय समय में पूरी कर ली और जल्द चुनाव आयोग को रिपोर्ट सौंप देगी। एक अधिकारी के हवाले से कहा गया, 'समिति ने रावलपिंडी संभाग के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीआरओ) और रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) के बयान दर्ज किए हैं। डीआरओ और आरओ ने पूर्व आयुक्त के धांधली और परिणामों में हेरफेर के आरोपों से इनकार कर दिया है।

### इमरान समर्थित पीटीआई का तीन मार्च को संगठनात्मक चुनाव

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई



भले ही देश के आम चुनाव में भाग नहीं ले पाई हो, लेकिन पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने भारी संख्या में नेशनल एसेंबली का चुनाव जीता है। इमरान खान की संकटग्रस्त पार्टी अब तीन मार्च को नए सिरे से संगठनात्मक चुनाव करवाने जा रही है। इससे पहले पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पीटीआई के अंदरूनी चुनाव को रद्द कर दिया था। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पीटीआई ने घोषणा की है कि वह तीन मार्च को नए सिरे से पार्टी के अंदरूनी चुनाव करवाएगी। पार्टी के सदस्य शुक्रवार-शनिवार तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। पार्टी के चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच 25 फरवरी तक पूरी होगी और नामांकन पर फैसला 27 फरवरी तक किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीटीआई के संगठनात्मक चुनावों के लिए वोटिंग पार्टी के केंद्रीय सचिवालय समेत देश के सभी चार प्रांतों में पीटीआई कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैरिस्टर गौहर अली खान को अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है, जबकि रऊफ हसन पार्टी चुनाव के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। पीटीआई ने चुनाव आयोग के निर्देश पर पिछले साल दिसंबर में पार्टी के अंदर एक अंदरूनी चुनाव करवाया गया था, जिसमें गौहर खान को पार्टी अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। कोर्ट ने पार्टी के चुनाव को रद किया था। हालांकि, इसके बाद कुछ असंतुष्ट पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पार्टी के चुनाव को चुनौती दे दी और अदालती लड़ाई के बाद चुनाव को रद्द कर दिया गया था।

# तस्करों को पकड़ने गई पुलिस पर हमला 1 घायल, 3 गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस लगातार नशीली दवाओं के तस्करों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। इसी सिलसिले में ठाणे जिले भयंदर इलाके में नशीली दवाओं के कारोबार की सूचना के बाद तलाशी के लिए पुलिस की टीम वहां पहुंची। इस दौरान अचानक भीड़ ने सर्च ऑपरेशन के लिए आई टीम पर हमला बोल दिया। गुरुवार को पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी दी।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना धावगी इलाके में हुई। जहां नशीली दवाओं के तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गई थी। इस दौरान अचानकर भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। घटना के बाद पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि इस हमले में टीम में मौजूद महिला कांस्टेबल को चोट आई, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं। उत्तान सागरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि 15 से 20 लोगों के एक समूह ने मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की एक पुलिस पार्टी पर हमला किया। जब वह एक गुप्त सूचना के आधार पर ड्रग तस्करों को पकड़ने के लिए रात नौ बजे के आसपास उनके इलाके में गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट में अब न्याय के साथ-साथ इलाज भी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का सीजेआई ने किया उद्घाटन

सुप्रीम कोर्ट परिसर में अब लोगों को न्याय के साथ-साथ इलाज भी मिल सकेगा। गुरुवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत के परिसर में आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया।

सीजेआई ने कहा, 'मेरे लिए यह पल काफी संतोषजनक है। मैं तब से इस पर काम कर रहा हूं जब से मैंने सीजेआई के रूप में पदभार संभाला है। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक रहा हूं। हमारे पास 2000 से अधिक कर्मचारी हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें न केवल न्यायाधीशों और उनके परिवारों, बल्कि स्टाफ सदस्यों के जीवन जीने के तरीके को देखना चाहिए। मैं आयुष के सभी डॉक्टरों का बहुत आभारी हूं। हम इसे सर्वोच्च न्यायालय और इसके माध्यम से पूरे देश के लिए अनावरण कर रहे हैं। इतना ही नहीं सीजेआई चंद्रचूड़ ने पीएम मोदी के फोन का एक वाक्या साझा किया। उन्होंने बताया, 'मैं कोरोना के बाद से ही आयुष से जुड़ा हुआ हूं। मुझे कोविड हुआ था, तब मेरी हालात काफी खराब थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे फोन किया और कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि मुझे एहसास है कि आपकी तबियत सही नहीं है, लेकिन हम सब कुछ करेंगे। एक वैद्य हैं, जो आयुष में सचिव भी हैं। उनके साथ आपकी बात करवाऊंगा। वह आपको दवा देंगे।

सीजेआई ने कहा, 'जब मैं कोविड से पीड़ित था, उस समय मैंने आयुष से दवा ली थी। दूसरी और तीसरी बार जब मुझे कोविड हुआ, मैंने कोई एलोपैथिक दवा नहीं ली। मैं सभी न्यायाधीशों, उनके परिवारों और उच्चतम न्यायालय के 2000 से अधिक स्टाफ सदस्यों के बारे में बहुत चिंतित हूं क्योंकि उन्हें न्यायाधीशों के समान सुविधाएं नहीं मिलती हैं। मैं चाहता हूं कि उनके पास जीवन जीने का एक समग्र तरीका हो।

## बर्फबारी का आनंद लेते सैलानी...



**श्रीनगर :** फोटो जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग की है। जहां पिछले 48 घंटों से भारी बर्फबारी हो रही है। सैलानी बर्फबारी का आनंद ले रहें हैं। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल सहित अन्य पहाड़ी इलाकों में मौसम की दूसरी भारी बर्फबारी हो रही है। इस बीच, कश्मीर घाटी को जोड़ने वाले राजमार्ग मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड, श्रीनगर-लेह रोड सहित कई मार्ग पूरी तरह से बंद है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी का सिलसिला जारी है। इसके कारण राज्य की 405 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। सिक्किम में भारी बर्फबारी से भारत-चीन सीमा पर फंसे 500 पर्यटकों को भारतीय सेना के जवानों ने बचा लिया है। ● एजेंसी



# मंदिरों पर 10% टैक्स लगाएगी कर्नाटक सरकार, विधेयक पास

**बेंगलुरु, एजेंसी**

● विधानसभा में हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पारित, फैसले से भड़की भाजपा

कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' पारित हो गया। इस विधेयक में हिंदू मंदिरों के राजस्व पर 10 फीसदी टैक्स लगाने का प्रावधान किया गया है। इस पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है और कांग्रेस सरकार को हिंदू विरोधी बताया है।

कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने सरकार के इस विधेयक पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हिंदू मंदिरों के पैसों से अपना खाली खजाना भरना चाहती है। विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा 'कांग्रेस सरकार राज्य में लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है और अब उनकी नजर हिंदू मंदिरों पर है। कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' अपने खाली खजाने को भरने के लिए पारित किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार मंदिरों की एक करोड़ से ज्यादा की कमाई पर 10% टैक्स लगाएगी, ये और कुछ नहीं गरीबी है। श्रद्धालुओं द्वारा दिया जाने वाला चंदा मंदिरों के पुनर्निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने में इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अगर ये किसी अन्य उद्देश्य से आवंटित किया जाता है तो ये लोगों की आस्था के साथ धोखा होगा।

# यूएन पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था पर फिर भड़के जयशंकर बोले-बहुपक्षीय समाधान नहीं मिल रहे

नई दिल्ली में वैश्विक कूटनीतिक विमर्श के कार्यक्रम रासीना डायलॉग 2024 का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शिरकत की। जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर सधे हुए शब्दों में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियों को उजागर किया और आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र आज भी पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही संचालित हो रहा है।

जयशंकर ने कहा कि 'जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था तो उस वक्त इसके करीब 50 सदस्य थे। आज इसके चार गुना ज्यादा सदस्य देश हैं। ऐसे में ये स्वभाविक बात है कि संयुक्त राष्ट्र पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता। अगर पिछले पांच वर्षों को देखें तो कई बड़े मुद्दे हैं, जिनका हम बहुपक्षीय समाधान नहीं निकाल सके हैं। नतीजे नहीं मिल रहे हैं, तभी सुधार की मांग उठ रही है। कई मामलों में नियमों के साथ खिलवाड़ हुआ है। हम वैश्वीकरण की बात करते हैं, लेकिन तथ्य ये है कि वैश्विक व्यापार के नियमों में भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आज हमारे सामने कई चुनौतियां हैं और हम ये भी जानते हैं कि कैसे देश अपने फायदे के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियां गिनाते हुए कहा कि 'कई मामलों में हम बीच का रास्ता नहीं निकाल सके। पुराने मुद्दों के अलावा, नए मुद्दे भी हैं। कनेक्टिविटी, कर्ज, व्यापार आदि मुद्दे भी हैं और कैसे इनसे फायदा उठाया जा रहा है। ये जरूरी नहीं है कि ये सब कुछ पश्चिमी देश कर रहे हैं, लेकिन शुरुआत में पश्चिमी देशों का ही संयुक्त राष्ट्र में दबदबा था और आज जो स्थिति है, उसके लिए पश्चिमी देश भी जिम्मेदार हैं। संयुक्त राष्ट्र के जो नए सदस्य बन रहे हैं, उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बात करें तो वहां सबसे बड़े विरोधी पश्चिमी देश नहीं है। ऐसे में यह एक समग्र समस्या है और हमें बदलाव के लिए धीरे-धीरे संघर्ष करना होगा।

# चीन के जाल में फंसा मालदीव भेजा जासूसी पोत, भारत चिंतित

**माले, एजेंसी**

● अमेरिकी थिंक-टैंक ने लगाया आरोप, चीनी अनुसंधान पोत हिंद महासागर से कर रहा डाटा एकत्र



चीन का समुद्री अनुसंधान जहाज हिंद महासागर में लगभग एक महीना बिताने के बाद गुरुवार को मालदीव के पास पहुंच गया। इस जहाज को जासूसी जहाज बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि, चीनी अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 उसी दिन मालदीव पहुंचा है जब भारतीय और श्रीलंकाई जहाज त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के लिए इस द्वीपसमूह पर पहुंचे। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाज की आवाजाही के बारे में भारत पहले ही चिंता जता चुका है। अमेरिकी थिंक-टैंक ने आरोप लगाया है कि चीन के अनुसंधान जहाजों का बेड़ा सैन्य उद्देश्यों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र सहित महासागरों से डाटा एकत्र कर रहा है। हालांकि बीजिंग ने आरोप से इनकार किया है। दुनिया भर में सभी समुद्री जहाजों पर नजर रखने वाली समुद्री यातायात वेबसाइट के हवाले से बताया कि जियांग यांग होंग 03 गुरुवार सुबह माले शहर के करीब दिखा, वहीं दोपहर में यह थिलाफुशी के पास था। चीनी अनुसंधान जहाज ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन की यात्रा समाप्त होने के बाद 14 जनवरी को यात्रा शुरू की थी। मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद यह गुरुवार को माले के पास पहुंचा। दावा किया गया कि जहाज 22 जनवरी से ट्रैकिंग साइटों पर दिखाई नहीं दे रहा था।

**विज्ञान** दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से करेंगे आगाह

# जलवायु परिवर्तन को लेकर नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** दिन पर दिन गंभीर होते जा रही जलवायु परिवर्तन की समस्या पर नजर रखने के लिए नासा एक साथ दो अंतरिक्ष यान पृथ्वी के अंतिम छोर पर पहुचाने जा रहा है। दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से आगाह करेंगे। दोनों मिशन जल्द लॉन्च किए जाएंगे।

वर्तमान समय जलवायु परिवर्तन के खिलाफ गंभीर लड़ाई का है। भले ही नासा इस दिशा में सक्रिय प्रयास कर रहा है, लेकिन दुनिया के अन्य देशों को भी इसमें अपने शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। नासा के अनुसार पिछले 20 साल के अंतराल में जलवायु परिवर्तन में बड़ा असर देखने को मिला है। जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक तेजी से बढ़ रहे हैं।



नासा ध्रुवों पर इस तरह से लॉन्च किए जाएंगे उपग्रह।

जिसका विपरीत असर दुनिया के सभी देशों में देखने को मिल रहा है। इस वैश्विक समस्या पर नजर रखने के लिए फार-इन्फ्रारेड एक्सपेरिमेंट (प्रीफायर) उपग्रह लॉन्च करने जा रहा है। यह दो उपग्रह होंगे, जिन्हें अगले माह लॉन्च कर दिया जाएगा। 470 से 650 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचकर दोनों अंतरिक्ष यान वायुमंडल में एक-दूसरे को पार करते हुए निकट-ध्रुवीय कक्षाओं में स्थापित किए जाएंगे। इस मिशन से पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से होने वाली गर्मी के पूर्ण वातावरण को मापा जा सकेगा। पहली बार यह प्रयोग किया जा रहा है, जो जलवायु से संबंधित सटीक जानकारी देने में सक्षम होगा।

### ध्रुवों की जलवायु की जानकारी अभी भी अधूरी

ध्रुवों की जलवायु को लेकर हमारी जानकारी अभी भी अधूरी है, जबकि हमारे वातावरण में कई तरह का मापन इन्ही क्षेत्रों को आधार माना जाता है। उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों में विकिरण का असर भी देखने को मिलता है। ध्रुवीय क्षेत्र मानवीय दखल से अभी भी दूर हैं। जिस कारण पृथ्वी के ध्रुव आज भी स्वच्छ माने जाते हैं, लेकिन जलवायु में तेजी से आ रहे बदलाव से संभवत: ध्रुव भी अछूते नही रह सकते। जिस कारण इनकी निगरानी अधिक जरूरी हो गई है।

# भू-राजनैतिक मुद्दों का रचनात्मक समाधान जरूरी: वी मुरलीधरन

**रियो डि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी**



● जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत की दो टूक

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने ब्राजील में आयोजित जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में उन्होंने कहा, भारत ने साफ किया कि दुनिया के कई देशों को प्रभावित करने वाले भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान रचनात्मक तरीके से किया जाना चाहिए।

बता दें कि कुछ महीने पहले भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों का सम्मेलन आयोजित हुआ था। अब इसकी अध्यक्षता ब्राजील कर रहा है। भारत ने विदेश मंत्रियों की बैठक में दो टूक कहा, 'दुनियाभर में टकराव की कई घटनाएं चिंता पैदा कर रही हैं। ऐसे में यह समझना बेहद जरूरी है कि भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान काफी रचनात्मक तरीके से किया जाए। भारत ने जी-20 देशों के मंत्रियों की बैठक में जटिल मुद्दों पर आम सहमति बनाने पर भी जोर दिया।

गौरतलब है कि भारत ने ब्राजील को जी-20 देशों की अध्यक्षता एक दिसंबर, 2023 को सौंपी। रियो डि जेनेरियो में जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक आयोजित की गई। बुधवार को उद्घाटन के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की गई। अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 देशों की भूमिका पर केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं पर बात की।